CMYK
www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com
35
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
बिलासपुर, सोमवार, 16 जून 2025 । वर्ष – 35 । अंक – 47 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु.




यूएन में गाजा पर मतदान से भारत की दूरी चिंता की बात : पवन खेड़ा — पृष्ठ 3
■ इजराइल दुनिया को एक बड़े युद्ध में झोंकने की तैयारी में!
■ 'स्टार्टअप्स' के लिए जरूरी है, समझ की तब्दीली — पृष्ठ 4
■ अमेरिका इजरायल को हवाई स्पेस का उल्लंघन करने से रोके : इराक
■ अगर हम पर हमला हुआ, तो अमेरिकी सेना पूरी ताकत के साथ टूट पड़ेगी : ट्रंप — पृष्ठ 9
क्रिकेट हमारे और देश के लोगों के लिए बहुत मायने रखता है : कॉनराड — पृष्ठ 10

# उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटना, सात की मौत

■ केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह हुआ हादसा
■ हादसे के बाद चार धाम यात्रा हेलिकॉप्टर सर्विस रोकी गई
■ श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से उड़ान भरी थी



**रूद्रप्रयाग/देहरादून**, 15 जून (देशबन्धु)। केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह करीब 5:20 बजे हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट समेत सभी 7 यात्रियों की मौत हो गई। मरने वालों में महाराष्ट्र का 2 साल का बच्चा भी शामिल है।हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि घाटी में बादल थे और विजिबिलिटी ठीक नहीं थी, फिर भी हेलीकॉप्टर उड़ाया गया। यह आर्यन एविएशन कंपनी का था।

**सख्त नियम बनाए जाएंगे**

हादसे के बाद चार धाम यात्रा हेलिकॉप्टर सर्विस पर रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सर्विस के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएंगे। इसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य होगा। इधर, जंगलचट्टी के पास खड्ड में मलबा और पत्थर गिरने से श्री बाबा केदारनाथ धाम जाने वाला रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम जाने वाले रूट को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। हेलीकॉप्टर में यूपी-महाराष्ट्र के 2-2 और उत्तराखंड, गुजरात के 1-1 यात्री ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूटा, 6 की मौत, कई बहे

**पुणे**। महाराष्ट्र के पुणे जिले के मावल तहसील के कुंडमाला गांव के पास में रविवार को दोपहर 3:30 बजे इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों के मुताबिक 38 लोग लापता हैं। हादसे में 6 लोगों की मौत की खबर है। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस वक्त हुआ, जब कई लोग नदी के तेज बहाव को देखने के लिए खड़े थे। पुणे से कुंडमाला की दूरी 30 किमी है। यह जगह मुंबई ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



# कोंडागांव में 308 करोड़ की लागत से बनेगा फोर-लेन केशकाल बाईपास

**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा 307.96 करोड़ रुपए की लागत से पेव्ड शोल्डर मानक के साथ 4 लेन में केशकाल बाईपास निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने पर प्रदेशवासियों विशेषकर बस्तर अंचल की जनता की ओर से हार्दिक आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह बाईपास केशकाल घाट खंड में यातायात बाधाओं को दूर कर सुगम, सुरक्षित व निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डबल इंजन सरकार में तेजी से बस्तर अंचल का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित विकास नीति का परिणाम है, जो बस्तर जैसे जनजातीय अंचल को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और ठोस कदम है। इस

■ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट कर दी जानकारी
■ डबल इंजन सरकार में तेजी से हो रहा है बस्तर का विकास: मुख्यमंत्री

ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की दूरदृष्टि और पहल के लिए आभार जताते हुए इसे बस्तर के विकास के लिए निर्णायक कदम बताया है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-43 (नया ह।।-30) पर केशकाल घाट खंड को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए 307.96 करोड़ रुपए की लागत से 11.380 किलोमीटर लंबा 4-लेन बाईपास निर्माण अपग्रेड की स्वीकृति दी गई है। यह बाईपास पेव्ड शोल्डर मानक के अनुरूप होगा और इसके बनने से बस्तर अंचल में कनेक्टिविटी को नया आयाम मिलेगा। यह परियोजना विशेष रूप से केशकाल घाट के कठिन भौगोलिक खंड को पार करने में सहूलियत प्रदान करेगी। बाईपास के निर्माण से न केवल वैकल्पिक ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### केरल हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा विमान

**नई दिल्ली**। ब्रिटेन की नौसेना के शक्तिशाली लड़ाकू विमान एफ-35 को शनिवार देर रात केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। उधर वायु सेना ने आपात स्थिति में इसे सामान्य घटना बताया है। सूत्रों के अनुसार ब्रिटिश नौसेना के इस लड़ाकू विमान ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में तैनात ब्रिटेन के एक विमान वाहक पोत से शनिवार रात नियमित उडान भरी थी लेकिन खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण विमान ने भारत में उतरने की अनुमति मांगी।

### डोडा से आप विधायक ने नेकां से समर्थन वापस लिया

**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर में डोडा विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक मेहराज मलिक ने सत्तारुढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) से अपना समर्थन वापस ले लिया है। मलिक ने कहा कि समर्थन वापस लेने का फैसला जम्मू-कश्मीर के लोगों के सर्वोत्तम हित में लिया गया है।

### देश में कोरोना के सक्रिय मामलों में गिरावट, 10 की मौत

**नई दिल्ली**। भारत में कोविड-19 के कुल सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,4 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार इस संक्रमण से 1 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 97 हो गईहैं।

### बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**प्रयागराज**। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें एक ही परिवार के 4 लोग मारे गए हैं। जिले के बारा थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में देर रात आकाशीय बिजली गिरी। परिवार के चार सदस्य इसकी चपेट में आए और मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे, जिनमें पति-पत्नी के अलावा दो बच्चियां शामिल हैं।

### गोदावरी नदी में डूबे एक ही परिवार के पांच युवक, मौत

**हैदराबाद**। तेलंगाना के निर्मल जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां गोदावरी नदी में नहाने गए पांच युवक डूब गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना मंदिर नगर बसर में हुई, जब पांचों युवक गोदावरी नदी में पवित्र स्नान के लिए गए थे। जानकारी के अनुसार, मृतक एक ही परिवार के थे और हैदराबाद के चिंतल में रहते थे।

भारत-न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच

## रायपुर में खेला जाएगा वनडे और टी 20 मुकाबला

**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए गुड न्यूज़ है। छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में टी20 और वनडे मैच का आयोजन होने वाला है। जिसके लिए बीसीसीआई ने वेन्यू फाइनल कर लिया है।

बीसीसीआई द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच टी 20 मैच 23 जनवरी 2026 को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले वीर नारायण सिंह स्टेडियम में दक्षिण आफ्रीका और टीम इंडिया के बीच तीन वनडे और दो टी20 सीरीज खेला जाएगा। वहीं सीजरी का दूसरा वन डे मैच 3 दिसंबर को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में ही खेला जाएगा है।

अहमदाबाद विमान हादसा

## विजय रूपाणी के शव की पहचान हुई

**अहमदाबाद**, 15 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। परिवार के मुताबिक, राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

12 जून को हुए प्लेन क्रैश में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 230



■ राजकोट में आज होगा अंतिम संस्कार
■ अब तक 31 शवों की शिनाख्त की गई
■ मरने वालों का आंकड़ा 275 तक पहुंचा

परिवारों से अबतक संपर्क किया जा चुका है। आज सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, रविवार सुबह करीब 11:10 बजे उनका डीएनए मैच हो गया। विजय रूपाणी का डीएनए मैच होने की जानकारी मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने उनके परिजनों को दी। विजय रूपाणी के आवास पर मौजूद विधायक रीटा पटेल ने कहा, विजय रूपाणी के परिजन तीन दिन से इंतजार कर रहे थे। रीटा पटेल ने बताया कि विजय रूपाणी के पार्थिव शरीर को राजकोट ले जाया ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

अब वेटिंग टिकट को लेकर नहीं रहेगी चिंता

## रेलवे 24 घंटे पहले ही बता देगा टिकट कन्फर्म है या नहीं

**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। ट्रेन से सफर करने वालों के लिए राहत की खबर है। रेलवे ने एक नई व्यवस्था शुरू की है, जिसके तहत अब वेटिंग टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं, इसकी जानकारी ट्रेन रवाना होने से ठीक 24 घंटे पहले ही दे दी जाएगी।

अब तक यात्रियों को यह अपडेट सिर्फ 4 घंटे पहले मिलता था, जिससे उन्हें आखिरी वक्त तक असमंजस में रहना पड़ता था। लेकिन इस नई सुविधा से यात्री पहले से तय कर सकेंगे कि उन्हें यात्रा करनी है या दूसरा विकल्प चुनना है।

बीकानेर डिवीजन में इस सिस्टम का ट्रायल शुरू हो चुका है और अब तक इसके नतीजे सकारात्मक रहे हैं। जल्द ही यह व्यवस्था देशभर में लागू की जा सकती है, खासकर उन रूट्स पर जहां वेटिंग टिकट का दबाव ज्यादा होता है, जैसे दिल्ली, मुंबई, बिहार और बंगाल रूट प्रम्रुख है।

## कांग्रेस ने कभी आतंकवाद का समर्थन नहीं किया : राजीव शुक्ला

### भारत-पाक मैच पर अभी निर्णय नहीं

**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। कांग्रेस के आतंकवाद को समर्थन दिए जाने से इंकार करते हुए राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि पार्टी ने कभी आतंकवाद का समर्थन नहीं किया ।कांग्रेस स्वयं आतंकवाद की सबसे बड़ी शिकार रही है। कांग्रेस ने अपने बड़े-बड़े नेता खोए हैं ।कोई अगर कहता है कि कांग्रेस आतंकवाद के साथ है, तो इसके बड़ा मजाक कुछ नहीं।



रायपुर पहुंचे बीसीसीआई के अंतरिम अध्यक्ष और कांग्रेस से राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने बताया कि सीसीपीएल (छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग) का आज समापन है। उसमें शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हम लगातार क्रिकेट को बढ़ावा दे रहे हैं ।लगातार काम कर रहे हैं. छत्तीसगढ़ को 2 इंटरनेशनल क्रिकेट मैच की सौगात मिली है।

वहीं इंडिया-पाकिस्तान के मैच को लेकर राजीव शुक्ला ने कहा कि इंडिया-पाकिस्तान के मैच का अभी कोई फाइनल शेड्यूल नहीं हुआ है। ना कोई इसमें निर्णय लिया गया। इसलिए अभी कुछ बताया नहीं जा सकता।

वहीं 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे से जुड़े सवाल पर राजीव शुक्ला ने कहा कि नक्सलवाद एक ऐसी समस्या है, जिसे सब सरकारें मिलकर लड़ रही हैं. चाहे वह मनमोहन सिंह की सरकार हो, या मोदी की सरकार हो। जब भूपेश बघेल की सरकार थी, तब बहुत कुछ ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## ईरान ने इजराइली रिफाइनरी पर मिसाइलें दागीं

**तेल अवीव**, 15 जून (एजेंसियां)। ईरान और इजराइल ने शनिवार देर रात एक बार फिर एक-दूसरे पर कई मिसाइलें दागीं। दोनों देशों के बीच बीते 3 दिनों से संघर्ष जारी है। इजराइली डिफेंस फोर्स ने ईरान में मिलिट्री हथियार फैक्ट्रियों और उनके आसपास रहने वाले नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी दी है। आईडीएफ के कर्नल अविचय अद्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानियों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजराइल ने ईरान के तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत कई ठिकानों पर हमले किए हैं।

**ईरान के 138 लोग मारे गए**

इजराइल का दावा है कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को भी निशाना बनाया है। पिछले तीन दिनों के दौरान इजराइली हमले से ईरान में 138 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हैं।



**कुछ कश्मीरी छात्र घायल**

इजराइल ने रविवार दोपहर तेहरान के हुजत दोस्त अली हॉस्टल पर हमला किया, जिसमें कुछ कश्मीरी छात्र घायल हुए हैं। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 14 इजराइली मारे गए हैं और 380 घायल हैं। इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने रात भर हुए ईरानी मिसाइल हमलों में जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख जताया है। इजरायली डिफेंस फोर्स ने पुष्टि की है कि होम फ्रंट कमांड के सर्च एंड रेस्क्यू ब्रिगेड के सैनिक ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों से प्रभावित स्थलों में बचाव अभियानों में जुटेहुए हैं। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को इन हमलों की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### डोनाल्ड ट्रंप का ने किया दावा भारत-पाकिस्तान की तरह ईरान-इजराइल जंग रुकवाउंगा

**वाशिंगटन**। ईरान-इजरायल के बीच जंग जारी है। इसके चलते ईरान ने ओमान की राजधानी मस्कट में अमेरिका के साथ होने वाली न्यूक्लियर वार्ता भी रद्द कर दी। इस युद्ध के लिए ईरान सीधे तौर पर अमेरिका को जिम्मेदार मान रहा है। इसी बीच रविवार को डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा करते हुए कहा कि ईरान और इजरायल को एक समझौता करना चाहिए और वे समझौता करेंगे। ठीक वैसे ही जैसे मैंने भारत और पाकिस्तान के साथ किया। उस मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार का इस्तेमाल करके दो बेहतरीन नेताओं के साथ बातचीत में तर्क, सामंजस्य और विवेक लाया जा सकता है।

## साइप्रस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली**, 15 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की विदेश यात्रा पर हैं। रविवार को साइप्रस से उन्होंने अपने विदेश दौरे की शुरुआत की। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भव्य स्वागत के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति का आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, साइप्रस पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष सम्मान के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस का आभार। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में।



**आतंकवाद के मुद्दे को उठाएंगे : मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

## क्रूजर वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलटा

### मौके पर दो महिलाओं की मौत और रायपुर रिफर के दौरान एक पुरुष ने दम तोड़ा

**फरसगांव**, 15 जून (देशबन्धु)। बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र के ग्राम भूमका के पास दिगानार मोड़ पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। 14 जून शनिवार की रात करीब 9 बजे एक क्रूजर वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए। सभी बोर ई कोटपारा और छोटे मालगांव के निवासी थे।

मृतकों की पहचान मंगलीबाई समरथ और बुधयारिन नेताम के रूप में हुई है, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके अलावा, संग्राम समरथ की रायपुर रिफर के दौरान मौत हो गई। सभी घायलों



को फरसगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल रोहित समरथ को रायपुर और रामजी नेताम और संतु राम यादव को कोंडागांव जिला अस्पताल रिफर किया गया है। फरसगांव थाना प्रभारी संजय सिंधे ने बताया कि क्रूजर वाहन क्र.सीजी-17-केएल-0783 में सवार लोग सगा दिखाने के लिए ग्राम दिगानार गए थे और वापसी के दौरान यह हादसा हुआ। सूत्रों के हवाले पता चला कि वाहन चालक शराब के नशे में था जिसका मेडिकल करवाया गया रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मणिपुर में हथियारों की बड़ी खेप बरामद

**इंफाल**, 15 जून (एजेंसियां)। मणिपुर पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने 328 हथियारों की बड़ी खेप बरामद करने के बाद दो क्षेत्रों में अभियान जारी रखा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान थौबल जिले के खोंगजोम-पीएस के अंतर्गत टेंथा समुचिंग क्षेत्र से .303 राइफल के साथ मैगजीन, 7.62 एमएम एसएलआर राइफल के साथ मैगजीन, जिंदा कारतूस तथा आंसू गैस के गोले आदि बरामद किए गए। इनमें सेल्फ लोडिंग राइफल्स और इंसास जैसी राइफलें शामिल हैं। काकचिंग जिले के वांगू-पीएस के अंतर्गत चारेल खुनौ हिल रेंज की तलहटी से एसएलआर, 9 एमएम कार्बाइन, एसबीबीएल गन, .22 राइफल के साथ मैगजीन, 7.62 एमएम एलएमजी, विस्फोटक (500 ग्राम), डेटोनेटर के साथ वायर, आईईडी आदि बरामद किए गए।

विरोध — अमेरिका के सभी 50 प्रांतों में विरोध-प्रदर्शन हो रहे, सभी प्रमुख शहरों में बड़ी रैलियां आयोजित की गई

# ट्रंप की आव्रजन नीति के खिलाफ सभी प्रांतों में प्रदर्शन

**वाशिंगटन, 15 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आव्रजन नीतियों के खिलाफ अमेरिका के सभी 5 प्रांतों में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रामीण समुदायों में छोटे समूहों के एकत्र होने से लेकर न्यूयॉर्क, फिलाडेल्फिया और शिकागो जैसे प्रमुख शहरों में बड़ी रैलियां आयोजित की गईं।**

*समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप के लॉस एंजिल्स में सेना तैनात करने के फैसले के विरोध में पहले से ही बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो चुके हैं। इसी बीच उनकी आव्रजन संबंधी नीतियों को लेकर शनिवार को पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन हुए। अमेरिकी सेना का शनिवार को 250वां वर्षगांठ था। इस अवसर पर वाशिंगटन में ट्रंप ने एक सैन्य परेड आयोजित किया था। ट्रंप ने शनिवार को अपना 79वां जन्मदिन मनाया। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कई समूहों के द्वारा 'नो किंग्स' के नारे लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन किया गया। ये उन्हीं समूहों का गठबंधन है, जिन्होंने 5 अप्रैल को 'हैंड्स ऑफ' बैनर*



*के तले ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया था।*

*गठबंधन ने शनिवार को ट्रंप और उनके सहयोगियों द्वारा 'सत्तावादी अतिक्रमण' के विरोध में हुए प्रदर्शन को 'अवज्ञा का दिन' के रूप में भी प्रचारित किया। इस कार्यक्रम की योजना लॉस एंजिल्स और अन्य शहरों में संघीय आव्रजन छापों के विरोध-प्रदर्शनों से पहले से ही चल रही थी। वाशिंगटन में शनिवार को सैन्य परेड का आयोजन था। इसलिए वहां विरोध-प्रदर्शन नहीं किया गया। ट्रंप ने एक बयान में कहा था कि वाशिंगटन में विरोध-प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। अटलांटा में प्रदर्शनकारी लिबर्टी प्लाजा में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ संदेश वाले पोस्टर* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# भाजपा नेताओं ने गिनाई उपलब्धियां, संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित






**मुंगेली,** 15 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा (संकल्प से सिद्धि अभियान) के अंतर्गत मुंगेली जिले में पत्रकार वार्ता एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रेस क्लब के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित पत्रवार्ता में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष, कांग्रेस के 60 साल पर भारी हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का प्रत्येक दिन अंत्योदय की साधना रहा है।भारत अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर होगा। उन्होंने बताया कि राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, धारा 370 की समाप्ति, महिला आरक्षण, ट्रिपल तलाक कानून, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, नेशनल वॉर मेमोरियल, नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा, और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय मोदी सरकार की संकल्पशक्ति का परिचायक हैं।

पत्रकारों से चर्चा में विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक, गिरीश शुक्ला, जिला महामंत्री गुरमीत सलुजा एवं मीडिया प्रभारी सुनील पाठक उपस्थित रहे।जिला भाजपा कार्यालय में विकसित भारत के अमृतकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को हर नागरिक तक पहुंचाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, फसल बीमा योजना सहित अनेक योजनाएं आमजन के जीवन में बदलाव ला रही हैं। जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास जताया है, और सरकार ने विकास व विरासत दोनों को साथ लेकर देश को नई ऊंचाई दी है। जिला महामंत्री गुरमीत सलुजा ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह अभियान अब विधानसभा एवं शक्ति केंद्र स्तर तक ले जाया जाएगा। 15 से 17 जून तक चौपाल एवं जनसभाएं, 17 से 21 जून तक योग सप्ताह, 5 जून से 15 अगस्त तक वृक्षारोपण अभियान, 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 25 जून को आपातकाल पर सेमिनार एवं लोकतंत्र सेनानी सम्मान का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन सुनील पाठक ने किया एवं आभार मुंगेली ग्रामीण अध्यक्ष राजीव श्रीवास ने व्यक्त किया। इस अवसर पर गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, मानस प्रताप सिंह, द्वारिका जायसवाल, किशोरीलाल केशरवानी, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पटेल, मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, रमेश बुनकर, मन्नू श्रीवास्तव, चंद्रकली पात्रे, रितिमा लाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अचानकमार के वनग्रामों तक पहुंची सुशासन की रोशनी

## संचार और सौर ऊर्जा से बदला जनजीवन



**मुंगेली,** 15 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन संकल्प और उपमुख्यमंत्री अरुण साव की संवेदनशील पहल से अचानकमार टाइगर रिजर्व (एटीआर) के दूरस्थ वनग्रामों में विकास की नई किरणें पहुंचने लगी हैंलोरमी विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम चकदा, मंजूरहा और सरसोहा की लगभग 3000 आबादी को अब मोबाइल नेटवर्क की सुविधा मिल गई है। बीते एक माह में यहां बीएसएनएल के 4त्र टावर स्थापित कर मोबाइल सेवाएं शुरू कर दी गई हैं, जिससे गांवों में संचार और डिजिटल सेवाओं का नया युग प्रारंभ हुआ है। पहले इन गांवों में नेटवर्क की अनुपलब्धता से शासन की योजनाओं और जरूरी सूचनाओं तक पहुंच मुश्किल थी। पीएम जनमन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा उठाई गई इस मांग को उपमुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर कुन्दन कुमार के नेतृत्व में प्रशासन के विशेष प्रयासों से अब इन क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क सुलभ हो पाया है। इससे ग्रामीण अब प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन, श्रमिक कार्ड, जन-धन योजना जैसे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समय पर प्राप्त कर रहे हैं। बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई, किसानों को कृषि संबंधी जानकारी और महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं की सहज उपलब्धता ने इन गांवों के जीवन को सरल बना दिया है। उपमुख्यमंत्री ने इसे दूरस्थ अंचलों में डिजिटल समावेशन की दिशा में मील का पत्थर बताया है, वहीं कलेक्टर ने कहा कि अब ये गांव शासन की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

**322 परिवारों को मिलेगा उजियारा, 13 गांवों में लगाई जाएंगी नई बैटरियां**

सुशासन की रोशनी अब रात्रिकालीन जीवन को भी सशक्त बना रही है। अचानकमार के 13 वनग्रामों में सोलर पैनलों के लिए नई बैटरियों की आपूर्ति की गई है। पुराने और कमजोर हो चुकी बैटरियों के कारण रात्रि प्रकाश व्यवस्था बाधित थी, जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। वनग्राम बिजराकछार में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों ने यह समस्या उठाई थी, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने त्वरित संज्ञान लेते हुए बैटरियों के प्रतिस्थापन के निर्देश दिए। कलेक्टर के मार्गदर्शन में प्रशासन ने शीघ्र कार्यवाही कर बैटरियों से भरे वाहन को रवाना किया।लोरमी से महामाई, डंगनिया, तिलईडबरा, लमनी, छपरवा, सुरही सहित 13 गांवों के 322 परिवारों को अब नियमित रात्रिकालीन प्रकाश मिलेगा। उल्लेखनीय है कि एटीआर की 25 बसाहटों में पहले से ही 112 सौर पावर यूनिट संचालित हैं, जिनसे उजाला फैलाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटना...**

थे। पायलट राजवीर सिंह चौहान जयपुर, राजस्थान के रहने वाले थे। आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि आग में झुलसने की वजह से डेड बॉडी को आईडेंटिफाई करने में मुश्किल हो रही है। मृतकों का डीएनए टेस्ट होगा, उसके बाद ही शव परिजन को सौंपेंगे।

हादसे में जान गंवाने वालों में पायलट राजवीर सिंह (जयपुर, राजस्थान), विक्रम सिंह रावत (ऊखीमठ, उत्तराखंड), विनोद देवी और तृष्टि सिंह (उत्तर प्रदेश), राजकुमार सुरेश (गुजरात), श्रद्धा राजकुमार जायसवाल और काशी (महाराष्ट्र) शामिल है।

हवाई सेवा के बाद पैदल यात्रा भी स्थगित

जंगलचट्टी के पास गधेरे में मलबा पत्थर गिरने से केदारनाथ धाम जाने वाला मार्ग टूट गया है। इसके बाद प्रशासन ने सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम तक का मार्ग अगली सूचना तक बंद कर दिया है। इससे केदारनाथ पैदल यात्रा अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। रुद्रप्रयाग पुलिस ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे जहां हो उसके पास सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।

**पुणे में इंद्रायणी नदी पर...**

के रास्ते में एक्सप्रेसवे में एंट्री करने से पहले स्थित है। वीकेंड पर यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं।

जर्जर अवस्था में था पुल-शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह पुल पहले से ही बहुत खराब और जर्जर स्थिति में था। हादसे के समय पुल पर क्षमता से अधिक पर्यटक मौजूद थे। लोग टू-व्हीलर और मोटरसाइकिल ले जा रहे थे। इसी वजह से पुल भार सहन नहीं कर सका। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, ग्रामीण और आपदा राहत कर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। स्थानीय निवासी रघुविर शेलार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि करीब 100 से अधिक पर्यटक पुल पर घूमने के लिए आए थे, जिनमें से 20 से 25 लोगों को स्थानीय निवासियों ने रेस्क्यू किया है।

**कोंडागांव में 308 करोड़ की ...**

मार्ग उपलब्ध होगा, बल्कि वाहन चालकों को तेज, सुगम और निर्बाध यात्रा का अनुभव भी मिलेगा। बाईपास निर्माण से शहरी क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को जाम और दुर्घटना की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही प्रदूषण के स्तर में भी गिरावट आएगी, जिससे पर्यावरणीय संतुलन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**विजय रूपाणी के शव की ...**

जाएगा, जहां अंतिम संस्कार होगा। राज्यभर के कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देने आएंगे।

22 शव परिजन को सौंपे गए-इनमें से 31 की शिनाख्त हो गई है, 22 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। एम्बुलेंस के जरिए सिक्योरिटी के साथ शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से करीब 100 ताबूत वडोदरा से अहमदाबाद लाए गए हैं। बाकी के ताबूत बनाने का काम जारी है।

**कांग्रेस ने कभी आतंकवाद का ...**

खत्म हुआ है। बहुत कुछ खत्म हुआ, जब केंद्र और राज्य सरकार ने सहयोग किया। नक्सलवाद के खिलाफ निरंतर सरकारों ने काम किया है-उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के सहयोग से मौजूदा सरकार ने जो किया, यह निरंतर चलने वाली गतिविधियां हैं। समाज को समस्याओं के निवारण के लिए, और जो लोग हिंसा में जुड़े हैं, जिनके खिलाफ भी पूर्व सरकारों के द्वारा कार्रवाई की जारी रही है।इसमें भूपेश बघेल की सरकार हो या विष्णुदेव साय की सरकार हो, दोनों ने काम किया है।

नक्सली बात करें तो इससे बढ़िया कुछ नहीं-वहीं तेलंगाना में नक्सलियों से शांतिवार्ता करने को सरकार तैयार है क्या? छत्तीसगढ़ में यह पहल होनी चाहिए? इस सवाल पर सांसद शुक्ला ने कहा कि अगर वह बातचीत करना चाहते हो तो इससे बढ़िया कुछ नहीं है। अगर बातचीत करने को तैयार नहीं है, तो सरकार को सशस्त्र बलों का सहारा लेना पड़ता है। छग के सवाल सबसे ज्यादा मैं उठाता हूं-छत्तीसगढ़ सांसद के तौर पर संसद में प्रदेश के मुद्दे उठाए जाने के सवाल पर राजीव शुक्ला ने कहा कि सबसे ज्यादा विषय छत्तीसगढ़ के मैं ही संसद में उठता हूं। आप लगातार प्रश्न देखिए। स्पेशल मेंशन देख लिजिए, जीरो अवर देखिए। जरूरत पड़ती है, उस हिसाब से मैं आता हूं। कहने को कोई भी आलोचना करता रहे।

कांग्रेस के आतंकवाद को समर्थन दिए जाने से इंकार करते हुए राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि पार्टी ने कभी आतंकवाद का समर्थन नहीं किया। कांग्रेस स्वयं आतंकवाद की सबसे बड़ी शिकार रही है। कांग्रेस ने अपने बड़े-बड़े नेता खोए हैं।कोई अगर कहता है कि कांग्रेस आतंकवाद के साथ है, तो इसके बड़ा मजाक कुछ नहीं।

**ट्रंप की आव्रजन नीति के...**

लेकर एकत्रित हुए थे। भीड़ ने क्लासिक धुन 'टेक मी आउट टू द बॉल गेम' का विरोध संस्करण 'टेक ट्रंप आउट ऑफ द व्हाइट हाउस' के रूप में गाया। नैशविल में टेनेसी स्टेट कैपिटॉल के पास 1,000 से अधिक लोग एकत्र हुए। इन लोगों ने निष्ठा की प्रतिज्ञा ली, जो देशभक्तिपूर्ण कविता है और अमेरिका तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति निष्ठा का वादा करती है।

**पुलिस द्वारा कोई गिरफ्तारी नहीं की गई**

पुलिस के अनुमान के मुताबिक, न्यूयॉर्क शहर में लगभग 50 हजार लोग सड़कों पर उतरकर नारे लगा रहे थे, हमें क्या चाहिए? कोई आईसीई नहीं, हमें कब चाहिए? अभी। भीड़ ने जो बैनर लहराए, उस पर लिखा था, 'कोई निर्वासन नहीं', 'ट्रंप को जाना चाहिए', 'कोई न्याय नहीं, कोई शांति नहीं'। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, पुलिस द्वारा कोई गिरफ्तारी नहीं की गई।

# 39 पाव देशी मदिरा के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार



**मुंगेली,** 15 जून (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे (ऑपरेशन बाज) के अंतर्गत जरहागांव थाना क्षेत्र में अवैध रूप से देशी शराब का परिवहन कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में देशी मदिरा भरकर ग्राम ठकुरीकापा की ओर जा रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद जरहागांव पुलिस टीम ने मेन रोड, बनिया तालाब के पास घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम छवि कोशले, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम ठकुरीकापा बताया। उसके कब्जे से डिटर्जेंट पाउडर लिखी नीले रंग की बोरी में 39 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 3,120 रुपये आंकी गई है। साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-28 क्यू-8013 जिसकी अनुमानित कीमत 50,000 रुपये है, को भी जब्त किया गया। कुल जप्ती राशि 53,120 रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध जरहागांव थाना में अपराध क्रमांक 73/2025, धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा एवं उप पुलिस अधीक्षक एस.आर. धृतलहरे के मार्गदर्शन में की गई। कार्यवाही में उप निरीक्षक सुशील कुमार बंछोर (प्रभारी साइबर सेल), सहायक उप निरीक्षक मनकराम ध्रुव, प्रधान आरक्षक नोखेलाल कुर्रे, नरेश यादव, यशवंत डाहिरे, लाकेश राजपूत, लक्ष्मण यादव, परमानंद यादव, आरक्षक भेषज पाण्डेकर, राकेश बंजारे, परमेश्वर जांगड़े, हेमसिंह एवं अजय शिवहरे का सराहनीय योगदान रहा।

# इमारती साल लकड़ी की अवैध तस्करी पर दो गिरफ्तार

## पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में दो गिरफ्तार, लाखों की लकड़ी जब्त



**मुंगेली,** 15 जून (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के नेतृत्व में (ऑपरेशन बाज) के तहत मुंगेली जिले में अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में साइबर सेल और लोरमी पुलिस की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने इमारती कच्ची लकड़ी राजकीय वृक्ष साल की तस्करी करते दो आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा है। दिनांक 13 जून 2025 की रात, लोरमी-कोटा मार्ग स्थित सर्किट हाउस के पास चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने पिकअप वाहन क्रमांक CG-04 DE-2051 को रोका। जांच करने पर उसमें छुपाकर रखी गई 49 नग साल कीमती लकड़ियां, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख रुपये बताई गई है, बरामद हुईं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय सोनवानी (29 वर्ष) एवं निर्मल सोनवानी (25 वर्ष), निवासी बांधा चौकी जूनापारा, थाना तखतपुर (जिला बिलासपुर) के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि ये लकड़ियां ग्राम बांधा से लाकर घाटापानी क्षेत्र में ले जाई जा रही थीं। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त वाहन और लकड़ी को जब्त कर लिया है। आगे की कार्रवाई के लिए पूरा मामला वन विभाग लोरमी को सौंप दिया गया है, जहां वन संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई जारी है।इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा एवं उप पुलिस अधीक्षक नवनीत पाटिल के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक सुशील कुमार बंछोर सहित पुलिस टीम के सदस्यों—प्रआर. नोखेलाल कुर्रे, नरेश यादव, यशवंत डाहिरे, लोकेश राजपूत, रवि जांगड़े, परमेश्वर जांगड़े, भेषज पांडेकर, राकेश बंजारे, रामकिशोर कश्यप, हेमसिंह, बसंत कुमार, जितेन्द्र सिंह एवं लोरमी थाना स्टाफ ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# कुरानकापा व कपुआ में श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर

## 241 श्रमिकों का हुआ पंजीयन, योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी



**मुंगेली,** 15 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा दो दिवसीय पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 12 जून को मुंगेली विकासखंड के ग्राम पंचायत कुरानकापा एवं 13 जून को पथरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत कपुआ (चंद्रगढ़ी) में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान कुल 241 श्रमिकों का नया पंजीयन एवं 07 श्रमिकों का पंजीयन नवीनीकरण किया गया। इसके अलावा पूर्व में पंजीकृत 43 श्रमिकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 'श्रमेव जयते' मोबाइल एप के माध्यम से पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया गया। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत संचालित बीमा, पेंशन, मातृत्व सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन आदि योजनाओं की पात्रता एवं लाभों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।श्रम विभाग द्वारा आयोजित यह शिविर ग्रामीण श्रमिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# केशकाल बाईपास निर्माण को केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दी स्वीकृति,307.96 करोड़ की है लागत

**रायपुर** 15 जून 2025/ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा 307.96 करोड़ रुपए की लागत से पेव्ड शोल्डर मानक के साथ 4 लेन में केशकाल बाईपास निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने पर प्रदेशवासियों विशेषकर बस्तर अंचल की जनता की ओर से हार्दिक आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह बाईपास केशकाल घाट खंड में यातायात बाधाओं को दूर कर सुगम, सुरक्षित व निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डबल इंजन सरकार में तेजी से बस्तर अंचल का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित विकास नीति का परिणाम है, जो बस्तर जैसे जनजातीय अंचल को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और ठोस कदम है। इस ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी की दूरदृष्टि और पहल के लिए आभार जताते हुए इसे बस्तर के विकास के लिए निर्णायक कदम बताया है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-43 (नया ह॥-30) पर केशकाल घाट खंड को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए 307.96 करोड़ रुपए की लागत से 11.380 किलोमीटर लंबा 4-लेन बाईपास निर्माण अपग्रेड की स्वीकृति दी गई है। यह बाईपास पेव्ड शोल्डर मानक के अनुरूप होगा और इसके बनने से बस्तर अंचल में कनेक्टिविटी को नया आयाम मिलेगा। यह परियोजना विशेष रूप से केशकाल घाट के कठिन भौगोलिक खंड को पार करने में सहूलियत प्रदान करेगी।

बाईपास के निर्माण से न केवल वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा, बल्कि वाहन चालकों को तेज, सुगम और निर्बाध यात्रा का अनुभव भी मिलेगा। बाईपास निर्माण से शहरी क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को जाम और दुर्घटना की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही प्रदूषण के स्तर में भी गिरावट आएगी, जिससे पर्यावरणीय संतुलन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# केंद्र सरकार के ग्यारह साल पर प्रोफेशनल मीट में शामिल होंगे सांसद बृजमोहन सहित चारों विधायक



**■ जिला कार्यालय में बैठक, भाजपा मनाएगी विकसित भारत का अमृत**

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। शहर जिला कार्यालय एकात्म परिसर में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आज आवश्यक बैठक आहूत की गई उक्त बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों के प्रतिपादन की पूर्ण जानकारी जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों को आज बैठक में दी गई जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने उपस्थित पदाधिकारियों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी साथ ही सभी पदाधिकारियों को विभिन्न कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपी गई उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से जानकारी साझा करते हुए कहा कि 16 जून को जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा और मोतीलाल साहू सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे ।

रमेश सिंह ठाकुर ने कहा देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के ग्यारह साल पूर्ण हो चुके हैं और केंद्र में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व के ग्यारह साल बेमिसाल गौरव पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ हमारी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व ने 9 जून से लेकर 21 तक राष्ट्रीय , प्रदेश स्तरीय , जिला स्तरीय और मंडल स्तरीय कार्यक्रम प्रदत्त किए गए हैं जिसके तहत वृहद वृक्षारोपण, बदलता भारत मेरा अनुभव पर डिजिटल प्रतियोगिता , जिला स्तरीय प्रेस वार्ता , मंडल स्तर पर संकल्प सभा , शक्तिकेंद्र पर चौपाल और आयुष्मान पंजीकरण , जिला एवं मंडल स्तर पर योग दिवस , डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन , आपातकाल के 50 वर्ष होने पर प्रदर्शनी और कार्यशाला जैसे कार्यक्रम तय किए गए हैं , इसी कड़ी में सोमवार शाम 4 बजे रायपुर शहर जिला कार्यालय एकात्म परिसर में प्रोफेशनल मीट और प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना तय है उक्त कार्यक्रम में रायपुर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे ।

रायपुर शहर जिला कार्यालय एकात्म परिसर में आहूत आवश्यक बैठक में मंच संचालन जिला महामंत्री सत्यम दुबा और आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष अकबर अली ने किया आज आहुत बैठक में विशेष रूप से जिला उपाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, गोपी साहू, हरीश ठाकुर, राजीव मिश्रा, संजय तिवारी, तुषार चोपड़ा, अमित मैशेरी, जितेंद्र गोलछा, अनिल बाघ, राहुल राय, वंदना राठौर, राजकुमार राठी, तोषण कुमार साहू, संजय सिंह अभिषेक तिवारी चैतन्य टावरी, भोला साहू, विनय जैन, भागीरथी यादव, केदार धनगर, पुरुषोत्तम मोवले, संदीप जंघेल, संतोष कुमार सोनी, संदीप जहांगीर, दलविंदर सिंह बेदी, संतोष साहू, अनूप खेलकर, रविंद्र सिंह ठाकुर, योगेश साहू, जितेंद्र गंडेचा, राम प्रजापति, भूपेंद्र सिंह, संजय शुक्ला, अनीश दास, दीपक शर्मा सहित अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# देश

**उवाच** “ हर साल केदारनाथ यात्रा में हादसे क्यों, केंद्र सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा में इतनी लापरवाह क्यों है। सिंगल इंजन हेलीकॉप्टर का प्रयोग बंद क्यों नहीं होता। केंद्रीय उड्डयन मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। श्रद्धालु कोई आम यात्री नहीं होते, वो आस्था का प्रतीक हैं।

–डॉ. इरफान अंसारी



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34 | 3 |
| मुंबई | 27 | 26 |
| कोलकाता | 29 | 27 |
| चेन्नई | 32 | 28 |

# यूएन में गाजा पर मतदान से भारत की दूरी चिंता की बात : पवन खेड़ा

■ **कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरे पर भी उठाए सवाल**

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में गाजा में संघर्ष विराम के लिए प्रस्ताव पर मतदान से भारत की दूरी बनाने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर वोटिंग में दूरी बनाना हमारी विदेश नीति और सरकार के नैतिक पतन का एक जीता-जागता उदाहरण है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने रविवार को कहा कि यह हैरानी और चिंता की बात है। जिस देश की विदेश नीति का पूरा विश्व लोहा मानता है, उस देश ने इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर किस तरह से वोटिंग में भाग तक नहीं लिया। यह हमारी विदेश नीति और सरकार के नैतिक पतन का एक जीता-जागता उदाहरण है। इस दौरान पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे पर कहा है कि हम पिछले 11 साल से देख रहे हैं, पीएम मोदी कहते हैं कि कभी इधर गए, कभी उधर गए, आए तो खाली हाथ। विदेश नीति कोई फैंसी ड्रेस की प्रतियोगिता नहीं है। जहां जाकर अलग-अलग कपड़ों में गले मिल रहे हैं, कभी किसी से हाथ मिला रहे हैं, टेलीप्रॉम्प्टर के आगे नई-नई भाषाओं में बोल रहे हैं। इस तरह से विदेश नीति नहीं चलती है। डायस्पोरा इवेंट में भी अपनी जय-जयकार करवाने जा रहे हो, आपको अपनी जय-जयकार नहीं करने जाना है, वहां पर देश की जय-जयकार करने जाना है। आप सोचते हैं कि आप ही देश हैं, इसलिए आज हमारी विदेश नीति का खामियाजा पिछले 10 साल में हम लोग भुगत रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के वक्त और पहलगाम आतंकी हमले से पहले भुगता है।



**हम पिछले 11 साल से देख रहे हैं मोदी कहते हैं कि कभी इधर गए, कभी उधर गए, आए तो खाली हाथ : पवन खेड़ा**

### ईरान में 15 सौ बच्चे फंसे व मदद की लगा रहे गुहार

इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि ईरान में 1,500 बच्चे फंसे हुए हैं और मदद की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन भारतीय दूतावास ने सिर्फ अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस मामले को प्रचारित किया और फिर गायब हो गया। यहां उनके माता-पिता चिंतित हैं, हर कोई चिंतित है, लेकिन भारत सरकार कार्रवाई से गायब है। उन्होंने केदारनाथ हवाई हादसे का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवा बंद कर दी गई, लेकिन यह बार-बार क्यों हो रहा है, यह एक जांच का विषय है। अभी कुछ दिन पहले हाईवे पर हेलीकॉप्टर की लैंडिंग हुई थी, इन सबकी जांच होनी चाहिए।

### अहमदाबाद हवाई हादसे में लोग चाहते हैं जवाबदेही तय हो : कांग्रेस

अहमदाबाद हवाई हादसे पर कांग्रेस नेता ने कहा कि लोग बहुत सहमे हुए हैं। लोगों के मन में बहुत सवाल हैं, लोगों को सरकार से भी शिकायतें हैं। डॉक्टर वहां बहुत विषम परिस्थितियों में मरीजों का उपचार कर रहे हैं, लेकिन लोगों को लगता है कि सरकार इस पर और संवेदनशील हो सकती थी। जिस तरह से गृह मंत्री अमित शाह ने टिप्पणी दी और मोदी जिस तरह से पेश आए, लोगों को अच्छा नहीं लगा। लोग चाहते हैं कि जवाबदेही तय होनी चाहिए। अब सब इंतजार कर रहे हैं कि ब्लैक बॉक्स से क्या जानकारी निकलकर आती है, जिससे मालूम पड़ सके कि क्या कारण थे, जिससे प्लेन क्रैश हुआ।

# जब पुल जर्जर था तो बंद क्यों नहीं किया गया : आनंद दुबे

**मुंबई,** 15 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे ब्रिज हादसे को लेकर सियासत तेज हो गई है। शिवसेना (यूबीटी) ने इसके लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने पूछा कि जब ब्रिज जर्जर था और उसे बंद कर दिया गया था, तो वहां प्रशासन क्यों नहीं था। शिवसेना (यूबीटी) नेता और प्रवक्ता आनंद दुबे ने ब्रिज हादसे के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि पुणे के इंद्रायणी नदी पर बने पुल के गिर जाने से कई लोग बह गए हैं और दो लोगों की मौत हो गई है। लापता लोगों को बचाने के लिए एनडीआरएफ और पुलिस की टीमें लगी हुई हैं। मगर एक सवाल यह उठता है कि जब ब्रिज जर्जर था और उसे बंद कर दिया गया था तो वहां प्रशासन क्यों नहीं था। वहां पुलिसकर्मी क्यों नहीं थे और उसे बनाया क्यों नहीं गया। क्या जानबूझकर लोगों को वहां इकट्ठा इसलिए किया गया, ताकि वे मर जाएं। क्या यह सब साजिश चल रही है। क्या इसलिए हम सरकार को चुनते हैं। उन्होंने कहा कि हम इस पर राजनीति नहीं करेंगे, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि राज्य में किसी भी पार्टी की सरकार हो और कोई भी प्रशासन क्यों न हो, लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ क्यों। न वायु मार्ग सुरक्षित है, न जलमार्ग सुरक्षित है और न ही हेलीकॉप्टर सुरक्षित है। हमारे देश में सुरक्षित क्या है। बारिश के सीजन में जब लोग नदी किनारे इंजॉय करना चाहते हैं तो उस दौरान उनकी जिंदगी से कौन खेल रहा है। इसके बावजूद वहां के सांसद और लोग कह रहे हैं कि ब्रिज जर्जर था, और लोग जानबूझकर ही वहां जाते हैं। मैं पूछता हूं कि जो सिस्टम खराब हो गया है, उसे ठीक क्यों नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मांग है कि दोषियों पर कार्रवाई हो। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने हादसे पर दुख जताया।



■ **शिवसेना यूबीटी ने हादसे के लिए प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार**

# अगले साल मार्च तक नक्सलवाद पूरी तरह हो जाएगा मुक्त : अमित शाह

**लखनऊ,** 15 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भरोसा दिलाया कि अगले साल 31 मार्च तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में 60 हजार 244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के मौके पर उन्होंने कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है, और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है।

पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया। शाह ने उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न शिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती रही थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी पुलिस ने नई बुलंदियों को छूना शुरू किया।



■ **डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित**

## सार संक्षेप

### तमिलनाडु-पुदुचेरी के दौरे पर पहुंचे धनखड़

**चेन्नई।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तमिलनाडु और पुडुचेरी के तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को यहां पहुंचे। चेन्नई हवाई अड्डे पर राज्यपाल आर एन रवि, आदि द्रविड़ और कल्याण मंत्री एम मथिवेंथन, चेन्नई की महापौर आर प्रिया, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद एन.आर. इलांगो और कनिमोझी सोमू तथा मुख्य सचिव एन मुरुगनंदम ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह रात भर ठहरने के लिए राजभवन चले गए। वह मंगलवार को पुदुचेरी का दौरा करेंगे।

### कटरा शराब मामले में पुलिस के सामने पेश नहीं हुए ओरी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में रियासी जिले के त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा स्थित एक होटल में शराब पीने का मामले में फैशन ऑइकान एवं बॉलीवुड हस्ती ओरहान अवतरमणि (ओरी) लगभग तीन महीने बाद भी कटरा पुलिस के सामने पेश नहीं हुए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 15 मार्च को कटरा के एक होटल में शराब पीने के लिए ओरी और उसके दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अब तक प्राथमिकी में नामित व्यक्तियों, जिसमें ओरी भी शामिल हैं, को दो नोटिस जारी किए गए हैं। उनमें से कुछ व्यक्तिगत रूप से पुलिस के सामने पेश हुए लेकिन ओरी अभी तक पेश नहीं हुए हैं।

### उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर जताया शोक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उत्तराखंड के गौरीकुंड के पास हुए हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सात लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। फडणवीस ने जानमाल के नुकसान, विशेषकर महाराष्ट्र के तीन पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अपने संदेश में लिखा केदारनाथ से गुप्तकाशी जाते समय रविवार सुबह उत्तराखंड के गौरीकुंड के पास हेलीकॉप्टर दुर्घटना में यात्रियों की जान जाने की दुखद घटना से दुखी हूं। पीड़ितों में महाराष्ट्र के भी श्रद्धालु शामिल हैं।

### सीवर टैंक में गिरने से बालिका की मौत

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी शहर की एक मल्टी स्टोरी कॉलोनी में खेलते समय सीवर टैंक में गिर जाने से एक बालिका की मृत्यु हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर की संतुष्टि नाम की कॉलोनी की निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह भदोरिया की पुत्री उत्सविका रात खेलते समय लगभग 15 फीट गहरे सीवर टैंक में गिर गई थी। जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचे और टैंक का पानी खाली करने का काम शुरू किया गया। रात को लगभग एक बजे बालिका का शव टैंक से बरामद हुआ।

# तेलंगाना में जल्द होंगे स्थानीय निकाय चुनाव : रेड्डी

**खम्मम/तेलंगाना,** 15 जून (एजेंसियां)। तेलंगाना के राजस्व, आवास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को घोषणा की कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मैदान तैयार है। रेड्डी ने कहा कि चुनाव के लिए अधिसूचना जून के अंत तक जारी होने की उम्मीद है। कार्यक्रम पर कैबिनेट का फैसला 16 जून को लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले मंडल परिषद प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (एमपीटीसी) और जिला परिषद क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र (जेडपीटीसी) चुनाव होंगे, उसके बाद सरपंच और नगरपालिका चुनाव होंगे। खम्मम जिले के कुसुमांची विधायक शिविर कार्यालय में पार्टी नेताओं से बात करते हुए रेड्डी ने स्थानीय नेताओं के बीच एकता की आवश्यकता पर जोर दिया और उनसे सार्वजनिक मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों का चयन आरक्षण और उनकी जीत की संभावनाओं के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पलेरू निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यक्रमों के एक हिस्से के रूप में एरुवाका समारोह में भाग लिया और किसानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इंदिराम्मा सरकार की योजना के तहत सभी पात्र किसानों को 16 जून से प्रति एकड़ 12,000 रुपए का रयथु भरोसा मिलेगा, जो पहले 10,000 रुपए था।

■ **अधिसूचना जून के अंत तक जारी होने की उम्मीद**

# कुशासन का अंत तुरंत मांग रहा बिहार : तेजस्वी

■ **राजद नेता ने नीतीश कुमार के 20 साल के कार्यकाल पर उठाए सवाल**

**पटना,** 15 जून (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के 20 साल के कार्यकाल पर सवाल उठाया। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा कि बिहार को अब 20 साल पर पुरानी सरकार नहीं है। सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का विकास रूक सा गया है। विकास संकेतकों में सबसे नीचे है। नीति आयोग की सूची का हवाला देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमें दुख होता है जब बिहार नीति आयोग के सभी सूचकांकों में सबसे फिसड्डी निकलता है। उन्होंने कहा कि बिहार देश में सबसे गरीब राज्य है। सबसे अधिक पलायन बिहार से है। बेरोजगारी सबसे ज्यादा बिहार में ही है। 20 साल से नीतीश कुमार जी मुख्यमंत्री है, 11 साल से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं लेकिन बिहार का क्या मिला, क्या विकास हुआ।



**नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का विकास रूका : तेजस्वी यादव**

### 2 सालों का अंधकार युग इस साल होगा खत्म

तेजस्वी यादव ने दावा कि आगामी चुनाव के बाद एनडीए के दो दशक यानी 20 सालों का अंधकार युग इस साल खत्म हो जाएगा। सीएम नीतीश कुमार के 20 साल के शासनकाल को उन्होंने अंधकार युग बताया। कहा कि पिछले 20 साल में नीतीश सरकार में बिहार को भ्रष्टाचार, अपराध, पलायन, बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य संकट, शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त, गिरते पुल, शराबबंदी, पेपरलीक, युवाओं पर लाठीचार्ज, किसानों की अनदेशी, आरक्षण चोरी, रोजगार घोटाला मिला। इसलिए बिहार अब कुशासन का अंत तुरंत मांग रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अचेत अवस्था में बिहार संभाल रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं परिवारवाद के पोषक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेएनडीए के सहयोगी दलों के साथ मिलकर बिहार में जमाई आयोग का गठन किया है, जिसमें स्व. रामबिलास पासवान के दामाद, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के दामाद और बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी जी के दामाद को जगह दी गई है।

### मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचीं भ्रष्टाचार की जड़ें : यादव

तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार को अचेत अवस्था में मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि बिहार में सब कुछ बिगड़ चुका है। अपराध बेलगाम हैं, भ्रष्टाचार की जड़ें मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच चुकी हैं। सरकार अब जनता की नहीं, कुछ खास अफसरों की सेवा में लगी है। एनडीए के नेताओं के द्वारा अक्सर लालू प्रसाद यादव पर परिवारवाद कहकर हमला करते रहे हैं। तेजस्वी यादव ने इसी पर पलटवार करते हुए जमाई आयोग का गठन करने की बात कही है। तेजस्वी यादव ने आरोप लगते हुए कहा कि जनता दल यूनाइटेड ने सत्ता का फायदा उठाकर अपने नजदीकी लोगों को फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार वाकई पारदर्शी है, तो ‘समर्पित जमाई आयोग’ का गठन कर दे।

# मणिपुर में कृषि गतिविधियां रूकी

■ **संघर्ष रोकने के लिए सुरक्षा बल किया तैनात**

**इंफाल,** 15 जून (एजेंसियां)। इंफाल पूर्व जिले के लीतानपोकपी में धान के खेत की जुताई करने ट्रैक्टर लेकर पहुंचे कुछ किसानों को कुकी जनजातीय समुदाय के लोगों ने रोक लिया जिसके बाद वहां तनाव की स्थिति निर्मित हो गयी है। मणिपुर पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि कुकी जनजातीय समुदाय के लोगों का कहना है कि जो व्यक्ति खेत जोतने आया था, वह जमीन का मालिक नहीं था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सुरक्षा बल और अन्य केंद्रीय बल पहले से ही घटनास्थल पर मौजूद हैं और स्थिति को नियंत्रित कर रहे हैं।

# झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में विवाद



■ **तीन में से दो उम्मीदवारों के पर्चे रद्द**

**रांची,** 15 जून (एजेंसियां)। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस पद के लिए दावेदारी कर रहे तीन में से दो नेताओं, अभय कुमार सिंह और सदाकत हुसैन, अंसारी के नामांकन का पर्चा रविवार को स्क्रूटनी के दौरान चुनाव पदाधिकारी ने रद्द कर दिया। इसके बाद प्रदेश कार्यालय में भारी हंगामे की स्थिति पैदा हो गई और चुनाव पदाधिकारी को पुलिस बुलानी पड़ी। पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि चुनाव की प्रक्रिया रद्द करने की मांग को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के पास शिकायत की जाएगी। बहरहाल, इस पद के लिए एकमात्र प्रत्याशी मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव रह गए हैं। ऐसे में उनका फिर से चुना जाना तय माना जा रहा है। संजय कुमार सिंह यादव पलामू जिले की हुसैनाबाद विधानसभा सीट से विधायक भी हैं। पर्चा रद्द करने की जानकारी मिलते ही अभय सिंह और उनके समर्थकों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। सदाकत हुसैन अंसारी ने भी गलत तरीके से पर्चा रद्द करने का आरोप लगाया।

### नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा 19 को

चुनाव के तय शेड्यूल के अनुसार, नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा 19 जून को होनी है। चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए निर्वाची पदाधिकारी बनाए गए गिरधारी गोप ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 14 जून को तीन लोगों संजय कुमार सिंह यादव, अभय सिंह और सदाकत हुसैन अंसारी ने पर्चा दाखिल किया था। स्क्रूटनी के दौरान पाया गया कि अभय सिंह और सदाकत हुसैन अंसारी के नामांकन प्रपत्र में प्रस्तावक के रूप में राज्य परिषद के किसी सदस्य का हस्ताक्षर नहीं है, जबकि पार्टी के नियमों के अनुसार यह अनिवार्य है। इस त्रुटि की वजह से इन दोनों के नामांकन अमान्य हैं।

# शिरडी में बस-ट्रक की टक्कर से तीन लोगों की मौत

**पुणे,** 15 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में अहिल्यानगर जिले में शिरडी के निकट कोल्हार-घोटी राजमार्ग पर रविवार को निजी लक्जरी बस और ट्रक के बीच टक्कर से तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई तथा सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अहिल्यानगर पुलिस नियंत्रण कक्ष के सूत्रों के अनुसार घटना उस समय हुई जब शिरडी जा रही निजी बस सुबह कोल्हार-घोटी राजमार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई। घटना में तीन यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से दो-तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# त्रिपुरा में विकास परियोजनाओं को 14.22 करोड़ आवंटित

**अगरतला,** 15 जून (एजेंसियां)। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) ने त्रिपुरा में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए 14.22 करोड़ रुपएसे अधिक आवंटित किए हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी। परियोजनाओं में पर्यटन, कृषि, उद्योग, मानव संसाधन विकास, परिवहन एवं संचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सिंचाई, जल प्रबंधन तथा संस्कृति एवं विरासत संरक्षण शामिल हैं।

एनईसी ने परियोजना का बेहतर प्रबंधन एवं कार्यान्वयन के लिए क्षेत्र-विशिष्ट घटकों की पहचान की है। प्रेस वक्तव्य में कहा गया, खोवाई जिले में सुअर प्रजनन फार्म स्थापित करने के लिए 10,71,451 रुपए की राशि आवंटित की गई है। धलाई जिले के गंगानगर ब्लॉक में वितरण परियोजना के लिए 1,10,49,864 रुपए और रायश्याबारी आरडी ब्लॉक के लिए 1,54,43,543 रुपये निर्धारित किए गए। मछली उत्पादन बढ़ाने हेतु तालाबों की खुदाई और छोटे जल निकायों के जीर्णोद्धार के लिए 1,00,37,400 रुपये आवंटित किए गए। त्रिपुरा में छह एकीकृत बीज प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना के लिए दो करोड़ रुपए, दो आधुनिक कृषि बाजार अवसंरचना के विकास के लिए तीन करोड़ रुपये निर्धारित किए गए। धलाई जिले में एकीकृत पैक हाउस के निर्माण के लिए 80,00,000 रुपये आवंटित किए गए।



■ **एनईसी ने की क्षेत्र-विशिष्ट घटकों की पहचान**

**कवायद** पहलगाम हमले के बाद पर्यटन क्षेत्र में लौट रही रौनक

# लाल चौक गुलजार पर डल के शिकारों को पर्यटकों का इंतजार

**श्रीनगर,** 15 जून (एजेंसियां)। लाल चौक पर कश्मीर घूमने आए पर्यटक सेल्फी न खिंचाएं, ऐसा बहुत कम ही होता है। पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद कुछ समय के लिए पर्यटकों की आमद थम गई थी, लेकिन हालात शांत होते ही श्रीनगर फिर से गुलजार हो गया है। लाल चौक पर बहार है। मगर डल में शिकारों को अभी सैलानियों का इंतजार है।

लाल चौक दिनभर रौनक से भरा रहता है। दोपहर की तेज धूप पर्यटकों के उत्साह को थोड़ा प्रभावित जरूर करती है, लेकिन शाम होते-होते चहल-पहल फिर लौट आती है। पर्यटक यहां सेल्फी लेते, फोटो खिंचवाते और आइसक्रीम का आनंद लेते नजर आते हैं। श्रीनगर का यह प्रमुख बाजार होने के कारण यहां स्थानीय खरीदारों के साथ-साथ पर्यटक भी बड़ी संख्या में कश्मीर की यादगार चीजें खरीदते दिखाई देते हैं। यहां के दुकानदार रऊफ अहमद ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद पर्यटक आने बंद हो गए थे। अल्लाह का शुक्र है कि सीमा पर हालात सुधरे और सैलानी फिर लौटने लगे हैं। इस समय दक्षिण भारत से आए पर्यटक ज्यादा हैं। कुछ पर्यटक वही हैं जिन्होंने पहले से यात्रा की योजना बना रखी थी और अब अमन कायम होते ही आ पहुंचे हैं। नए पर्यटक फिलहाल कम ही हैं, लेकिन श्रीनगर की रौनक जरूर लौट रही है। डल झील के शिकारे अब भी सैलानियों की बाट जोह रहे हैं।



■ **पहलगाम हमले के बाद पर्यटकों का आना हो गया था बंद**

एक शिकारा संचालक ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में पहले यहां पैर रखने की जगह नहीं होती थी, लेकिन अब दिनभर में मुश्किल से 20-25 पर्यटक या परिवार आते हैं। हम दुआ करते हैं कि पर्यटक आएं ताकि जिंदगी और कारोबार फिर से पटरी पर लौटे। वहीं दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को करीब डेढ़ महीना बीत चुका है, लेकिन घाटी की फिजा में अब भी सन्नाटा पसरा हुआ है। पहलगाम की सड़कों पर चहल-पहल नदारद है, होटल खाली पड़े हैं और दुकानों पर बैठे लोग किसी आने वाले सैलानी की राह तकते नजर आते हैं। हमले के बाद पर्यटकों के आगमन में 90 फीसदी तक गिरावट आई है और इसका सीधा असर स्थानीय पर्यटन व्यवसाय पर पड़ा है।

पहलगाम पहुंचने पर रंगबिरंगे अक्षरों में सजे ‘पहलगाम’ बोर्ड के पास कुछ पर्यटक जरूर तस्वीरें खींचते दिख जाते हैं, लेकिन जैसे ही बाजार की ओर बढ़ते हैं, सुनसान सड़कें दिखती हैं। स्थानीय दुकानदार सालिक मोहम्मद मायूस स्वर में कहते हैं कि क्या करें, यह हमारी बदकिस्मती है। आतंकियों ने जो दाग लगाया है, उसे मिटाने में न जाने कितना वक्त लगेगा। हम विरोध में सड़कों पर भी उतरे, लेकिन विश्वास बहाली में वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि यहां कुछ पर्यटक आ रहे हैं, लेकिन रात में बहुत कम रुक रहे हैं। दिन में करीब 100-200 लोग आते हैं, जिनमें कुछ स्थानीय भी होते हैं। स्थानीय लोग अपील कर रहे हैं कि पर्यटक कश्मीर आएं और इस मुश्किल घड़ी में साथ दें।

देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार 16 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# सरकार की लापरवाही से यात्राओं में जोखिम

देश में यात्रा करना कितना जोखिम भरा हो चुका है, इसका एक दर्दनाक उदाहरण अहमदाबाद में 12 जून को हुआ विमान हादसा है। जिसमें विमान सवार यात्रियों में एक को छोड़ बाकी सभी 241 लोगों की जान चली गई और जिस बी जे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर विमान गिरा, वहां और आसपास की सड़कों पर मौजूद कई लोग इसमें मारे गए। कम से कम 279 लोगों की मौत बताई जा रही है, हालांकि आंकड़ा और बढ़ सकता है। मृतकों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण का सहारा लिया जा रहा है। फिलहाल विमान का ब्लैक बॉक्स मिल गया है तो हादसे के सही कारण की पड़ताल हो रही है। इस बीच सरकार ने एक जांच समिति गठित की है। लेकिन इस समिति के जो भी निष्कर्ष सामने आएंगे, क्या उनसे भविष्य के लिए कोई सबक लिया जाएगा, यह विचारणीय है। क्योंकि उत्तराखंड में रविवार सुबह एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट समेत सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई। जब से चारधाम यात्रा शुरु हुई है, उत्तराखंड में इस तरह के कम से कम पांच हादसे हो चुके हैं। 8 मई को हुए ऐसे ही एक हादसे में 6 लोगों की जान गई थी। ये भी सरकार की लापरवाही का नतीजा है कि उड़ान के नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया जाता। इधर 9 जून को मुंबई में लोकल ट्रेन में भीड़ अधिक होने से कम से कम पांच लोग पटरी पर गिरकर मर गए। सड़क दुर्घटनाओं का तो कोई ओर-छोर ही नहीं है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग या तो मारे जाते हैं या फिर बुरी तरह घायल होते हैं। जो पैदल चलते हैं, सड़कें उनके लिए भी सुरक्षित नहीं हैं।

इन दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की जगह सरकार की पूरी दिलचस्पी फोटो खिंचाने और बड़े-बड़े दावे करने में दिखाई देती है। अहमदाबाद हादसे के अगले दिन ही प्रधानमंत्री मोदी की कई तस्वीरें आई हैं, एक तस्वीर में ऊपर विमान का हिस्सा लटका हुआ है, श्री मोदी सिर उठाकर उसे देख रहे हैं और ये तस्वीर से नीचे से ऊपर खींची गई है, यानी इसके लिए फोटोग्राफर को लगभग लेट कर फोटो खींचनी पड़ी होगी। इसे देखकर लगा कि प्रधानमंत्री के लिए हर हाल में अलग-अलग एंगल से फोटो खिंचवाना कितना जरूरी है। वे चाहे गुफा में ध्यान लगाएं, विवेकानंद मेमोरियल में मौन चिंतन करें, केदारनाथ के दर्शन के लिए चढ़े या विमान हादसे का मुआयना करें, तस्वीरों में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। और जहां तक दुर्घटनाओं का सवाल है तो गृहमंत्री अमित शाह कह ही चुके हैं कि दुर्घटनाओं को रोका नहीं जा सकता। लेकिन क्या गृहमंत्री ब्रिटेन को भी ऐसा ही बोल सकते हैं, क्योंकि वह भी अपने नागरिकों की मौत की जांच करना चाहता है। ब्रिटेन तो सवाल करेगा कि जब दुर्घटनाओं पर आपका बस नहीं है तो फिर उड़ान के नियम, कानून, सुरक्षा मानक, आपदा प्रबंधन ये सब क्या दिखावे के लिए भारत में बने हैं। जब आपको कोई जिम्मेदारी लेनी ही नहीं है तो फिर मंत्रालय का गठन भी क्यों किया गया है, क्या केवल इसलिए कि मंत्रालय बताए कि सरकारी उड़ान सेवाओं में घाटा है और इस तरह सभी चीजों का निजीकरण कर दिया जाए। लगभग सारे विमानतल और बंदरगाह अडानी समूह के हवाले हो ही चुके हैं, जो थोड़ी बहुत सरकारी संपत्ति और प्रतिष्ठान बचे हैं, उन्हें भी अपने लोगों में बांटने का सिलसिला चल ही रहा है। अभी दिल्ली के चिड़ियाघर तक को अंबानी के हवाले करने की योजना बना ली गई है। पहाड़, खदानें, जंगल, तालाब, रेल, हवाई क्षेत्र, समुद्री इलाके सब व्यापारियों के हवाले कर दिया जाए तो फिर सरकार क्या केवल तस्वीर खिंचाने के लिए बनाई गई है, यह सवाल अब देशवासियों को उठाना होगा।

विपक्ष तो काफी अरसे से इन सवालों को उठा रहा है। लेकिन हर बार देश दुख में है, जैसे बहाने से सरकार सवालों को टालती है। इधर अनाप-शनाप खबरों को ट्रेंड करवा कर जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। इस हादसे में एक व्यक्ति रमेश विश्वासकुमार की जान बची, तो इस पर बेतुके सवाल होने लगे कि जब प्लेन गिर रहा था तो वे बाहर कैसे कूदे। इसी तरह आर्यन असारी नाम के छात्र ने विमान का गिरते हुए वीडियो बनाया तो उसे भी पुलिस पूछताछ के लिए ले गई, जबकि वह अपने गांव से पढ़ने आया था और हवाई जहाजों के वीडियो बनाकर अपने दोस्तों को दिखाना चाहता था। इस हादसे पर बाबा रामदेव ने कहा कि मुझे पता चला है कि विमान के रखरखाव और सेवा का काम तुर्की की एक एजेंसी करती थी। इस बेकार के इल्जाम पर अब तुर्की की कंपनी ने स्पष्टीकरण जारी किया है कि टर्किश टेक्निक ने कभी भी एअर इंडिया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का रखरखाव नहीं किया। टर्किश टेक्निक का एअर इंडिया के साथ रखरखाव समझौता है, लेकिन यह बोइंग 777 वाइड-बॉडी विमान तक ही सीमित है और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर को कवर नहीं करता है।

रामदेव के एक बेतुके आरोप ने भारत की जबरन किरकिरी करा दी। बहुत से लोग इस हादसे में कांग्रेस को दोषी ठहरा रहे हैं कि ये विमान कांग्रेस सरकार के वक्त खरीदा गया था और तब ऐसे कई घोटाले हुए थे। अगर ऐसा है तो भी 11 सालों में मोदी सरकार ने ऐसे घोटालों और पुराने विमानों की जांच क्यों नहीं की। उधर हिंदुत्व का खेल भी शुरु हो गया है कि इस हादसे में एक भगवतगीता बच गई। आज तक की पत्रकार श्वेता सिंह तो बाकायदा उसे प्रणाम करते दिखीं। अच्छी बात है कि एक किताब नहीं जली, लेकिन क्या ये सूचना उन दुखद कहानियों से बढ़कर है जो कम से कम दो सौ परिवारों का सच बन चुकी है।

शायद गंभीर हादसों पर हमारा लापरवाह रवैया दुखद कहानियों में नए पन्ने जोड़ता जा रहा है। बहरहाल अब देखना है कि मोदी सरकार इस हादसे को लेकर कोई बड़ा फैसला करती है या नहीं, ये बात भाजपा याद रखे कि इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी जान गई है।

# इजराइल दुनिया को एक बड़े युद्ध में झोंकने की तैयारी में!

विज्ञान और तकनीक में प्रगति इंसान की बेहतरी के लिए। मगर आज लग रहा है कि वह विनाश के लिए है। पूरी मानवता के विनाश के लिए। कुछ देशों ने उसका ऐसा ही विकास किया है।

एक समय था जब स्कूल में फिर कालेज में भी वाद-विवाद में यह विषय जरूर होता था कि विज्ञान वरदान या अभिशाप! वह समय नेहरू के साइंटिफिक टेंपर (वैज्ञानिक मिजाज) के बाद का था और देश में ही नहीं विदेशों में भी विज्ञान इंसान की जिन्दगी को आसान और खुशहाल बना रहा था।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया शांति की तलाश में थी और विज्ञान के जरिए उस शांति में सुख समृद्धि लाना चाहती थी। उसी दौर में हिटलर के अत्याचारों से एक पूरी कौम के नष्ट हो जाने की आशंका को देखते हुए दुनिया ने यहूदियों को जर्मनी से निकालकर अरब देशों के बीच एक सुरक्षित ठिकाना दिया। इजराइल नाम का एक नया देश बना। लेकिन जो पीड़ित था वह बाद में खुद दूसरों के लिए इतनी बड़ी समस्या बन जाएगा कि एक और बड़े युद्ध की आशंका दुनिया को डराने लगेगी यह किसी ने नहीं सोचा था।

पहले गजा में नरसंहार। दो साल होने जा रहे हैं। करीब 60 हजार फिलीस्तिनियों को इजराइल ने मारा। जिनमें बड़ी तादाद में बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ जो संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है बच्चों के लिए काम करने वाली, उसके आंकड़ों के मुताबिक जख्मी और मारे गए बच्चों की तादाद 50 हजार के करीब है। इजराइल ने गजा पहुंचने वाली सारी रसद दूध, दवाइयां बंद कर रखी है जिसकी वजह से मौत की संख्या रोज बढ़ रही है।

एक छोटा सा देश इजराइल जो चारों तरफ से अरब देशों से घिरा हुआ है किस तरह इतना अत्याचार कर पा रहा है। एक अमेरिका के समर्थन तो है मगर जिस तरह उसने नए-नए हथियार बना लिए हैं, सुरक्षा सिस्टम जिसे आयरन डोम कहा जाता है उससे वह खुद को अजेय और पूरी तरह सुरक्षित समझ रहा है।

इसी भ्रम में उसने ईरान पर हमला बोल दिया। लेकिन ईरान के जवाबी हमले ने उसके आयरन डोम से सुरक्षा की खुशफहमी को तोड़ दिया। मीडिया सारा पश्चिमी है। वह मुख्यत: इजराइल का साथ दे रहा है। इजराइल के हमले से ईरान को कितना नुकसान हुआ यह तो बढ़ा चढ़ाकर बता रहा है। मगर ईरान ने उसका कितना नुकसान किया इस पर कहता है कि ईरान के दावे हैं मगर इजराइल खंडन करता है।

यह मीडिया रुस-युक्रेन युद्ध में युक्रेन को उकसा रहा था। भारत से भी सारे न्यूज चैनलों को युक्रेन ले जाया गया था। यह पश्चिमी मीडिया अमेरिका के हितों को देखकर काम करता है। हमारे यहां भी लोग इसके प्रभाव में आ जाते हैं।

मगर भारत-पाक के बीच अभी हुए सीमित युद्ध में हम लोगों को इस पश्चिमी मीडिया ने झटका दिया। चूंकि अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा था तो उसका मीडिया भी पाकिस्तान के पक्ष में प्रचार कर रहा था।

हमें अपनी विदेश नीति देश हित के अनुरूप रखना चाहिए। मगर मोदी जी द्वारा इसे अपनी व्यक्तिगत छवि बनाने के लिए उपयोग करने से दुनिया में हम अकेले पड़ गए। सच को सच कहने के साहस की वजह से विश्व में हमारा सम्मान था। मगर अब हम बचने लगे। अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा में गजा में संघर्ष विराम के लिए हुई वोटिंग से हम दूर हट गए। मतलब हमने संघर्ष विराम के पक्ष में वोटिंग नहीं की। संदेश गया कि भारत शांति नहीं चाहता। 193 सदस्यीय महासभा में युद्ध विराम के पक्ष में 149 वोट पड़े। विरोध में केवल 12 और 19 देश जिनमें भारत भी था ढुलमुल। भारत ऐसा कभी नहीं था। वह तो इनमें से 120 देशों का नेतृत्व करता था। गुटनिरपेक्ष आंदोलन। नेहरू इसके नेता थे।

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने बहुत तगड़ा हमला किया। पूछा कि क्या आज युद्ध और नरसंहार के खिलाफ भी खड़े होने की मोदी सरकार में हिम्मत नहीं है? कांग्रेस ने कहा यह शर्मनाक है। भारत हमेशा शांति न्याय और मानवीय गरिमा के पक्ष में खड़ा रहा है।



शकील अख्तर

**समय आ गया है बदलाव का। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, इराक, कुवैत, कतर सब तेल के पैसों से बहुत अमीर देश हैं। मगर इजराइल की गुंडागर्दी का मुकाबला नहीं कर पाते। दुनिया के सारे आविष्कार, पैसा, अमेरिका, पश्चिमी देशों और इजराइल के पास। और इसी दम पर यह सब मिलकर 57 इस्लामिक मुल्कों को कुछ नहीं समझते।**

मोदीजी भूल रहे हैं कि पिछले दिनों बिहार चुनाव के समय उन्होंने जिन दिनकर को याद किया था। उन्होंने लिखा था कि 'जो तटस्थ हैं समय लिखेगा उनके भी अपराध!' और उनके ही गुजरात सूरत के शायर वसीम मलिक ने इसे और आगे बढ़ाते हुए कहा है कि - -

'इसलिए जिन्दा हूं कि मैं बोल रहा हूं
दुनिया किसी गूंगे की कहानी नहीं लिखती!'

खैर मोदी जी को कौन समझा सकता है। अचानक सीज फायर पर तो भाजपा और संघ भी उन्हें नहीं समझा पाए। अब तो वक्त ही उन्हें समझाएगा। मगर बात हम कुछ दूसरी कर रहे थे। लेकिन आजकल आप बात कोई करो मोदी जी ने इतना निराश कर दिया है कि बात उन तक आ ही जाती है।

बात थी दुनिया पर मंडराते एक बड़े युद्ध के खतरे की। जिसे इजराइल ने शुरू किया है। जिस देश से सीमा नहीं मिलती, बीच में कई देश आते हैं, ढाई हजार किलोमीटर दूर है उस पर हवाई हमले करके। उसकी आबादी केवल 90 लाख है। ईरान की 9 करोड़। भूभाग इजारइल का केवल 22 हजार वर्ग किलोमीटर है और ईरान का 16 लाख वर्ग किलोमीटर से ज्यादा। मतलब 70 गुना ज्यादा क्षेत्रफल और 10 गुना ज्यादा आबादी।

और एक तथ्य बताते हैं इजराइल चारों तरफ से अरब देशों से घिरा हुआ है। और दुनिया में 57 इस्लामिक कंट्री हैं। जो खुद को फिलिस्तीनियों के अधिकारों का समर्थक बताते हैं। इनका एक संगठन भी है इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) लेकिन गजा में नरसंहार के दो साल होने जा रहे हैं यह संगठन अभी तक इसे रोकने की कोई ठोस पहल नहीं कर पाया। इसमें सउदी अरब जैसे अमेरिका के कई निकटतम मित्र देश हैं। मगर अमेरिका गजा में युद्ध विराम नहीं होने देता और उसके साथ बहुत मधुर संबंध रखने वाले इस्लामिक देश जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है उससे कुछ नहीं कह पाते।

समस्या क्या है? वही, जो हमने शुरू में कही। विज्ञान और तकनीक का उपयोग तरक्की के लिए करना। इस्लामिक देशों ने इस नजरिए से कभी सोचा ही नहीं। मार्डन एजुकेशन साइंस और टेक्नोलाजी में वे इजराइल से बहुत पीछे रह गए। इसलिए इतना छोटा देश अपने जन्म के बाद से इस्लामिक मुल्कों को लगातार चैंलेज कर रहा है। हमने ऊपर ही लिखा कि विज्ञान को विनाश तक ले जाने के बहुत दुष्परिणाम होंगे। इजराइल वही कर रहा है।

ईरान परमाणु शक्ति सम्पन्न देश है। ढाई हजार किलोमीटर जाकर उस पर हमला करने को वह या कोई भी देश स्वीकार नहीं कर सकता। और वह भी उससे आबादी और क्षेत्रफल दोनों में बहुत छोटा।

मगर ईरान सहित दूसरे सभी इस्लामिक मुल्क जिन्हें इजारइल लगातार 1948 से अपनी स्थापना के बाद से चैलेंज कर रहा है इसलिए उससे अभी तक नहीं जीत सके कि साइंस टेक्नालाजी एजुकेशन अर्थव्यवस्था किसी में भी वह सब मिलकर भी इजराइल के बराबर नहीं हैं।

समय आ गया है बदलाव का। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, इराक, कुवैत, कतर सब तेल के पैसों से बहुत अमीर देश हैं। मगर इजराइल की गुंडागर्दी का मुकाबला नहीं कर पाते। दुनिया के सारे आविष्कार, पैसा, अमेरिका, पश्चिमी देशों और इजराइल के पास। और इसी दम पर यह सब मिलकर 57 इस्लामिक मुल्कों को कुछ नहीं समझते। बस इनके शेख अमेरिका के राष्ट्रपति से मिलकर उन्हें दुनिया के महंगे जहाज से लेकर और दूसरे महंगे-महंगे तोहफे देकर खुश हो जाते हैं।

लेकिन यह नहीं समझते कि इजराइल के मुकाबले अमेरिका इन्हें कभी बचाएगा भी नहीं। मार्डन एजुकेशन, साइंस, टेक्नालाजी में पैसा खर्च करें। तड़क-भड़कदिखाने में नहीं। इस समय सब आपसी विवाद भूलकर साथ खड़े होने का मौका है।

गजा में पूर्ण युद्ध विराम और ईरान पर हमले रोकना तत्काल जरूरी है। और अगर सारे इस्लामिक कंट्री साथ खड़े हो जाएं तो अमेरिका को यह करना पड़ेगा। बेवकूफियों में इन्होंने बहुत बर्बाद कर दिया है। और ईरान पर हमले के बाद भी नहीं चेते तो फिर कोई इज्जत नहीं बचेगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# 'स्टार्टअप्स' के लिए जरूरी है, समझ की तब्दीली

**■ अरविंद सरदाना**

हाल ही में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक मीटिंग में भारत के स्टार्टअप्स को फटकार लगाते हुए कहा कि भारत के स्टार्टअप दुकानदारी-नुमा नवाचार कर रहे हैं। मेहनती हैं, किन्तु केवल बाज़ार व्यवस्था में खरीदने-बेचने के नए तरीके के ही प्रयोग कर रहे हैं। इसकी तुलना में चीन में अधिकांश स्टार्टअप तकनीकी क्षेत्र में प्रयोग करते हुए प्रगति की राह पर चल रहे हैं। मंत्री जी का यह कथन सही है, लेकिन क्या इसमें स्टार्टअप का दोष है या सरकारी नीतियों की कमी और उनकी दूरदृष्टि का अभाव?

भारत में किसी भी स्टार्टअप के मूल में दो बातें देखी जाती हैं ङ्क एक, नवाचार और दूसरी, बाज़ार में सफलता! नवाचार की दृष्टि से यह परखा जाता है कि उस विचार में कितना दम है, क्या यह प्रयोग करने योग्य है? साथ-ही-साथ यह प्रश्न भी पूछा जाता है कि क्या यह बाज़ार में चल पायेगा?

हम यह भूल रहे हैं कि बाज़ार का आकलन बहुत दूरदृष्टि का नहीं हो सकता। एक विचार जो पुख्ता है, लेकिन उसके बाज़ार में टिकने की सम्भावना नहीं है, ऐसे स्टार्टअप को वित्तीय मदद कौन करेगा? टेक्नालॉजी में अधिकांश नए विचार शोध के क्षेत्र में होते हैं जो विश्वविद्यालयों या विशेष शोध-संस्थानों में किए जाते हैं। इनमें से कई विचारों को बाजार में उतरने में कई बरस या दशक लग जाते हैं तब जाकर स्टार्टअप की कल्पना की जा सकती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि विज्ञान एवं टेक्नालॉजी में शोध करने वाले कई असफलताओं से गुज़रकर ज्ञान के भंडार को पुख्ता करते हैं।

**टेक्नालॉजी में शोध की नींव कमज़ोर है तो स्टार्टअप हवा से प्रकट नहीं होंगे। शोध में निवेश करना सरकार का काम है। कई दशकों से चीन इस दिशा में बड़ी मात्र में निवेश कर रहा है। वर्तमान उदाहरण ही लें तो इस समय चीन का रिसर्च और डेवलपमेंट का बजट 715 अरब डॉलर है जो भारत से दस गुना अधिक और कई सुनियोजित प्लानिंग के साथ किया गया है।**

यदि टेक्नालॉजी में शोध की नींव कमज़ोर है तो स्टार्टअप हवा से प्रकट नहीं होंगे। शोध में निवेश करना सरकार का काम है। कई दशकों से चीन इस दिशा में बड़ी मात्र में निवेश कर रहा है। वर्तमान उदाहरण ही लें तो इस समय चीन का रिसर्च और डेवलपमेंट का बजट 715 अरब डॉलर है जो भारत से दस गुना अधिक और कई सुनियोजित प्लानिंग के साथ किया गया है।

हमारे एक विज्ञान के साथी ने एक घटना सुनाई जो इस बात को दर्शाती है। दो दशक पहले जब वे जर्मनी के एक लैब में अपना पोस्ट-डॉक्टरेट काम कर रहे थे तो उनके जैसे कई स्टूडेंट चीन से थे, पर खास बात यह थी कि चीन के छात्रों के साथ उनकी मदद करने वाले एक सीनियर वैज्ञानिक भी थे जो इस बात का भी आकलन कर रहे थे कि हम यह लैब चीन में कैसे बना सकते हैं। उन्होंने चीन सरकार को इसकी रिपोर्ट पेश की और एक दशक बाद चीन की यूनिवर्सिटी से उस प्रकार के उच्चतम स्तर के शोधपत्र निकल रहे थे जो इस बात को सिद्ध करता था कि उनके देश में उस प्रकार के लैब बन गए थे।

इसे एक अन्य उदाहरण से भी समझा जा सकता है। चीन के बाद भारत मोबाइल फ़ोन का सब से बड़ा निर्यातक है, पर दोनों में खास अंतर है। चीन में जब मोबाइल फ़ोन बनता है तो उसका लगभग 90 फीसदी तकनीकी हिस्सा चीन में ही बनाया जाता है। भारत में बनने वाले मोबाइल फ़ोनों के 75 फीसदी तकनीकी पार्ट्स बाहर से आयात किए जाते हैं। इस प्रकार के तकनीकी उद्योग जो मोबाइल फ़ोन के अलग-अलग खास पार्ट्स बना पाएं, उनको भारत सरकार एक इको-सिस्टम में नहीं ढाल पाई। तकनीकी उद्योग की नींव में जो शोध होना चाहिए वह भी नहीं बन पाया है।

इसका एक कारण है कि हमने इंफ्रास्ट्रक्चर को केवल सड़क, पानी और बिजली तक सीमित रखा है। ये सब उपलब्ध हों तो निजी उद्यमी अपने आप उद्योग का निर्माण करेंगे, किन्तु आज के समय के लिए यह समझ अधूरी है। इंफ्रास्ट्रक्चर का अहम हिस्सा है तकनीकी ज्ञान भंडार और उसमें कुशल मानव संसाधन। यदि यह देश में उपलब्ध नहीं है तो सरकार का काम है उसे उपलब्ध करवाए। इसमें सरकार की कई भूमिकाएं हैं - खुद कारखानों में निवेश करना व चलाना, शोध के लिए विशेष कदम उठाना और उन विदेशी कम्पनियों को लाना जिनके पास यह टेक्नालॉजी है। इन क़दमों के बिना इस प्रकार के उद्योग नहीं लग सकते। तकनीकी ज्ञान आपको आसानी से कोई नहीं देगा।

हम 'मेक इन इंडिया' करना चाहते हैं। नारा सही है, पर उसकी कारगर नीति नज़र नहीं आती। उद्योग के लिए ज़रूरी है नए कारखाने लगें और एक तरह का जाल या आपसी सम्बन्ध बने जहां एक का सामान दूसरा उपयोग करता हो। देश के लिए औद्योगीकरण में गहराई तभी बनती है, जब किसी भी सामान को बनाने के अधिकांश पार्ट्स हम देश में बना सकते हैं। यहां विस्तृत योजना की ज़रूरत है। कुछ क्षेत्रों में सरकार को खुद निवेश करना होगा।

वर्तमान समय के अध्ययन बताते हैं कि हम कारखानों के लिए ज़रूरी सामान का बड़ा हिस्सा आयात कर रहे हैं। अधिकांश चीन पर निर्भर हैं। प्राइवेट सेक्टर को जब तक सस्ता आयात करने का अवसर रहेगा तब तक वह इस दिशा में निवेश नहीं करेगा। उसकी सोच 'दुकानदारी' की होती है, दूरगामी नहीं। उदाहरण के लिए हम दवा उद्योग के क्षेत्र में अव्वल हैं, परन्तु इसका बहुत सारा ज़रूरी सामान चीन से आयात होता है। यदि यही सामान देश में बनाना है तो सरकार को खुद निवेश करना होगा और उसका तकनीकी ज्ञान हासिल करना होगा। हम इस नारे में फंस गए हैं कि सरकार को कारखाने नहीं लगाने चाहिए। नतीजे में ज़रूरी बुनियादी उद्योग की अवधारणा को भूलकर नेहरूवादी आद्योगिकीकरण को नकारा बताने की निरर्थक बहस में मशगूल हो गए हैं।

इन सभी कारणों को मिलाकर देखें तो दुकानदारी-नुमा स्टार्टअप का बनना हमारे वातावरण की उपज है। हमने ऐसा माहौल तैयार नहीं किया है जहां सरकार तकनीकी शोध में अधिक निवेश करती हो, जहाँ 'सार्वजनिक क्षेत्र' के उद्योगों द्वारा बुनियादी क्षेत्र में निवेश किया जा रहा हो या फिर विशेष कम्पनियों को टेक्नालॉजी ट्रान्सफर के लिए सरकारी कम्पनी के साथ अनुबंध किया जाए। हमारी नीतियां बाज़ार व्यवस्था में प्रोत्साहन देने पर टिकी हैं जिससे वातावरण बन जायेगा और निजी क्षेत्र स्वाभाविक रूप से तकनीकी ज्ञान की भरपाई कर लेगा। इस सोच को बदलने की ज़रूरत है।

**(लेखक 'एकलव्य फॉउन्डेशन' के पूर्व-निदेशक हैं।)**



## ललित सुरजन की कलम से

### जनतांत्रिक शक्तियों की विजय

*'हमारी चुनाव प्रणाली में जिसे सबसे ज्यादा वोट मिले वह जीत जाता है। इसमें वोट प्रतिशत की बात गौण हो जाती है। जब जीतने वाली पार्टी का वोट प्रतिशत आधे से कम हो तथा उससे सबक लेकर सारे विपक्षी एकजुट हो जाएं तो यही तत्व अपने आप महत्वपूर्ण हो जाता है। अतीत में हमने देखा है कि जब-जब गैरकांग्रेसी दल एकजुट हुए हैं कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ा। इस बार बिहार में भाजपा-विरोधी तीन दल एकजुट हो गए तो समीकरण बदल गए और भाजपा के हिस्से ऐसी शोचनीय पराजय आई। भाजपा ने महागठबंधन को तोडने और कमजोर करने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं रखी। उसने जदयू के दागी नेताओं को टिकट दिए, दलबदल को बढ़ावा दिया, ओवैसी को प्रच्छन्न समर्थन दिया, मुलायम सिंह के साथ भी गुपचुप दोस्ती की लेकिन उसकी कोई भी युक्ति कारगर नहीं हो सकी।'*

**(देशबन्धु में 09 नवंबर 2015 को प्रकाशित विशेष सम्पादकीय)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/11/blog-post_8.html

## गुरवाणी विचार

### नानक दास संत पाछै परिओ सरण लेहो ऐह बारी

लोभ लहरि उठी नीझर बाजै काइआ डूबे केसवां
संसार समुंदे तारि गोबिंदे तारि लै बाप बीठला
अनिल बड़ा हौ खेविन न साकौ तेरा पार न पाइआ बीठना
होय दिआल सतगुरु मेलि तूं मोको पार उतारे केसवा
नामा कहे हौं तर भी न जानों मोको बाहि दे बांहिदे बीठला।

भक्त नामदेव की वाणी की इन पंक्तियों द्वारा प्रभु परमात्मा के अरदास बिनती कर रहे हैं कि हे केशव परमात्मा संसार के सारे जीव संसार रूपी समुंद्र में लोभ, मोह अहंकार काम,क्रोध की लहरे हर वक्त बड़ी जोर-जोर से उठती रहती है। ऐसा लगता है कि सारे संसार समुद्र का पानी बड़े उछल रहा है और इन लहरों भर समुद्र में मेरी जीवनरूपी नौका डूबते जा रही है लोभ मोह हर वक्त मेरे जीवन को ग्रसते जा रहा है जिसकी वजह से मेरी जीवन रूपी नैया डूबती जा रही है। लोभ के अधीन रहने के कारण मेरा मन आप की सिमरन बंदगी में लग नहीं पा रहा है। वह हर वक्त विषय विकारों, सांसारिक मोह माया में ही गलतान रहता है। इस तरह की व्यथा वह अपनी इस शब्द में प्रकट कर रहे हैं और प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे हैं कि आप ही मुझ पर कृपा दृष्टि डालो ताकि मैं आपकी सिमरन बंदगी में लग सकूं। मेरा मन सांसारिक मोह माया से परे विषय विकारों से परे आपकी सिमरन बंदगी में लग जाऊं। जीवन रूप नैया को खेकर सुचारू रूप से आपके लोक में जा सकूं। आपरके सांची दरबार में स्थान पा सकूं अतएव ऐ मेरे बीठल पिता, माया मोह में निर्लेप परमपिता इस लोभ से भरे संसार पार उतार लो। जिस तरह समुद्र में तूफान आते हैं हर नाव को चप्पू चलाकर इन तूफानों पार उतारना बड़ा मुश्किल होता है। प्रभु की विशेष कृपा हो जाने पर ही सुचारू रूप से पार उतारा जा सकता है ठीक उसी तर ह हर इंसान की जीवन नौका लोभ. मोह, विषय विकारों के भंवर में फंसी हुई हैजिसके कारण इसका मन सांसारिक मोह माया में ज्यादा फंसा रहता है और अपने जनक परमात्मा को भुला बैठा है।

प्रभु प पर हीरमात्मा की रहमते नजर पड़ने पर ही वह प्रभु सिमरन बंदगी में लग सकता है, सिमरन बंदगी में लगकर ही अपने पुण्य का बैंक बैलेंस बढ़ा सकता है और पुण्य का खाता हढ़ने पर ही इसे धर्मराज की कचहरी में पेश होने पर प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त हो सकता अत: हमें हर वक्त प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए-

तुम करो दया मेरे सांई
ऐसी बुद्धि करो परगासा
सदा सदा तुध धिआई।

हर इंसान को भक्त नामदेव की तरह प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए। ताकि वह सांसारिक मोह माया के जाल से बचा रह सके। हाथ-पैर से दैनिक कार्य करते हुए मन सदा निरंकार के साथ जुड़ा रहे तभी वह प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्रात कर सकता है। अत: हर वक्त प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करता रहे-

सद बरबसंद सदा मेहरबाना, सभना देह आधारी
नानक दास संत पाछै परिओ सरण लेहो ऐह बारी।

**-इंदर सिंह आहूजा**

## आपके पत्र

### जनसंख्या का समीकरण कमजोरी या ताकत?

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा,अब समय आ गया है जब देश की सरकार और समूचे जनसंख्या प्रबंधन की इकाइयों को सक्रिय होकर बढ़ती जनसंख्या और उपलब्ध संसाधनों के बीच सामयिक संतुलन बनाकर बड़ी जनसंख्या को बोझ न मानकर एक शक्ति के रूप में स्थापित इसका सर्वाधिक दोहन राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए निहित करे,निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है कि हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम सही तरीके से विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर इसे राष्ट्र के विकास के श्रोत की तरह विकसित करें। भारत की युवा और दिवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नालॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 141 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चीन 145( अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। भारत में युवा जनसंख्या 55 फीसदी से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्तियुक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद ।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा।

कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं।

**-संजीव ठाकुर**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
सोमवार,16 जून 2025

उल्टा पुल्टा

गुरुजी- बच्चो, मुझे बताओ कि पहले जिस जगह का नाम मद्रास था, अब उसे किस नाम से जाना जाता है ?

एक बच्चा- चैन्नई

गुरुजी -बिलकुल सही जवाब।

अब मुझे बताओ कि चैन्नई ये नाम क्यों रखा गया?

बच्चा- सर, वहा के लोग लुंगी पहनते हैं। और लुंगी में पेंट की तरह चैन नही होती, इसलिये (चैन नही) चैन्नई ये नाम रखा गया।

# बदमाशों,गुंडों,निगरानी शुदा लोगों की आई शामत,पुलिस ने किया धरपकड़

## 11 स्थायी वारंट व 19 गिरफ्तारी वारंट सहित 30 वारंटी तामील









### जिला बदर किए गए बदमाशों और 159 गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को किया गया गया चेक

**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र कुमार जायसवाल तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसीसीयू) अनुज कुमार के नेतृत्व में शहरी एवं ग्रामीण थाना क्षेत्रों में एक विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया।

इस अभियान के दौरान समस्त थाना-चौकी क्षेत्रों में सक्रिय गुंडा व निगरानी बदमाशों की सकुनत (निवास स्थान) पर जाकर गुजर-जाँच, वारंटियों की धरपकड़, बदमाशों को थानों में तलब कर पूछताछ, तथा संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट लेकर तथा आसीजेएस पोर्टल के माध्यम से गहन तलाशी की गई। इसके साथ ही बिलासपुर में अवैध तरीके से रहने वाले विदेशी नागरिकों के बारे में भी तस्दीक की गई।

अभियान के मुख्य उद्देश्य जिले में असामाजिक तत्वों पर निगरानी बढ़ाना, गुंडा/निगरानी बदमाशों की गतिविधियों का आकलन,संदिग्ध व्यक्तियों की तस्दीक करना तथा स्थायी/गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ सुनिश्चित करना था।

इस अभियान के दौरान 11 स्थायी वारंट एवं 19 गिरफ्तारी वारंट सहित कुल 30 वारंट तामील किए गए।वर्तमान में जिलाबदर 3 बदमाशों तथा पूर्व में जिलाबदर किए गए 21 बदमाशों को चेक किया गया। 2 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।कुल 159 गुंडे एवं निगरानी बदमाशों को चेक किया गया। वहीं थाने न आने वाले गुंडे एवं निगरानी बदमाशों को भी उनके घर पर जाकर चेक किया गया और 62 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर पूछताछ की गई।

इस सघन चेकिंग अभियान में 5-6 वर्षों से फरार स्थायी वारंटियों की भी गिरफ्तारी की गई है। थाना सीपत एवं कोटा के विभिन्न प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे 2 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। इसके साथ ही अन्य प्रमुख बदमाशों को भी तलब कर उनकी गतिविधियों की समीक्षा की गई। कुछ अन्य चिन्हित बदमाश, पूर्व की कार्यवाहियों के फलस्वरूप वर्तमान में जेल में निरुद्ध हैं।

यह सतत अभियान बिलासपुर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चलाया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनी रहे तथा असामाजिक तत्वों में पुलिस का स्पष्ट भय बना रहे। बिलासपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि आपके जानकारी में कोई भी ऐसा संदिग्ध व्यक्ति निवास कर रहा हो, जो स्थानीय न हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## संपादकीय

### हर बच्चे को मिले शिक्षा

*छत्तीसगढ़ स्कूली शिक्षा बोर्ड का सोमवार से वर्ष 225-26 का शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ हो रहा है। युक्तियुक्तकरण के बाद यह पहला सत्र है सो इससे कई तरह की उम्मीदें होनी स्वाभाविक हैं- राज्य सरकार के साथ जनता को भी। शासकीय शालाओं में पढ़ने वाले लाखों छात्र-छात्राओं के पालकों एवं अभिभावकों को आशा है कि इस लिहाज़ से 225-26 का सत्र अलग होगा कि कोई भी ऐसी स्कूल नहीं होगी जो शिक्षकविहीन हो। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन को निर्देश दिये हैं कि कोई भी बच्चा शालेय शिक्षा से वंचित न रहे। उनका सपना है कि व्यवस्था इतनी अच्छी हो कि 12वीं तक शालात्यागी बच्चों की दर शून्य हो। यानी कम से कम इस पायदान तक तो हर बच्चा पहुंचे। प्रदेश का शैक्षिक स्तर सुधारने के लिये यह बहुत ज़रूरी है। फिलहाल राज्य की शिक्षा का स्तर संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। युक्तियुक्तकरण के फैसले से लगभग 1 हजार स्कूल प्रभावित हुए हैं। इसका उद्देश्य हर शाला में शिक्षकों की उपलब्धता तथा नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत राज्य की शिक्षा को बेहतर करना है। सरकार का दावा है कि युक्तियुक्तकरण के बाद कोई भी स्कूल ऐसा नहीं रह जायेगा जिनमें शिक्षक न हो। इससे शिक्षक-छात्र अनुपात भी सुधर सकेगा। अब सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हर स्कूल में सभी विषय पढ़ाने वाले शिक्षक उपलब्ध हों। प्राइमरी कक्षाओं तक तो उतनी दिक्कत नहीं आती क्योंकि ज्यादातर शिक्षक इस स्तर तक के बच्चों को विभिन्न विषय पढ़ा सकते हैं लेकिन ये बच्चे जैसे-जैसे उच्चतर कक्षाओं में जाते हैं, उन्हें विषयानुसार जानकार तथा प्रशिक्षित शिक्षकों की ज़रूरत पड़ती है। विशेष रूप से अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषयों को लेकर यह स्थिति बनती है। 1वीं तथा 12वीं की कक्षाओं में कामचलाऊ शिक्षक नहीं चल सकते। कॉमर्स, विज्ञान और कला विषयों के लिये पृथक शिक्षकों की आवश्यकता होती है वरना बच्चों तथा समग्र रूप से स्कूलों के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विधानसभा के पिछले सत्र के दौरान अपने अनुपूरक बजट में राज्य सरकार ने विभिन्न सार्वजनिक संरचनाओं की मरम्मत के लिये बडी राशि आवंटित की थी। उम्मीद है कि स्कूल बन्द होने के बाद से अब तक के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान हर स्कूल को बच्चों के लिये सुविधाजनक बना दिया गया होगा। कई बार छतों एवं दीवारों पर से प्लास्टर उखड़कर बच्चों पर गिरने जैसी घटनाएं होती हैं। छतों से जल रिसाव होने, कक्षाओं में पानी भर जाने, चारदीवारी टूटने जैसी घटनाएं होती हैं जिनसे हादसे होते हैं। आशा है कि टंकी व कूलरों की सफाई, बिजली-पंखे आदि में सुधार जैसे काम भी हो चुके होंगे। शिक्षण सामग्री तथा यूनिफॉर्म आदि का वितरण भी तत्काल किया जाना चाहिये ताकि शिक्षक- विद्यार्थी प्रारम्भ से ही अध्ययन में जुट जायें।*

## सार-संक्षेप

### चोरी किये गए मैस्ट्रो स्कूटी बरामद सरकण्डा पुलिस को मिली सफलता


**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। प्रार्थी प्रतीक गुप्ता निवासी सीपत चौक सरकण्डा ने एक जून को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह आर.के. फैशन दुकान चलाता है, जो प्रतिदिन की तरह 31 मई की रात्रि में अपने दुकान के सामने मैस्ट्रो स्कूटी क्रमांक सी जी 10 वी 7006 को खड़ा किया था, जो एक जून की सुबह जाकर देखा तो स्कूटी वहां पर नहीं था।



कोई अज्ञात व्यक्ति स्कूटी को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, प्रकरण की विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी।कि प्रार्थी के दुकान एवं आसपास में लगे सीसीटीव्ही फूटेज के अवलोकन पर 2 संदेही स्कूटी को रात्रि करीब 04.30 बजे के आसपास लेकर जाते हुये दिखाई दिये जिनके संबंध में पतासाजी किया जा रहा था कि रविवार को फूटेज एवं मुखबिर सूचना के आधार पर चिगराजपारा के दो नाबालिक बालकों के रूप में पहचान हुई। थाना प्रभारी सरकण्डा निरीक्षक निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम तैयार कर तत्काल संदेहियों की पता तलाश हेतु मौके पर टीम भेजा गया। जिनके द्वारा रेड कार्यवाही कर संदेही नाबालिक बालकों को तलब कर पूछताछ करने पर स्कूटी चोरी करना स्वीकार करते हुये चोरी किये मैस्ट्रो स्कूटी बरामद कराये।जिसे विधिवत् जप्त कर विधि से संघर्षरत् नाबालिकों के विरूद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही की गई है।

### 52 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब के साथ एक ग्रामीण गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। कोनी थाना प्रभारी राहुल तिवारी को शनिवार को सूचना मिली कि ग्राम जलसो में संतोष वर्मा अवैध रूप से हांथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है।सूचना पर कोनी थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम भेजकर संतोष वर्मा के घर ग्राम जलसो में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी संतोष वर्मा पिता स्व. रमाकांत वर्मा उम्र 45 वर्ष साकिन जलसो थाना कोनी के कब्जे से कुल 52 लीटर हांथ भट्ठी से बनी कच्ची महुआ शराब कीमती 10,400 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आबकारी अधिनियम 34(2) के तहत् कार्रवाई की जा रही है। थाना कोनी में दिनांक 25.05.2025 से लगातार अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आबकारी के 14 प्रकरण दर्ज किए गए हैं जिसमें अवैध शराब परिवहन करने वाले दो पहिया वाहन 01 एक्टिवा एवं एक मोटरसाइकिल सहित 92 लीटर हाथ भट्टी का महुआ शराब एवं 45 लीटर देशी शराब जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस बेहतर और प्रभावी कार्यवाही के लिए ज़िले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कोतवाली अक्षय प्रमोद साबद्रा, थाना प्रभारी कोनी राहुल तिवारी और स्टाफ़ की सराहना की है ।



## आज से खुलेंगे स्कूल,जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव सरकंडा में

**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। डेढ़ महीने के अवकाश के बाद कल 16 जून को स्कूल खुलेंगे। राज्य सरकार इसे जनता की भागीदारी के साथ उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस क्रम में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम कल सोमवार 16 जून को आयोजित किया गया है। पीएमश्री सैजेस कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सरकंडा में दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में इस मौके पर विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, श्री धर्मजीत सिंह, श्री दिलीप लहरिया, श्री सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, सभापति नगर निगम विनोद सोनी तथा उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती ललिता संतोष कश्यप शामिल होंगी।

### बदनाम करने की नीयत से अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर भेजने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। शुक्रवार को ग्राम लखराम निवासी प्रार्थिया ने थाना रतनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम अकलतरी का रहने वाला शिवा देवांगन के पिता प्रार्थिया के घर में किराये पर रहता है।




इसी बात पर शिवा देवांगन प्रार्थिया से रंजिश रखते हुये प्रार्थिया को बदनाम करने की नीयत से प्रार्थिया के मोबाईल पर प्रार्थिया की बेटी का फोटो एडिट किया अश्लील फोटो भेजा। जिसे प्रार्थिया के द्वारा मना करने पर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दिया । पूर्व में भी आरोपी के द्वारा पालतू कुत्ता को तलवार से काटकर मार दिया था ।


प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना रतनपुर में अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी रतनपुर के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपी शिवा देवांगन को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार चौहान, उपनिरी.मेलाराम कठौतिया, आर. हरनारायण नेटी, बिजेन्द्र रात्रे का विशेष योगदान रहा।

## प्री-मानसून अनुरक्षण के कार्य तीव्रगति से पूरे किए जा रहे

### वर्षाकाल में भी व्यवधान-मुक्त रेल सेवा प्रदान करने प्रतिबद्ध है बिलासपुर रेल मंडल

**बिलासपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा मानसून के दौरान भी सुगम एवं निर्बाध रूप से व्यवधान-मुक्त रेल सेवा प्रदान करने हेतु प्री-मानसून तैयारी के कार्य तीव्र गति से पूरे कराये जा रहे हैं।

मंड़ल रेल प्रशासन द्वारा मानसून के दौरान गाड़ियों के पहिये को चलायमन रखने और निर्बाध रेल सेवा सुनिश्चित करने के लिए सभी सेक्शनों के जलभराव वाले स्थानों, बोल्डर स्खलन होने वाले पहाड़ों, साइड ड्रेन, पुलों में पानी निकासी के रास्तों, पहाड़ों से आने वाली पानी के ड्रेन प्रणाली आदि का गहन निरीक्षण कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराया गया है। जलभराव वाले स्थानों पर पानी की निकासी हेतु पाइप लगाए गए हैं। बोल्डर स्खलन होने वाले पहाड़ों के पास स्खलन को रोकने तथा बोल्डर गिरने वाले क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर सभी ढीले बोल्डर हटा दिए गए हैं। पहाड़ों से आने वाली पानी के ड्रेन प्रणाली को पटरियों में आने से रोकने हेतु ड्रेन को डायवर्ट किया गया है। इसके साथ ही साथ नालियों तथा ड्रेन प्रणाली के आसपास के कचरों को हटाकर विशेष सफाई कराई गई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर चौबीसों घंटे मोबाइल/स्थिर गश्ती दल तैनात किए जा रहे हैं। तूफान के दौरान ट्रैक पर गिरने वाले पेड़ों को हटाने/छंटाई/काटने का काम पूरा किया जा रहा है। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में स्टेशन/यार्ड में क्रॉस और अनुदैर्ध्य नालियों की व्यवस्था की गई है। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में काम करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में कर्मचारियों को परामर्श भी दिया गया है।



इसके अलावा मंडल के सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा मानसून पूर्व सावधानी अभियान चलाया गया है, जिसके तहत समपार फाटकों, रेल पुलों, रेल पथों, संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े संसाधनों, ओ.एच.ई.लाइन, सम्बद्ध उपकरणों, सिग्नल प्रणाली आदि का सघन निरीक्षण एवं जांचकर आवश्यकतानुसार उनका अनुरक्षण किया गया है, जिससे बारिश के दौरान भी रेल परिचालन निर्बाध और सुचारू रूप से चलता रहे । मंडल में अत्यधिक बारिश की स्थिति में उपयोग के लिए मानसून रिजर्व सामग्री जैसे मालगाड़ी के डिब्बों में रेती एवं पत्थर, गिट्टी आदि जमा कर संबन्धित स्थानों पर रखी गई है जिससे किसी भी आपातकालीन स्थिति से आसानी से निपटा जा सके।

## महंगाई भत्ता सहित 13 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 को सभी जिला मुख्यालय में किया जाएगा प्रदर्शन

**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जी आर चंद्रा, जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव एवं सचिव किशोर शर्मा ने बताया कि प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 18 मई 2025 को प्रदेश कार्यालय रायपुर में लिए गए निर्णय अनुसार मांगों का ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को भेज कर सूचित किया गया है कि दिनांक 18 जून 2025 के पूर्व महंगाई भत्ता सहित 13 सूत्रीय मांगों पर निर्णय नहीं लिए जाने की स्थिति में संघ द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालय में 18 जून 2025 को भोजनावकाश में प्रदर्शन कर माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव महोदय के नाम कलेक्टरों को ज्ञापन सौपा जाएगा

आगे बताया गया कि केंद्र एवं मध्य प्रदेश के कर्मचारियों तथा पेंशनरों को वर्तमान में 55त्न महंगाई भत्ता प्रदाय किया जा रहा है, केंद्रीय कर्मचारियों एवं अविभाजित मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश नगदी कारण दिया जा रहा है, शिक्षक /लिपिक सहित विभिन्न संवर्गों के वेतन वि संगति हेतु गठित समिति का प्रतिवेदन सार्वजनिक किया जावे, प्रदेश के सभी अधिकारी /कर्मचारियों को सेवा काल में चार स्तरीय वेतनमान आदेश जारी करने, उत्तर प्रदेश की भाती छत्तीसगढ़ के अधिकारी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था, सभी संवर्गों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देश जारी करने, संविदा/ दैनिक/ अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जावे तथा मध्य प्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए, शासन द्वारा श्रम सम्मान निधि का भुगतान आदेश पुन: सभी विभागों को प्रदान करने हेतु निर्देश दिए जाने, अनुकंपा नियुक्ति से आए लिपिको को पूर्व की भांति कार्यालय प्रमुखों को कौशल परीक्षा हेतु अधिकृत करने, सभी विभागों के आकस्मिक निधि से नियमित सेवा निवृत कर्मचारियों को अवकाश नगदी कारण दिए जाने संबंधी आदेश, शासकीय सेवा में नियुक्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों की नियुक्ति दिनांक से 1 वर्ष के भीतर मृत्यु होने पर भी अनुग्रह अनुदान की भुगतान आदेश जारी किए जाने, सघो को अविभाजित मध्य प्रदेश की भांति स्थाई मान्यता जारी करने तथा शिक्षकों के विसंगति पूर्ण युक्तिकरण पर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने संबंधी मांग शामिल किया गया है।

## जूना बिलासपुर आदर्श पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष ने की कार्यकारिणी की घोषणा

**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। जूना बिलासपुर हाईटेक आदर्श पूज्य सिंधी पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्याम हरियानी (मुखी साहिब) के नेतृत्व में रविवार को कार्यकारिणी पदाधिकारियों की टीम की घोषणा की गई।

टीम घोषणा पश्चात अध्यक्ष श्याम हरियानी द्वारा सभी भाईयों से सहयोग एवं एक जुटता से पंचायत सेवा कार्य में जुट जाने की अपील की,, इस मौके पर छत्तीसगढ़ पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी, कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा द्वारा शादी ब्याह के समय समाज में की जाने वाली फिजुल खर्च को रोकने हेतु,, पुल पार्टी, काकटेल पार्टी की समाप्ति की जानकारी उपस्थित पंचों को दी गई। आज टीम घोषणा के पहले बिदाई समारोह का आयोजन किया गया,, जिसमें पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष आंनद लालवानी, निवृतमान सचिव सुरेश टहिल्यानी, निवर्तमान कोषाध्यक्ष बलराम हरियानी को शाल श्रीफल,सम्मान पत्र देकर ससम्मान बिदाई दी गई।



नवगठित हाईटेक आदर्श पूज्य सिंधी पंचायत में संरक्षक पद पर मोहन लाल चंदवानी, प्रेम चंद गंगवानी नंद लाल चौधरी, प्रमुख सलाहकार आंनद लालवानी एवं अन्य,सचिव पद पर सुरेश कुमार टहिल्यानी एवं कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद सिरवानी, सभापति रमेश सिदारा , वरिष्ठ उपाध्यक्ष हीरालाल सिदारा, शंकर हिरवानी, अर्जुन दास भारवानी, कन्हैयालाल मोटवानी, बलराम हरियानी, राजेश माखीजा,मार्ग प्रशस्त मंडल में गोवर्धन मोटवानी , मनोहर लाल आहूजा, विनोद लालचंदानी,सहित अन्य भाईयों के टीम का गठन कर घोषणा की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्याम हरियानी ने समाज की कुरीतियां पुल पार्टी, काकटेल पार्टी, को बंद करने पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर हाईटेक आदर्श महिला विंग की अध्यक्षा श्रीमती मोनिका सिदारा एवं महिला टीम के पदाधिकारी आशा जसवानी, शारदा हरियानी, सीमा चौधरी, पूर्व अध्यक्षा विमला हिरवानी, अंजू हरियानी मुस्कान सिदारा, मनीषा सबनानी, ज्योति नारवानी एवं अन्य,हाईटेक आदर्श युवा विंग के अमर पमनानी भी मौजूद थे। उपरोक्त जानकारी हाईटेक आदर्श पूज्य सिंधी पंचायत के संगठन मंत्री संतोष कुमार भगतानी दी।

## सार-संक्षेप

### विमान हादसे के दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी, फिर मनाया जन्मदिन



**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। जिला पंचायत कोरबा के पूर्व उपाध्यक्ष अजय जायसवाल का जन्मदिन अहमदाबाद प्लेन क्रेश में हुए हमले मे मृत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मनाया गया। जिला पंचायत कोरबा के पूर्व उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता अजय जायसवाल का 51वां जन्मदिन दोस्तों सहित कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। अजय ने अशोक वाटिका में दोस्तों के साथ अहमदाबाद प्लेन क्रैश मे मृत लोगो को दो मिनट मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात साथियों द्वारा गुलदस्ता भेट कर जन्मदिन की शुभकामनायें दिए। तत्पश्चात दीपका कार्यालय मे हरदीबाजार, दीपका, झाबर, बतारी बिंझरी, विजयनगर, सहित अन्य ग्राम के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर जन्मदिन मनाया।

### पंप हाऊस में सड़क निर्माण का जायजा लिया मेयर ने



**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पम्प हाउस कॉलोनी व खरमोरा क्षेत्र में सड़क डामरीकरण का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। मेयर ने कहा कि काम की गति तेज करें और समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने निर्माण एजेंसी व अभियंताओं को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार की कम्प्रोमाइज न हो, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें तथा कार्य के दौरान संबंधित अभियंता सतत रूप से निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करें। कार्य मे गुणवत्ता हीनता कदापि स्वीकार्य नहीं होगी तथा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही होगी। मेयर ने निवासियों से समस्याओं की जानकारी ली। सफाई और पेयजल व्यवस्था ठीक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, सहायक अभियंता सुनील तांडे, राहुल मिश्रा, पूर्व पार्षद दीपक यादव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

### युवा चिंतन शिविर में हुई कोरबा की भागीदारी



**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से युवा चिंतन शिविर का आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार उत्तराखंड में किया गया। छत्तीसगढ़ से 600 युवा परिजनों की भागीदारी इस शिविर में हुई। तीन दिन तक चले शिविर में युग निर्माण योजना के वैश्विक स्वरूप, समय दान, नारी सशक्तिकरण, लोक सेवियों के लिए दिशाबोध, नेतृत्व क्षमता का विकास, जन्म शताब्दी वर्ष और हमारे दायित्व विषयों पर मंथन हुआ। इन सत्रों में डॉ. चिन्मय पंड्या, सुश्री दीना, डॉ. गोपाल शर्मा, डॉ. योगेन्द्र गिरी, ओपी राठौर, आशीष सिंह, केशव प्रसाद दुबे और सुखदेव निर्मलकर ने परिजनों को मार्गदर्शन दिया। शांति कुंज के मुख्य प्रवचन हाल में सुबह 8.30 से रात्रि 8.30 तक कई सत्र संपन्न किये गए। इस दौरान परिजनों ने यज्ञ, समाधि दर्शन और अखंड ज्योति का दर्शन भी किया।

### दादरखुर्द में कुएं से निकाला कोबरा सर्प को



**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। दादरखुर्द में एक फॉर्म हाउस स्थित एक कुंए से किंग कोबरा सर्प को रेस्क्यू करने के साथ जंगल में छोड़ दिया गया। गौतम पटेल नामक युवक ने वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी को इसकी जानकारी दी थी। सारथी अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सुरक्षा सम्बन्धित चीजों को इकट्ठा कराया फिर आस पास के लोगों की मदद से पहले तो रस्सी को अपने कमर में बंधा और कुछ लोगों के द्वारा पकड़े रहने को कहा फिर सावधानी से कुएं के समीप जाकर बाल्टी की मदद से काफी मेहनत और समय के बाद बाहर निकाल पाने में सफल हुए।

### शिवसेना में रमेश व रवि की हुई नियुक्ति



**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। कोरबा जिला शिवसेना में युवाओं की नई नियुक्ति से जिले के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। प्रदेश उपाध्यक्ष रवि मैजरवार की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद मल्होत्रा द्वारा रमेश श्रीवास को जिला अध्यक्ष, शेर बहादुर क्षत्रिय-जिला उपाध्यक्ष रवि श्रीवास-जिला महासचिव, दयाशंकर सिंह-जिला कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए गए।

### एनसीडीसी स्कूल की खिड़की तोड़कर पंखे और अन्य सामान की चोरी

**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। शातिर चोरों ने एसईसीएल कॉलोनी में संचालित एक सरकारी स्कूल से राशन और बिजली उपकरण की चोरी कर ली। एक खिड़की का रॉड तोड़कर इस घटना को अंजाम दिया गया। मानिकपुर पुलिस चौकी में इस बारे में शिकायत दर्ज कराई गई है। ग्रीष्म कालीन अवकाश पूर्ण होने के बाद नए शिक्षा शत्र की शुरुआत सोमवार 16 जून से होनी है,जिसके लिए स्कूलों मे साफ सफाई कराया जा रहा है। इसी कड़ी मे जब प्राथमिक शाला एनसीडीसी में साफ सफाई के लिए स्कूल का ताला खोला गया तो स्कूल मे चोरी की घटना सामने आई है। स्कूल की शिक्षिका ने बताया की स्कूल से खाद्य समग्री, चावल,दाल व अन्य समान चोरी हुए है। वही 10 पंखो की भी चोरी की गई है। चोरी की घटना की जानकारी स्थानीय पार्षद और मानिकपुर थाना में दी गई,पुलिस के द्वारा स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण के पश्चात जल्द ही आरोपियों को पकड़ने की बात कही गई है।

### श्रीमती कला देवी अग्रवाल का निधन



**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। निहारिका क्षेत्र में गायत्री मेडिकल के संचालक अशोक अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल की माता श्रीमती कला देवी अग्रवाल का लगभग 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम यात्रा निहारिका स्थित उनके पुत्र राजेश अग्रवाल के निवास स्थान से सुबह 10 बजे पौड़ीबहार मुक्तिधाम जाएगी।

# विवाद के बाद राजमिस्त्री पिता की हत्या कर दी पुत्र ने

### स्नेफर डॉग बाघा ने पकड़ा तो टूट गया आरोपी

**कोरबा**-बांकीमोंगरा, 15 जून (देशबन्धु)। बांकीमोंगरा स्थित पंखादफाई-2 इलाके में एक राजमिस्त्री की हत्या को लेकर फैली सनसनी का असली सच कुछ ही घंटों में सामने आ गया। आधी रात को यह घटना हुई जिसमें राजमिस्त्री की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मामले का पता चलने के बाद पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की। स्नेफर डॉग बाघा ने मृतक के पुत्र पर झपट्टा मारा तो उसके हाव-भाव बदल गए। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने पिता की हत्या करने की बात स्वीकार की।

बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत राजमिस्त्री का काम करने वाले तिरथ राम यादव की बीती रात हत्या कर दी गई। आगंन में उसका खून से सना शव मिला। बताया गया कि रात 1 बजे कोरबा छोटी बेटी लघुशंका के लिए उठी तो उसने इस हाल में पिता को देखा। उसके साथ कोहराम मच गया।



आवाज सुनकर आसपास के लोग आए। उसी दौरान पुलिस को अवगत कराया गया। अगली सुबह डॉग स्क्वायड, क्राइम ब्रांच और फॉरेंसिक टीम ने यहां पहुंच कर जायजा लिया। मालूम चला कि किसी बात को लेकर पिता-पुत्र में अनबन थी। इसलिए रात्रि को जब परिवार के सदस्य सो रहे थे तब पुत्र ने पिता पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मार डाला। निर्माण क्षेत्र में जुड़कर तिरथ राम यादव अपने परिवार की जीविका चलाता था। पुलिस ने कहा कि मर्ग और हत्या का अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ अगली कार्रवाई की जा रही है।

#### कलंकित हो रहे रिश्ते

वक्त की बदली बयार के कारण सामाजिक क्षेत्र में जिस तरह से आपराधिक घटनाओं का बोलबाला हुआ है, उसने लोगों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। समाजशास्त्रीय अध्ययन करने वालों का कहना है कि सामान्य बात और निजी स्वार्थपरता के कारण तनातनी के साथ स्थितियां बिगड़ रही हैं। इस दौर में करीबी रिश्ते रखने वाले लोग एक-दूसरे की जान के प्यासे हो रहे हैं और इस वजह से रिश्ते भी कलंकित हो रहे हैं। ऐसी स्थितियों को रोका जाना जरूरी है।

## प्रवेश उत्सव के लिए स्कूलों में हुई तैयारी



**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में शिक्षा सत्र 2025-26 का शुभारंभ 16 जून से होने जा रहा है। लेकिन भीषण गर्मी के कारण, शासकीय और निजी स्कूलों के खुलने के समय में बदलाव किया गया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध जिले के स्कूलों के खुलने और बंद होने के समय में बदलाव किया गया है।

गर्मी के कारण, विद्यालयों के खुलने का समय बदल दिया गया है। शासकीय विद्यालयों के लिए, एक पाली वाले विद्यालय सुबह 10 से शाम 4 बजे तक खुलेंगे, जबकि दो पाली वाले विद्यालय सुबह 7.30 से 11.30 और दोपहर 12 से 4 बजे तक खुलेंगे। निजी विद्यालयो के लिए, प्ले ग्रुप सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 से दोपहर 12.20 बजे तक खुलेंगे, जबकि नर्सरी से क्लास दू तक सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8.30 से दोपहर 12.20 बजे तक खुलेंगे। तीसरी से 12वीं तक के स्कूल सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 7.30 बजे से दोपहर 1.40 बजे तक खुलेंगे और शनिवार को सुबह 7.30 से 11.00 बजे तक खुलेंगे। हालांकि, कुछ निजी स्कूलों का समय अलग-अलग भी हो सकता है। इसलिए, अभिभावकों को अपने बच्चों के विद्यालय के समय की जानकारी लेनी चाहिए।

# भाजपा पार्षद के बोगस हस्ताक्षर से कांग्रेस ने की शिकायत, होगी एफआईआर

**कोरबा**-कटघोरा, 15 जून (देशबन्धु)। बिजली से जुड़ी समस्या को लेकर की गई शिकायत के मामले में कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता फंसते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि भाजपा पार्षद के बोगस हस्ताक्षर से यह शिकायत की गई। भाजपा कटघोरा मंडल अध्यक्ष और नगर पालिका के पार्षद ने इसकी शिकायत थाना में कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।



खबर के अनुसार 13 जून को शहर कांग्रेस कमेटी कटघोरा के द्वारा विद्युत मण्डल कटघोरा को कुछ विषयों को लेकर एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें वार्ड क्र.15 का सील लगाकर निर्वाचित पार्षद का फर्जी दस्तखत किया गया है, जबकि पार्षद अजय गर्ग भारतीय जनता पार्टी की ओर से अधिकृत निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। अन्य पार्टी के साथ उसकी भागीदारी असंभव है। जबकि शहर कांग्रेस कमेटी के लेटर हेड में की गई शिकायत में वार्ड क्र. 15 का सील मोहर लगाकर निर्वाचित पार्षद का फर्जी दस्तखत कर दिया गया। यह शिकायत सोशल मीडिया में पोस्ट कर दी गई।

भाजपा ने थाना कटघोरा में उपस्थित दिवस प्रभारी और उप निरीक्षक राम पाण्डेय को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर मामले की तहकीकात कर उचित कार्रवाई हेतु निवेदन किया गया है। थाना प्रभारी को कहा गया कि यह प्रकरण गंभीर है इसलिए जांच के साथ प्राथमिकी दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जानी चाहिए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, जिला मंत्री संजय शर्मा पूर्व मण्डल अध्यक्ष धन्नू प्रसाद दुबे, भाजपा के वरिष्ठ नेता और वार्ड क्रमांक 06 के पार्षद पवनकुमार अग्रवाल, मण्डल उपाध्यक्ष अजय धनोंदिया, मण्डल के महामंत्री समजीत सिंह, अमित जायसवाल, नवनीत पटेल, मनोज दुबे,गंगा पटेल सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीटीओ और ट्रैफिक पुलिस ने अनेक वाहनों पर की कार्यवाही

### पीएम ग्रामीण सड़क के दुरूपयोग पर लिया संज्ञान

**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। पीएम ग्रामीण सड़क पर 25 टन से भी ज्यादा की गाड़ियों के दौड़ने से उनमें टूट-फूट की शिकायतें आ रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की सुविधा हाशिए पर जा रही है। भिलाई बाजार में ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट और ट्रैफिक पुलिस ज्वाइंट ऑपरेशन चलते हुए उन गाड़ियों पर कार्रवाई की जो नियम के विरुद्ध प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क पर दौड़ रहे थे। कोरबा जिले के सभी क्षेत्रों में अब इस प्रकार की कार्रवाई करने का ऐलान किया गया है।

खबर है कि प्रशासन के पास एक ऐसे ही शिकायत पहुंची थी जिसमें कहा गया था कि कोरबा जिले के भिलाई बाजार क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क का दुरुपयोग ट्रांसपोर्टर की ओर से किया जा रहा है जिनकी हैवी गाड़ियों यहां से दिन रात चल रही है। कोयला और अन्य पदार्थ का परिवहन इनके माध्यम से किया जा रहा है। निर्धारित पासिंग के विरुद्ध ओवरलोड गाड़ियों की रनिंग से सड़क खराब हो रही है और आसपास में समस्याएं पैदा हो रही है।



प्रशासन के निर्देश पर ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट और ट्रैफिक पुलिस ने आज सुबह ज्वाइंट ऑपरेशन प्रारंभ किया। जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिंह और ट्रैफिक डीएसपी डीके सिंह के नेतृत्व में मैदानी अमले ने भिलाई बाजार रोड पर निगरानी के साथ कार्रवाई की। मौके पर अनेक वाहन पकड़े गए जिन पर पेनल्टी लगाई गई। चेतावनी दी गई कि यह रास्ता सामान्य वाहनों के लिए है और अन्य मामलों में निश्चित क्षमता की गाड़ियां चल सकती हैं। नियम का उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी।

### 45वें स्थापना दिवस पर साहित्यकारों ने पढ़ी रचनाएं

**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। कोरबा के साहित्यकारों ने संकेत साहित्य समिति का स्थापना दिवस मनाया। समिति के 45 वें स्थापना दिवस पर कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनने का अवसर लोगों को प्राप्त हुआ।

पण्डित मुकुंदधर पांडे साहित्य भवन में संकेत साहित्य समिति का 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया। समिति के संरक्षक मोहम्मद यूनुस दनियाल पुरी की अध्यक्षता, समिति के अध्यक्ष कमलेश यादव और सचिव डॉ. केके चंद्रा की उपस्थिति में गोष्ठी शुरू हुई। गीत, गजल, हास्य समेत सभी रसों में कविता सुनाने व सुनने का अवसर मिला। इस अवसर पर क्षेत्र के जाने-माने साहित्यकार मोहम्मद इकबाल अनजान को भी याद किया गया। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाएं पढ़ीं। गोष्ठी का संचालन डॉक्टर के के चंद्रा, जितेंद्र खेर झिटिया और कविता जैन ने किया।

# रक्तदान शिविर में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। जेसीआई कोरबा सेंट्रल ने इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से एक विशाल फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प और ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन कोरबा के आरोग्यधाम पॉली क्लिनिक, न्यू बस स्टैंड टीपी नगर में किया। काफी संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ लिया।



कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती संजू देवी राजपूत, महापौर कोरबा द्वारा रिबन काटकर किया गया। महापौर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में अत्यधिक प्रभावी साबित होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजनों में मिलकर कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इस हेल्थ चेकअप कैम्प में 121 से अधिक लोगों ने फ्री मेडिकल चेकअप का लाभ लिया। साथ ही, 22 यूनिट ब्लड डोनेशन किया गया। इस हेल्थ चेकअप कैम्प में डॉ. बी. बी. बोडे, डॉ. अरुण श्रीवास्तव, डॉ. जेके दानी, डॉ. पुष्पराज यादव, डॉ. नितिन अग्रवाल, डॉ. अरुण श्रीवास्तव, डॉ. शिखा लांबा, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. ज्योति बाला, डॉ. यामिनी बोर्डे ने सेवाएं दी। इन डॉक्टरों ने नागरिकों का चेकअप किया और उन्हें स्वास्थ्य संबंधित परामर्श प्रदान किया। इससे नागरिकों को अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान मिल सका और उन्हें अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के समापन पर कोरबा जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण है और उनके विभाग की ओर से हमेशा इस प्रकार के कार्यक्रमों के लिए पूरा सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम में आरोग्यधाम पॉली क्लिनिक का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसने इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी पूरी भूमिका निभाई। सचिव जैसी अंकित अग्रवाल ने कहा कि उपलब्ध को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने यह कार्यक्रम किया गया।

# पावर ट्रांसफार्मर फेल, हजारों घरों में नहीं हुई जल आपूर्ति

### गर्मी के मौसम में परेशान हुए लोग

**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। कोहड़िया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण टंकियां नहीं भर पाई। इस वजह से हजारों घरों में सुबह 3 घंटे विलंब से पानी आपूर्ति शुरू हो पाई। बुधवारी बाजार सब-स्टेशन का पावर ट्रांसफार्मर फेल होने से क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर 10 से अधिक बार बिजली बंद हुई। भीषण गर्मी में लोग दिनभर परेशान रहे। यह समस्या महीने में 3 से 4 बार हो रही है।

जानकारी के अनुसार शहर के 42 वार्डों में यह समस्या पेश आई और हजारों की संख्या में लोगों के नलों में पानी आपूर्ति नहीं हो सकी। इन वार्डों में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से ही पानी आपूर्ति होती है, लेकिन बिजली बंद होने से पानी टंकियां भर नहीं पाती। बिजली की आंख-मिचौली के कारण शहर की पानी टंकियां सूखी रही। बिजली आने पर टंकियां को पहले भरा गया। इसके बाद अलग-अलग क्षेत्र में सुबह 10 से 11 बजे के बीच पानी की आपूर्ति शुरू की गई। इसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। समय पर पानी नहीं आने से लोगों की दिनचर्या भी खराब हुई। कॉलोनी क्षेत्र के लोग निगम के पानी पर ही निर्भर रहते हैं।

इसी तरह की समस्या बुधवारी बाजार सब-स्टेशन में पावर ट्रांसफार्मर की फेल होने से हुई। रात्रि पहर में बिजली आपूर्ति बंद हो गई। इसके बाद दूसरी लाइन से कनेक्ट कर बिजली आपूर्ति शुरू की गई, लेकिन दिनभर बिजली आती-जाती रही। इसके कारण भीषण गर्मी से लोग परेशान रहे। देर शाम पावर ट्रांसफार्मर को सुधारने का प्रयास किया जा रहा था। बिजली बंद होने से सीधा प्रभाव पानी आपूर्ति पर पड़ता है। निगम सुबह 6 बजे और शाम को दो समय पानी आपूर्ति करता है, लेकिन इसके लिए टंकियां भरनी जरूरी होता है।

# मिलनमुड़ा तालाब को किया ठीक, यहां से होगा जल संरक्षण

**कोरबा**-पाली, 15 जून (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत पुटा में जल संरक्षण और भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए ग्रामीणों ने सामुदायिक प्रयास शुरू किया है। गांव के मिलनमुड़ा तालाब के गहरीकरण और मेढ़ की मरम्मत के लिए सरपंच दिलाराम नेताम की पहल पर ग्रामीणों ने श्रमदान किया, ताकि बारिश का पानी संरक्षित हो और निस्तारी व सिंचाई की समस्या हल हो।

पिछले साल भारी बारिश के कारण तालाब की मेढ़ टूट गई, जिससे पानी बह गया और तालाब सूख गया। मनरेगा के तहत बीते माह जनपद पंचायत ने तालाब का गहरीकरण कराया, लेकिन बजट की कमी के कारण काम अधूरा रहा। इसे देखते हुए सरपंच ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर तालाब



के विस्तार, गहरीकरण और मेढ़ को ऊंचा करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब पहले बारहमासी पानी उपलब्ध कराता था, जो निस्तारी के लिए जरूरी था। श्रमदान के जरिए अब तालाब को और गहरा किया जा रहा है, ताकि बारिश का पानी रुके और भू-जल स्तर बढ़े। ग्रामीणों को विश्वास है कि इस प्रयास से तालाब में पर्याप्त पानी रुकेगा, जिससे निस्तारी और किसानों की सिंचाई जरूरतें पूरी होंगी। यह सामुदायिक पहल जल संरक्षण और ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# समय के साथ जीवंत और समृद्ध हुई संस्कृति : शिवराज

### राज्य शिक्षक अलंकरण से सम्मानित हुए शर्मा

**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। संस्कृति कर्मी, शिक्षाविद् और राज्यपाल शिक्षक अलंकरण से सम्मानित पंडित शिवराज शर्मा ने कहा है कि संस्कृति मानव सभ्यता की छाया बनकर हमेशा उसके साथ चलती रही है। उन्होंने कहा कि हर युग की पहचान उसकी सांस्कृतिक विशेषताओं से होती है-चाहे वह कला हो, संगीत हो, रहन-सहन या सामाजिक व्यवहार। समय के साथ संस्कृति ने नए-नए रूप ग्रहण किए हैं, जिससे यह और अधिक जीवंत व समृद्ध बनी है।



शासकीय विद्यालय गोड़मा में प्रधानपाठक शिवराज शर्मा का कहना है कि संस्कृति जीवन का एक ऐसा आयाम है जो व्यक्ति की सोच, व्यवहार और व्यक्तित्व को आकार देता है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति संस्कृति की गहराई में उतरता है, तो उसके व्यक्तित्व में उसी अनुपात में परिपक्वता और सौंदर्य झलकता है। जैसे रंगों की परतें गहराई में जाकर और अधिक चमकती हैं, वैसे ही संस्कृति का प्रभाव भी जीवन में अधिक रंग भरता है।

लोक जीवन और परंपरा के क्षेत्र में काम कर रहे शिवराज विद्यार्थियों में नवाचार और लोक संगीत-भजन गायन में भी सिद्धहस्त हैं। पंडित शर्मा को छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भी कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। उनका मानना है कि आज के दौर में सकारात्मक विचारों का प्रचार और सद्व्यवहार की संस्कृति को बढ़ावा देना नितांत आवश्यक है।

# सूरज की मौत, मां की याचिका पर 2 लाख का मुआवजा देने के निर्देश

**कोरबा,** 15 जून (देशबन्धु)। एक वर्ष पूर्व पुलिस हिरासत में आदतन बदमाश सूरज हठीले की मौत के मामले में मां प्रेमा हठीले ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने राज्य शासन को दो लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश जारी किया है।



19-20 जुलाई 2024 को आदतन बदमाश एवं गंभीर अपराध में शामिल सूरज हठीले को पुलिस ने हिरासत में लिया, था। गंभीर रुप से घायल होने पर सूरज हठीले की मौत हो गई थी। इस पर सूरज की मां प्रेमा हठीले 49 वर्ष निवासी बुधवारी बाजार ने याचिका दायर की। याचिकाकर्ताओं ने हिरासत में हुई मौत की जांच और प्रमाण के आधार पर मुआवजा देने की गुहार लगाई। हाईकोर्ट को बताया गया कि यह हिरासत में मौत का मामला है, हालांकि न्यायिक जांच रिपोर्ट के अनुसार, मृतक की मृत्यु मायोकार्डियल इंफेक्शन के कारण हुई। मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय के डबल बेंच न्यायाधीश ने की।

न्यायालय ने प्रतिवादी राज्य सरकार को आठ सप्ताह की अवधि के भीतर याचिकाकर्ता को दो लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश जारी किया है। आदेश की तिथि तक राशि प्रदान नहीं किए जाने पर नौ प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज लगेगा।

# सार-संक्षेप



## पेयजल समस्या का निराकरण करने महाप्रबंधक एवं उप क्षेत्र प्रबंधक से मिले कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव

**चिरमिरी**, 15 जून (देशबन्धु)। बीते दिवस जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव सहित एसईसीएल के सांसद प्रतिनिधि श्रीवास्तव के साथ शाहिद महमूद ने चिरमिरी के मुख्य महाप्रबंधक अशोक कुमार एवं चिरमिरी ओपन कास्ट परियोजना के उपक्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार से मुलाकात कर चिरमिरी क्षेत्र के साथ विशेष कर छोटा बाजार में बढ़ती पानी की समस्या पर गंभीरता से सरर्गभित चर्चा एवं वार्ता पानी की समस्या का त्वरित निराकरण करने का आग्रह किया है सांसद प्रतिनिधि के बताएं कि क्षेत्रीय सांसद श्रीमती योजना चरण दास महंत के निर्देश पर चिरमिरी क्षेत्र में पानी की बढ़ती विकराल समस्या को संज्ञान लेते हुए जनहित में जिला कांग्रेस कमेटी आम नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए जाने बाबत संघर्षरत रहेगी इसके प्रथम चरण में क्षेत्र के उच्च स्तरीय अधिकारियों से मुलाकात कर समस्याओं के जल् जल्द निराकरण करने हेतु आग्रह किया है उल्लेखनीय हो कि छोटा बाजार क्षेत्र के निवासी इस भीषण गर्मी में इन दिनों पेयजल की समस्या से ग्रसित है क्षेत्र में लोगों को 7 दिन बाद पानी मुनासिब हो पा रहा है जिसमें कई क्षेत्रों में दूषित पानी दिए जाने से स्थानीय लोग आक्रोशित हैं चर्चा के उपरांत कांग्रेस नेता ने बताया कि एसईसीएल के अधिकारियों ने पानी उपलब्ध कराने की बात कहते हुए कहा कि इस दिशा में प्रबंधन बहुत तेजी से काम कर रहा है और अतिरिक्त पूर्व की तरह पानी उपलब्ध होगा दोनों उच्च अधिकारियों ने पेयजल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाधान करने को आश्रषत किया है जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि हम अपने कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा खड़े रहेंगे और जनता की लड़ाई लड़ेंगे हम किसी से डरने या झुकने वाले नहीं और पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम करने में विश्वास करते हैं यदि प्रबंधन द्वारा समस्याओं का हल जल्द ही नहीं किया गया तो हम आगे आंदोलन की राह पर चलेंगे।

## वाहन सहित 30 कार्टून अवैध गोवा शराब के साथ दो गिरफ्तार,गाड़ी और शराब की कीमत 6 लाख



**चिरमिरी**, 15 जून (देशबन्धु)। एम सी बी जिले के झगराखांड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीसीम तिराहे पर सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ और पुलिस चौकी खोंगापानी ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक चार पहिया वाहन से 30 कार्टून अवैध गोवा शराब को जप्त कर लिया है साथ ही शराब परिवहन में शामिल दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है, पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक एमसीबी चंद्र मोहन सिंह द्वारा अवैध कार्यों में प्रभावी कार्यवाही और नशा विरोधी अभियान चलाये जाने के लिए निर्देशित किया गया है इसी के परिधान में गुरुवार की रात लगभग 8 बजे झगराखाड पुलिस थाना को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक मध्यप्रदेश के कोतमा शराब भट्टी से अवैध अंग्रेजी शराब गोवा का परिवहन करते हुए एमसीबी जिले के खड़गवां थाना क्षेत्र की ओर जा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर तत्काल पुलिस चौकी खोंगापानी के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राकेश शर्मा ने मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह को दी जिसके बाद उनके निर्देश पर बीसीम तिराहे के पास मनेन्द्रगढ़ और खोंगापानी पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए घेराबंदी की। इसी दौरान एक मारुति ईको कार एम पी 65 सी 4547 आते दिखी। गाड़ी को रोककर उसकी तलाशी लेने पर गाड़ी से 30 कार्टून मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब कुल 1500 नग कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार और परिवहन में उपयोग स्लेटी रंग की मारुति इको कार कीमत लगभग 4 लाख को जप्त कर लिया गया है।

## रक्त दान महादान इसके दान करने से दूसरे की जान बचाई जा सकती हैं-अशोक कुमार




**चिरमिरी,** 15 जून (देशबन्धु)। आज रक्तदान दिवस के अवसर पर, चिरमिरी क्षेत्र, के, एसईसीएल रीजनल अस्पताल गोदरी पारा में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन चिरमिरी क्षेत्र के, मुख्य महाप्रबंधक एस ई सी एल चिरमिरी क्षेत्र, के जी एम अशोक कुमार के निर्देश पर किया गया उक्त आयोजन कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विराजी के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में कई लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया।इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक अशोक कुमार ने अपने उद्बोधन में रक्तदान के महत्व को समझाया और लोगों को हमेशा समय समय पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो किसी की जान बचा सकता है और यह हमारे समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। रक्तदान महादान है जिससे किसी की जान बचाई जा सकती है, इसके साथ और अन्य डॉक्टरों के द्वारा भी लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ निलंबित, सुदर्शन पैकरा को सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

**एमसीबी,** 15 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा आज जारी आदेश के अनुसार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ सुरेन्द्र प्रसाद जायसवाल को आयुक्त सरगुजा संभाग अंबिकापुर के निर्देशानुसार निलंबित कर दिया गया है। उक्त निलंबन के फलस्वरूप प्रशासनिक व्यवस्था को बनाए रखने हेतु भरतपुर के सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पैकरा को मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह दायित्व उन्हें आगामी आदेश तक अथवा नए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की नियमित पदस्थापना होने तक के लिए सौंपा गया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी से छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में हो रहा तेजी से विकास-कमलेश जांगड़े

### डबल इंजन सरकार ने नक्सलवाद पर लगाया ब्रेक, विकास को दी रफ्तार

### 11 वर्षों के ऐतिहासिक कार्यकाल ने देश को समृद्धि और खुशहाली की ओर किया अग्रसर

**चिरमिरी,** 15 जून (देशबन्धु)। जांजगीर चापा लोक सभा के सांसद कमलेश जांगड़े ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष का कार्यकाल अनेक मायनों में ऐतिहासिक रहा है। उनके दूरदर्शिता पूर्ण नेतृत्व में देश ने समावेशी विकास, समृद्धि और खुशहाली के नये दौर में कदम रखा है। मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार का हर दिन अंत्योदय की साधना को समर्पित रहा है। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ समाज के सभी वर्ग विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उनके कार्यकाल में देश और दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है। छत्तीसगढ़ ने डबल इंजन की सरकार में चौतरफा विकास के नये आयाम गढ़े हैं। चाहे विकास की बात हो या माओवादी आतंक से निपटने की, केन्द्र सरकार के राज्य सरकार को भरपूर समर्थन और सहयोग मिला है।

### छत्तीसगढ़ में विकास के गढ़े नये आयाम

कमलेश जांगड़े ने कही की छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही किसान भाइयों से की गई मोदी जी की गारंटी भी साकार हुई। हमने बकाया बोनस देने के साथ 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की गई है। पिछले साल छत्तीसगढ़ में रिकार्ड 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। इन 11 सालों में देश में जो बड़ा बदलाव आया है, उससे छत्तीसगढ़ सहित देश के प्रत्येक नागरिक का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। पीएम आवास के जरिए गरीब परिवारों के घर का सपना पूरा हुआ।

### किसानों और माताओं-बहनों का हो रहा आर्थिक सशक्तिकरण

श्रीमती जांगड़े ने कही कि 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों को भी हर साल 10-10 हजार रुपए की राशि हमारी राज्य सरकार दे रही है। किसान भाइयों के खाते में अब तक एक लाख करोड़ रुपए की राशि प्रेषित कर चुके हैं। डेढ़ साल पहले विधानसभा चुनावों में मोदी ने महतारी वंदन योजना के रूप में हर महीने एक-एक हजार रुपए माताओं-बहनों को देने की गारंटी दी थी। हमने यह वादा तीसरे महीने ही पूरा कर दिया और करीब 70 लाख माताओं-बहनों को हर महीने यह राशि दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने मोदी की अधिकांश बड़ी गारंटियों को पूरा कर कीर्तिमान स्थापित किया है।




### माओवादी आतंकवाद पर सख्त प्रहार

आंतरिक सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती माओवादी आतंक के खात्मे का मोदी और अमित शाह का संकल्प भी सिद्ध हो रहा है। छत्तीसगढ़ में बीते डेढ़ साल में 425 माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया गया है। 1388 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं और 1443 को गिरफ्तार किया गया है। नक्सल विरोधी अभियान में हमारे जवानों ने बसवराजू और सुधाकर जैसे बड़े नक्सलियों को न्यूट्रलाइज कर माओवाद की रीढ़ तोड़ दी है।

### जनजातीय समाज के विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित

कमलेश जांगड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत मां के वीर सपूत धरती आबा भगवान बिरसामुण्डा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर जनजातीय अस्मिता को गौरवान्वित किया है। जनजातीय समाज के उत्थान के लिए मोदी सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना प्रारंभ की गई। इस योजना से छत्तीसगढ़ के 18 जिलों के 2121 गांवों में विशेष पिछड़ी जनजाति के 2 हजार 160 बसाहटों में तेजी से बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा है। पीएम जनमन योजना में 2449 किलोमीटर सड़क स्वीकृत की गई हैं। जनजातीय समाज उत्थान पर केन्द्रित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का सबसे अधिक लाभ छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बाहुल्य राज्यों को मिल रहा है। राज्य के 32 जिलों में 6 हजार 691 जनजातीय ग्रामों को लाभान्वित किया जा रहा है।

### गरीब कल्याण और उज्जवला योजना से महिलाओं को मिल रही राहत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अब तक का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के अनुष्ठान की तरह है। गरीब, किसान, पिछड़े, दलित और आदिवासियों का कल्याण उनकी पहली प्राथमिकता है। उज्जवला योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 36 लाख 76 हजार बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिला है। प्रधानमंत्री जी ने गरीब कल्याण योजना के माध्यम से गरीबी रेखा के लोगों के लिए अगले पांच वर्षों तक नि:शुल्क खाद्यान्न योजना शुरू की है। प्रदेश में भी 71 लाख से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है।

### किसानों और तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसानों की आमदनी दुगुनी करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। छोटे और सीमांत किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर साल छह हजार रुपए की राशि दी जा रही है। छत्तीसगढ़ में 26 लाख किसान भाइयों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। हमने तेंदूपत्ता संग्राहकों का संग्रहण पारिश्रमिक 4 हजार से बढ़ाकर साढ़े पांच हजार रुपए कर दिया। प्रधानमंत्री के विजन पर आधारित जल जीवन मिशन के लिए अब तक छत्तीसगढ़ को केन्द्र से 6,178.33 करोड़ रूपए मिले हैं।

### भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और पारदर्शी शासन-प्रशासन के लिए गए बड़े निर्णय

हमने भ्रष्टाचार के रास्ते बंद करने का काम किया है। कोयले के परिवहन की परमिट व्यवस्था को ऑनलाईन कर दिया है। इससे कोयला परिवहन में होने वाली धांधली रूकेगी तथा राजस्व का नुकसान कम होगा। आबकारी विभाग से जुड़ी लाइसेंस प्रक्रियाओं को ऑनलाईन किया है। प्रदेश में जेम पोर्टल के जरिए ही सरकारी विभागों में खरीददारी का नियम अनिवार्य रूप से लागू किया गया है।

### नई औद्योगिक नीति से निवेश और विकास

हमने नई औद्योगिक नीति लागू की है। इनवेस्ट कनेक्ट के जरिए छत्तीसगढ़ में अब तक साढ़े पांच लाख करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। हमने सुशासन के मंत्र पर आगे बढ़ते हुए सुशासन एवं अभिसरण विभाग गठित किया है। यह विभाग दूसरे विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने का काम कर रहा है। आज छत्तीसगढ़ में किसी उद्योगपति या व्यवसायी को कोई कारोबार शुरू करना हो तो उसे अलग-अलग सरकारी विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। प्रदेश का पहला सेमीकंडक्टर प्लांट नवा रायपुर अटल नगर में 1100 करोड़ रूपए की लागत से बन रहा है। हम देश का पहला एआई डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर रहे हैं।

### एतिहासिक उपलब्धियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने चौतरफा प्रगति की नयी कहानी लिखी है। ऐसी-ऐसी उपलब्धि हासिल की गयी है जिसकी इससे पहले कल्पना भी नहीं थी। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किया जाना आदि दर्जनों उपलब्धियों का वर्णन इतिहास करेगा।

### भारत की दुनिया में बढ़ी है साख

अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हो या कोराना काल में वैक्सीन मैत्री, मोदी के नेतृत्व में भारत ने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र को सफल बनाया है। मोदी सरकार के निर्णयों से भारत की दुनिया में साख और धाक दोनों बढ़ी है। आज का भारत पहले किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन बेवजह छेड़ने वालों को छोड़ता भी नहीं है। यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व की वजह से संभव हुआ है। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प को देख चुकी है। आज देश के सर्वोच्च पद पर जनजातीय समाज की बेटी श्रीमती द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति के रूप में विराजमान हैं।

### विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में छत्तीसगढ़ की अहम भूमिका

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ भी अहम भूमिका निभाएगा। इसके लिए हमने विजन डॉक्यूमेंट भी बनाया है। हम सब मोदी के नेतृत्व में एक ऐसा भारत बनाने जा रहे हैं, जहां प्रत्येक भारतवासी की विकास की आकांक्षा पूरी होगी।

# मुख्यमंत्री ने किया मेधावी श्रमिक पुत्री का सम्मान, वंदना सिंह को मिला 1 लाख का चेक



### रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जिले की वंदना सिंह हुई सम्मानित

एमसीबी, 15 जून (देशबन्धु)। आज रायपुर के न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन में एक गरिमामय आयोजन में श्रमिक परिवारों के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत किया गया था, जिसमें बोर्ड परीक्षा (10वीं एवं 12वीं) में टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से एक लाख रुपये की सहायता राशि का चेक भेंट कर सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, श्रम मंत्री एवं भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की प्रतिभावान छात्रा कुमारी वंदना सिंह, पिता रामपाल सिंह, निवासी ग्राम नौढिया, विकासखंड भरतपुर, को भी 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। जिला स्तर से इस सम्मान कार्यक्रम में छात्रा को सफलतापूर्वक सम्मिलित कराने हेतु श्रम विभाग की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

श्रम पदाधिकारी सुश्री तनुजा मांझी के कुशल निर्देशन में श्रम निरीक्षक विनय सिंह ठाकुर एवं श्रमिक कल्याण अधिकारी अनिल कुमार साहू ने विशेष योगदान दिया, जिनकी समन्वयात्मक भूमिका के कारण छात्रा को सम्मान समारोह में सम्मिलित कर गौरव प्रदान किया जा सका। इस आयोजन से न केवल छात्रा वंदना सिंह का मनोबल बढ़ा है, बल्कि जिले के अन्य श्रमिक परिवारों के बच्चों को भी आगे बढ़ने और शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रेरणा मिली है।

# आज जिलेभर में होगी शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

### शिक्षा सत्र 2025-26 की नई शुरुआत

**एमसीबी,** 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रदेशभर में प्रभावी रूप से लागू किया जा चुका है। शासन की स्पष्ट मंशा है कि छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। इसी दिशा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन 16 जून 2025 से जिले के प्रत्येक शैक्षिक स्तर पर जोर-शोर से किया जा रहा है।

इस संदर्भ में मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के शिक्षा अधिकारी द्वारा विभागीय पत्रानुसार सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शाला प्रवेश उत्सव हेतु पूर्व तैयारियों को प्रारंभिक रूप से पूर्ण कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए एवं आयोजन के पश्चात फोटोग्राफ्स के साथ विस्तृत प्रतिवेदन अनिवार्यत: कार्यालय को प्रेषित किया जाए। शाला प्रवेश उत्सव के सफल आयोजन के पूर्व विद्यालयों में आवश्यक विशेष कार्य संपादित किए जाने हैं। इसमें प्रमुख रूप से शाला प्रारंभ होने के पूर्व भवन, परिसर एवं अध्यापन कक्षों की संपूर्ण साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य 10 जून 2025 तक पूर्ण किया जाना है। विद्यालय परिसर को आकर्षक बनाया जाना है तथा वातावरण को प्रिन्ट-रिच बनाने के लिए सुसज्जित किया जाना है। शाला त्यागी बच्चों को पुन: विद्यालय की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु प्रेरित किया जाएगा, यह कार्यवाही पूर्णत: वास्तविक एवं ईमानदार प्रयासों के साथ की जानी है। शिक्षकों से संबंधित लंबित प्रकरणों का निराकरण जिला एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा शाला प्रारंभ होने के पूर्व सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए आवश्यकता अनुसार जिला या विकासखंड स्तर पर शिविर आयोजित किए जा सकते हैं। शाला में अध्यापन की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु कक्षा शिक्षक एवं विषय शिक्षक आगामी तीन माह के लिए अध्यापन संबंधी रोडमैप तैयार करेंगे तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत् उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। शाला प्रवेश उत्सव के लिए स्थानीय समुदाय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह, सेवानिवृत्त कर्मचारीगण एवं जनप्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाएगा। इच्छुक व्यक्तियों द्वारा बच्चों



को स्लेट, पेंसिल, कॉपी, कंपास बॉक्स, स्कूल बैग आदि शैक्षिक सामग्री वितरित की जा सकती है। शाला प्रवेश उत्सव की सतत निगरानी एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन हेतु संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, प्राचार्य डाइट, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों द्वारा शालाओं का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान जिला, विकासखंड एवं संकुल स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी सुनिश्चित की जाएगी ताकि उत्सव पूर्णत: सफल और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। प्रवेश उत्सव के दिन विद्यालय परिवार द्वारा जनप्रतिनिधियों, शाला विकास समिति, पालकों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों, गणवेश एवं साइकिल का वितरण किया जाएगा। नन्हे-मुन्ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं अभिनंदन कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रवेश उत्सव के दिन 'न्योता भोज' का भी आयोजन होगा। विद्यालय परिवार द्वारा बोर्ड परीक्षा या स्थानीय परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही शिक्षण में सहयोग देने वाले उत्कृष्ट पालकों को भी सम्मानित कर प्रेरित किया जाएगा। यह सभी गतिविधियां शाला परिवार की ओर से छात्र हित में व्यक्तिगत रुचि लेकर संपन्न कराई जाएंगी, जिससे शिक्षा सत्र 2025-26 में जिले को उल्लेखनीय शैक्षिक उपलब्धियाँ प्राप्त हो सकेंगी। शाला प्रवेश उत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। गांवों एवं शहरी वार्डों में मुनादी कराई जाएगी, रैलियां निकाली जाएंगी, बैनर-पोस्टर लगाए जाएंगे एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा पालकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। शाला, संकुल, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर इस उत्सव को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा, ताकि सत्रारंभ से ही अध्ययन-अध्यापन के लिए उत्कृष्ट माहौल सृजित किया जा सके। इस हेतु जिला स्तर पर आवश्यक रूपरेखा तैयार कर सभी स्तरों पर पालन सुनिश्चित किया जाएगा। कक्षा पहली के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों से बच्चों की सूची प्राप्त कर समय पर प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजिका पहले से ही संधारित कर ली जाएगी। उक्त समस्त कार्यवाहियों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शिक्षा सत्र की शुरुआत सकारात्मक, प्रेरक और पूर्ण उत्साह के साथ हो, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके और प्रत्येक बच्चा विद्यालय से जुड़कर समग्र विकास की ओर अग्रसर हो।

# पिता की सीख, बेटे का संघर्ष और मंत्री की बेटी की सादगी

### फादर्स डे स्पेशल

### स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का सफरनामा

**मनेंद्रगढ़**, 15 जून (देशबन्धु)। फादर्स डे पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल बोले, पापा चाहते थे मैं डॉक्टर बनूं, बेटी डाक्टर बनकर दादा के सपनो को कर रही साकार और मैं प्रदेश का स्वास्थ्य मंत्री बनकर कर रहा हूं सबकी सेवा, यही मेरा संकल्प है।

हर पिता का सपना होता है कि उसका बेटा समाज में ऊँचा मुकाम हासिल करे, डॉक्टर बने, इंजीनियर बने और वह सपना जब थोड़ा बदलकर, और भी बड़ा रूप ले लेता है, तब बनती है एक प्रेरणा कथा। छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की कहानी कुछ ऐसी ही है। जहाँ पिता की उम्मीद, बेटे की जिद और समाज की सेवा, तीनों ने मिलकर एक नए युग की शुरुआत की।

### बेटे ने पिता के सपनों को नई ऊँचाई दी

पिता स्व. सूरजदीन जायसवाल अपने बेटे श्याम को डॉक्टर बनते देखना चाहते थे। वह अक्सर कहते थे। तू पढ़-लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर बन। बेटा श्यामबिहारी जायसवाल पढ़ाई में मेधावी थे, एम.एससी. (रसायन शास्त्र) तक की शिक्षा प्राप्त की लेकिन उनका मन किताबों से ज्यादा समाज की सेवा में रमता था। उन्होंने जब पहली बार जनपद सदस्य का चुनाव लड़ने की बात की, तो घर में हलचल मच गई।

मगर वही बेटा जो डॉक्टर बनने की जगह जनसेवक बना, आज पूरे छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रहा है। मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के पिता का सपना था सेवा, और बेटे ने उस सेवा को राजनीति के माध्यम से अपनाया।



राजनीतिक यात्रा- पिता की प्रेरणा से जनसेवा की ओर आगे बढ़ते हुए वर्ष 2010 जनपद पंचायत में उपाध्यक्ष बने।वर्ष 2013 पहली बार मनेन्द्रगढ़ से विधायक निर्वाचित हुए। वर्ष 2023 में मंत्रीमंडल में शामिल होकर स्वास्थ्य मंत्री बने।

### पिता की अधूरी इच्छा, बेटी ने पूरी की

श्यामबिहारी जायसवाल डॉक्टर नहीं बन सके, लेकिन उनकी बड़ी बेटी डॉ. कंचन जायसवाल आज उस सपने को पूरा कर रही हैं।उन्होंने त्रिवेणी डेंटल कॉलेज से बीडीएस की पढ़ाई (2020-24) पूरी की। अब शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में इंटर्नशिप कर रही हैं। उनके पिता प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री हैं, लेकिन डॉ. कंचन ने कभी उसका लाभ नहीं उठाया। न किसी सुविधा की मांग की, न दिखावे का सहारा लिया। यही उनके परिवार के संस्कार हैं, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी प्रेरणा देते हैं।



### परिवार में शिक्षा और सेवा की विरासत

डॉ. कंचन जायसवाल-बीडीएस, रायपुर, उत्तम जायसवाल- बीबीए,एमआइटीडब्ल्यूपीयू पुणे, अमित जायसवाल- बीबीए प्रथम वर्ष, जय हिन्द कॉलेज, मुंबई। तीनों संतानें पढ़ाई में अव्वल, लेकिन मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल न केवल एक जनसेवक हैं, बल्कि एक आदर्श पिता भी हैं। इस फादर्स डे पर श्याम बिहारी जायसवाल की कहानी हर पिता और हर बेटे के लिए एक सीख है कि पिता की सोच दिशा देती है। बेटे का जुनून उसे विस्तार देता है और जब सेवा भावना जुड़ जाती है, तब वह प्रेरणा बन जाती है। पिता ने डॉक्टर बनने का सपना देखा था,बेटा प्रदेश का स्वास्थ्य मंत्री बना। और बेटी ने डॉक्टर बनकर पिता का सपना भी साकार कर दिया। यही है परिवार की सबसे बड़ी सफलता।

### पद नहीं, पिता की प्रेरणा सबसे बड़ी पूंजी

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की ज़िंदगी इस बात का प्रमाण है कि अगर परिवार के मूल्य मजबूत हों, तो रास्ते कितने भी कठिन क्यों न हों, मंज़िल ज़रूर मिलती है। इस फादर्स डे पर उनके पिता को एक सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि बेटा आज पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य की देखरेख कर रहा है। और बेटी उसी सपने को आगे बढ़ा रही है।

## सार-संक्षेप

### पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

**जांजगीर,** 15 जून (देशबन्धु)। जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरियरा में शुक्रवार की शाम एक युवक पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला किया गया। आरोपी युवक ने पीड़ित पर कांच की बोतल और मुक्कों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल अकलतरा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बिलासपुर स्थित अपोलो अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित युवक की पहचान अजय चौहान के रूप में हुई है, जो मजदूरी के लिए अपने साथी बुंदरू श्रीवास के साथ गया था। शाम लगभग 4 बजे शराब दुकान के पास गांव के सोनू यादव और अजय निर्मलकर ने उसे घेर लिया और अश्लील गालियां देते हुए कांच की बोतल से वार किया। साथ ही आरोपियों ने हाथों से भी मारपीट की। घटना की जानकारी मिलते ही अजय की मां फुलेशरी बाई चौहान ने मुलमुला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उनके अनुसार हमले के पीछे पुरानी रंजिश है। हमले के दौरान मौके पर मौजूद मनीष चौहान और बुंदरू श्रीवास ने बीच-बचाव किया और घायल अजय को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 115(2), 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पीड़ित परिवार ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव में घटना के बाद तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है।




### देखरेख के अभाव में उपेक्षित व दुर्घटनाजन्य हो रहे सारंगढ़ के प्राकृतिक धरोहर

सारंगढ़,15 जून (देशबन्धु)। प्रकृति ने सारंगढ को कई अनुपम प्राकृतिक धरोहरों से नवाजा है जिसमें सबसे उत्कृष्ट गोमर्डा अभ्यारण्य है जो कि 277 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है जो कई पर्णपाती वनों से आच्छादित है तथा जिसमें कई वन्य प्राणी सर्वभक्षी भालू, हाथी बहुतायत में पाए जाते हैं वहीं मोर,हिरन,साम्हर,चीतल ,बारहसिंघा, नीलगाय,तेंदुआ,सफेद चूहा और दुर्लभ प्रजाति के पिंगूलिन व शेर भी पाए गए हैं।वहीं वृक्षों में बहुमूल्य इमरती साल,सागौन, शीशम,बीजा हर्बल में गिलोय, हर्रा, आंवला, बहेरा व प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर माडोसिल्ली,खपान जल प्रपात पहाडों से घिरा टमटोरा तालाब इत्यादि पाए जाते हैं परंतु बाहरी पर्यटकों के लिए आवाजाही की सुविधा नहीं होने के कारण भारत में अपनी तरह का एकमात्र वन्य अभ्यारण्य उपेक्षित सा नजर आता है जिसके लिए वन विभाग व पर्यटन मण्डल को इसके लिए एक विशेष कार्य योजना को मूर्तरूप में परिणित करने की आवश्यकता नजर आती है।

सिंघनपुर-साराडीह, घोठला व पास के जिले का मिरौनी देखरेख के अभाव में हुआ दुर्घटनाजन्य व रेत के अवैध उत्खनन का केंद्र क्षेत्र के साराडीह घोठला व पास के चंद्रपुर के मिरौनी डेम में विशेषकर गर्मी के मौसम में पिकनिक मनाने वालों भरपूर भीडभाड रहती है जिसमें से कई बाहरी होते हैं जिन्हें नदी की गहराई का अंदाजा नहीं होता जिससे कई लोग डूबकर असमय ही काल के ग्रास में समा जाते हैं तथा ऐसे ही एक झारखंड के एक व्यक्ति उपेंद्र साहू की कल सिंघनपुर मिरौनी बैराज में डूबकर मृत्यु होना बताया जा रहा है जिससे स्पष्ट है कि उक्त स्थलों पर शासन द्वारा बैराज तो बना दिया गया है परंतु ना तो इसकी देखरेख करने वाला ही कोई है और ना ही आगंतुकों को इस बैराज की गहराई इत्यादि बताने वाला जिससे इन बैराजों में उक्त प्रकार की दुर्घटनाएं हो रहीं हैं।

### अवैध शराब परिवहन करते दो आरोपी चढ़े चांपा पुलिस के हत्थे

**60 पाव देशी मदिरा व बुलेट जब्त**



**जांजगीर,** 15 जून (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसने चांपा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में 15 जून को की गई कार्रवाई में पुलिस ने दो आरोपियों को अवैध रूप से देशी शराब परिवहन करते रंगे हाथों पकड़ा।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चांपा पुलिस ने भोजपुर के पास नाकेबंदी की, जहां लाल-काले रंग की बुलेट मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखे। पुलिस टीम को देखकर दोनों भागने की कोशिश करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम गीता कुमार बनाफर (40 वर्ष) एवं हरिश चंद्र सूर्यवंशी (51 वर्ष), निवासी ग्राम अफरीद, थाना सारागांव बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 60 पाव देशी प्लेन शराब जिसकी अनुमानित कीमत 4800 रू है, बरामद की है। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तारी के बाद न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता (थाना प्रभारी चांपा), सउनि बाबूलाल दिवाकर, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, मुद्रिका दुबे, शंकर राजपूत एवं माखन साहू की भूमिका रही।

### दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में लगाए जा रहे रेडियम रिफ्लेक्टर

**जांजगीर**, 15 जून (देशबन्धु)। जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जांजगीर-चांपा पुलिस ने कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा ऐसे मार्गों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो रात्रि के समय अंधेरे में डूबे रहते हैं और जहां संकीर्ण मोड़ों पर अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं।

इस अभियान के अंतर्गत, सड़क किनारे लगे पेड़ों पर रेडियम के रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं, जिससे रात में वाहन चालकों को मार्ग स्पष्ट दिखाई दे और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात श्री उदयन बेहार के नेतृत्व में यह कार्य जिले के कई संवेदनशील मार्गों पर तेजी से जारी है। पुलिस का कहना है कि यह पहल न केवल दुर्घटनाओं में कमी लाएगी, बल्कि नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी करेगी। इसी उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा नियमित रूप से जन जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। यातायात पुलिस की नागरिकों से अपील की है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं। तेज गति से वाहन चलाने से बचें। मोटर सायकल चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। ट्रिपल सवारी से परहेज करें। मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाएं। रात्रि यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। नींद या नशे की स्थिति में वाहन चलाना सख्त मना है।

# आधे-अधूरे तैयारियों के बीच आज से होगा नए शिक्षा सत्र की शुरुवात

**छात्रों को किताबें और कॉपियां मिल सकी हैं, न ही यूनिफॉर्म की व्यवस्था पूरी हुई है। बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आ चुके हैं, परंतु अंक तालिकाएं अभी भी छात्रों को नहीं दी गई हैं**

जांजगीर, 15 जून (देशबन्धु)। अप्रैल से औपचारिक रूप से शुरू हो चुके नए शिक्षा सत्र की वास्तविक शुरुआत आज 16 जून से हो रही है, जब अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई विधिवत रूप से शुरू की जा रही है। शिक्षा विभाग इसे स्कूल प्रवेश उत्सव के रूप में मनाने का दावा कर रहा है, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। अधिकांश सरकारी स्कूलों में अभी तक न तो छात्रों को किताबें और कॉपियां मिल सकी हैं, न ही यूनिफॉर्म की व्यवस्था पूरी हुई है। बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आ चुके हैं, परंतु अंक तालिकाएं अभी भी छात्रों को नहीं दी गई हैं। कई विकासखंड के कुछ विद्यालयों में युक्तिकरण (मर्ज प्रक्रिया) विवाद के कारण शिक्षकों की संख्या में कमी देखी जा रही है। नतीजतन, इस आधी-अधूरी तैयारी का सीधा असर छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों पर पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत आज 16 जून से की जा रही है। शासकीय विद्यालयों में इस बार भी सत्र की शुरुआत अधूरी तैयारियों के साथ हो रही है, जिससे छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रारंभ से ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। जिले के विभिन्न स्कूलों में अभी तक न तो नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का पूर्ण वितरण हो पाया है और न ही छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म प्राप्त हुई है। वहीं कई विद्यालयों में पुस्तकों की स्पेलिंग संबंधी त्रुटियाँ भी सामने आ रही हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है। कई विकासखंड के कुछ विद्यालयों में युक्तिकरण (मर्ज प्रक्रिया) के कारण शिक्षकों की संख्या में भारी कमी देखी जा रही है। कई स्कूलों में शिक्षकों का पद रिक्त है, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना कठिन होगा।




प्रशासन द्वारा स्कूल प्रमुखों को शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी करने के निर्देश जारी किए गए थे। इसके तहत स्कूल भवनों की मरम्मत, साफ-सफाई, मध्यान्ह भोजन योजना की तैयारी, पुस्तक व गणवेश वितरण आदि कार्य समय रहते पूर्ण करना था, लेकिन अधिकांश विद्यालयों में यह कार्य अब तक लंबित हैं। इस वर्ष भी विद्यार्थियों को शुरुआती हफ्तों में बिना किताबों और गणवेश के स्कूल आना पड़ेगा। इससे जहां बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी, वहीं अभिभावकों की चिंता भी बढ़ गई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सभी आवश्यक सामग्री का वितरण शीघ्र ही किया जाएगा, लेकिन वास्तविकता यह है कि कई जगहों में अभी तक किताबें ही नहीं पहुंची हैं। शिक्षकों का मानना है कि यदि समय रहते इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया गया, तो बच्चों की नींव कमजोर होगी और आगे चलकर परीक्षा परिणामों पर भी असर पड़ सकता है। शिक्षाविदों का सुझाव है कि शिक्षा विभाग को योजना बनाकर, पूर्व तैयारी के साथ सत्र आरंभ करना चाहिए ताकि बच्चों की पढ़ाई बिना किसी रुकावट के सुचारु रूप से चल सके। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शिक्षा विभाग इन समस्याओं के समाधान के लिए किस तरह की त्वरित कार्रवाई करता है ताकि छात्रों के लिए यह नया सत्र लाभकारी सिद्ध हो सके। फिलहाल, अधूरी तैयारियों के कारण शिक्षा सत्र की शुरुआत हताशा और अव्यवस्था के बीच हो रही है, जो सरकार की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

# आधे घंटे की बारिश ने खोली नगर प्रशासन की पोल

**जलभराव, बिजली गुल, रास्ते बंद , बरसात की पहली दस्तक ने ही उजागर की नगर पालिका की तैयारियों की हकीकत**



जांजगीर, 15 जून (देशबन्धु)। शहर में शनिवार दोपहर हुई मात्र आधे घंटे की तेज बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। इस अल्प अवधि की बरसात ने ही नगर की कमजोर तैयारियों और नगर पालिका की कार्यप्रणाली की पोल खोलकर रख दी। नालियों की साफ-सफाई, जल निकासी और सड़क मरम्मत जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं पूरी तरह फेल नजर आईं। हांलाकि बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

बारिश के बाद शहर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, कलेक्टोरेट रोड, शंकर नगर, कचहरी चौक, कृषि उपज मंडी समेत अनेक वार्डों में पानी भर गया। जलभराव के कारण आवागमन बाधित हो गया और कई दोपहिया वाहन फिसलकर गिरे तो दुकानों में पानी घुसने से व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा।नागरिकों का कहना है कि मानसून की यह तो महज शुरुआत है, और अगर आधे घंटे की बारिश में ऐसा हाल है, तो भारी बारिश के समय क्या होगा। कई मोहल्लों में नागरिकों ने अपने स्तर पर पानी निकालने की कोशिश की, लेकिन पर्याप्त संसाधनों के अभाव में उन्हें सफलता नहीं मिली।

### बिजली आपूर्ति भी रही प्रभावित

तेज बारिश के दौरान कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई। ट्रांसफॉर्मरों में फाल्ट और बिजली के खंभों से निकली चिंगारियों ने नागरिकों में भय का माहौल पैदा कर दिया। वहीं, सड़कों पर जगह-जगह भरे गड्ढों में पानी जमा होने से दुर्घटनाओं की आशंका और अधिक बढ़ गई है।

### अधूरे नाले निर्माण बने मुसीबत

नगर पालिका द्वारा किए जा रहे नाला निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं, जिससे जल निकासी का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। लोगों ने बताया कि बारिश का पानी घरों और दुकानों में घुस गया, जिससे सामान खराब हो गया और जनहानि का खतरा भी बना रहा।

### मौसम विभाग की चेतावनी बनी चुनौती

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और अधिक बारिश की चेतावनी जारी की है। ऐसे में यह नगर प्रशासन के लिए एक गंभीर चेतावनी है,समय रहते चेत जाएं और लापरवाही को दरकिनार करते हुए ठोस कदम उठाएं, अन्यथा हालात बेकाबू हो सकते हैं।

# वर्षा जल को सहेजने सोखता गड्ढों के निर्माण से बढ़ेगा जलस्तर

**जनभागीदारी से जिले के स्कूलों, पंचायत भवनों, आंगनबाडी और घरों, हैंडपंप के पास सोखता गड्ढे का निर्माण**

**जांजगीर,** 15 जून (देशबन्धु)। जिले में वर्षा जल संचयन को लेकर व्यापक पहल की जा रही है। इस दिशा में जनभागीदारी अभियान से 'सोखता गड्ढा निर्माण अभियान' को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे वर्षा जल का संरक्षण हो सके और भूजल स्तर में स्थायी सुधार आ सके।

सोखता गड्ढे के निर्माण होने से बारिश का पानी सीधे जमीन में समाकर भूजल पुनर्भरण करेगा और वर्षा के दौरान जल निकासी में मदद मिलेगी यही नहीं खेतों व घरों में जलभराव की समस्या कम होगी जिससे फसल की पैदावार बेहतर मिलेगी। इसके साथ ही घरों के गंदे पानी को सीधे नालियों में छोड़ने की बजाय सोखता गड्ढे में भेजने से साफ-सफाई बनी रहेगी और भूजल संरक्षित होने से पेड़-पौधों और जैव विविधता को भी लाभ मिलेगा।



### पांच विकासखण्डों की पंचायतों में बनाए जा रहे है सोखता गड्ढे

गड्ढे को इस प्रकार बनाया जाता है कि छत या परिसर का पानी पाइप के माध्यम से सीधे इसमें जाए। जिले के स्कूलों, पंचायत भवनों, आंगनबाड़ियों और घरों में सोखता गड्ढों, हैंडपंप के समीप निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही मोर गांव मोर अभियान के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करते हुए कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं ताकि ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी जा सके।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर निस्वार्थ स्वास्थ संबंधी सेवा देने वाली हेल्पिंग हैंड्स क्लब का हुआ सम्मान

**अध्यक्ष अंकित अग्रवाल के जन्मदिन पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन**

खरसिया,15 जून (देशबन्धु)। मानवसेवा माधवसेवा के संकल्प के साथ खरसिया आरंभ हुई सामाजिक संस्था हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन ब्लड डोनेशन और स्वास्थ्य संबंधित अपने सेवा कार्यो से छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश में अपना नाम बनाते हुए दिन प्रतिदिन नए नए सामाजिक कार्यक्रम हेतु अग्रसर है। वही 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर हेल्पिंग हैंड क्लब फाउंडेशन का आने को संस्थाओं द्वारा सम्मान किया गया। यह सम्मान कई जगहों पर हुआ अपना ब्लड बैंक, आशीर्वाद ब्लड बैंक, एम एम आई ब्लड बैंक, बिलासा ब्लड बैंक एवं अन्य जगहों पर हेल्पिंग हैंड को आमंत्रित कर इस नेक कार्य हेतु सम्मानित किया गया। रायपुर कार्यक्रमों में बबीता अग्रवाल, राकेश जैन ,सुनीता पांडे एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे। वही भिलाई में मयंक जैन पायल जैन मौजूद रहे। वही बातचीत के दौरान हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने बताया कि आगामी महीने में रक्तदान का महाकुंभ मेकाहारा में एवं राखी विथ रक्षक जैसे अनेकों कार्यक्रम संरक्षकों के मार्गदर्शन में किया जाना है। आपको बता दे कि हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन ने अध्यक्ष अंकित अग्रवाल के जन्मदिन पर 11 जून को भी एक रक्तदान शिविर का शानदार आयोजन किया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एआईजी यातायात संजय शर्मा उपस्थित रहे। जिसमें स्पार्क फिटनेस सहयोगी थे। वही हेल्पिंग हैंड्स क्लब निरन्तर ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी काफी सक्रिय नजर आता है एवं जरूरतमंद को हर संभव मदद पहुंचाता है।




# किसान के खाते से 5.50 लाख की फर्जी निकासी, कार्रवाई नहीं होने पर अनशन की चेतावनी

**बैंक कर्मचारियों और पूर्व संस्था प्रबंधक पर मिलीभगत का आरोप, एसपी कार्यालय में दी गई शिकायत**

जांजगीर, 15 जून (देशबन्धु)। ग्राम कोटमी सोनार के किसान लक्ष्मी लाल पटेल के साथ बैंकिंग धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। किसान ने आरोप लगाया है कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, अकलतरा शाखा से उसके खाते से फर्जी तरीके से 5 लाख 50 हजार रुपए की निकासी कर ली गई है। इस संबंध में किसान ने जांजगीर एसपी कार्यालय पहुंचकर बैंक अधिकारियों और सेवा सहकारी समिति के पूर्व संस्था प्रबंधक प्रकाश केंवट के खिलाफ लिखित शिकायत सौंपी है।




किसान लक्ष्मी लाल पटेल ने बताया कि 11 अप्रैल 2025 को उसके बैंक खाते में 12 लाख 62 हजार 209 रुपए जमा थे। स्वयं उसने 11 अप्रैल को 50 हजार, 16 मई को 25 हजार और 4 जून को 50 हजार रुपए निकाले यानी कुल 1 लाख 25 हजार रुपए की ही निकासी की। लेकिन जब पासबुक एंट्री कराई गई तो बैंक कर्मियों ने बताया कि खाते में केवल 5 लाख 87 हजार 209 रुपए शेष हैं, जबकि वास्तविक शेष राशि 11 लाख 37 हजार 209 रुपए होनी चाहिए थी। जांच में सामने आया कि 11 अप्रैल को 2.50 लाख, 17 अप्रैल को 1 लाख, 22 अप्रैल को 1 लाख और 1 मई को 1 लाख रुपए की निकासी की गई है, जिसकी किसान को कोई जानकारी नहीं थी। इस पर जब किसान ने बैंक प्रबंधन से बात की तो उसे पूर्व संस्था प्रबंधक प्रकाश केंवट से मोबाइल पर बात कराई गई, जिसने रकम लौटाने की बात स्वीकार की, लेकिन अब तक कोई राशि वापस नहीं की गई है। किसान ने बताया कि 9 जून को उसने अकलतरा थाने में लिखित शिकायत दी थी, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे परेशान होकर वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वह बैंक शाखा के सामने अनशन पर बैठ जाएगा। किसान लक्ष्मी लाल पटेल ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में किसी अन्य किसान को इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### पहले भी लगे हैं आरोप, फिर भी बहाल

किसान ने बताया कि प्रकाश केंवट पूर्व में भी किसानों के खातों से फर्जी निकासी कर चुका है। शिकायत के बाद उसे निलंबित किया गया था, लेकिन कुछ माह पूर्व उसे पुन: बहाल कर अमोरा सेवा सहकारी समिति का प्रभारी संस्था प्रबंधक बना दिया गया। कोटमी सोनार के अन्य किसानों के खातों से भी इसी प्रकार की निकासी के मामले सामने आ चुके हैं, पर अब तक किसी भी बैंककर्मी पर कार्रवाई नहीं हुई है।

# धरती आबा अभियान 17 से 27 जून तक विशेष शिविरों का आयोजन

**कलेक्टर ने योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की**

**जांजगीर,** 15 जून (देशबन्धु)। जनजातीय समुदायों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 02 अक्टूबर 2024 को किया गया है। अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल क्षेत्रों में निवासरत परिवारों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाना है, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जा सके।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में इस अभियान के तहत चयनित 21 ग्रामों में 17 से 27 जून तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर ने अपील की है कि शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

### कब और कहां लगेगा शिविर

धरती आबा अभियान के तहत जिले में 17 जून से 27 जून तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत 17 जून को बलौदा विकासखंड के ग्राम करमा, खारी के लिए ग्राम पंचात भवन करमा में और अकलतरा विकासखंड के ग्राम परसाही (नाला) के ग्राम पंचायत भवन परसाही में, 18 जून को बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पूछेली, खपरीडीह के लिए दुर्गा चौक आंगनबड़ी के पास पुछेली में और नवागढ़ विकासखंड के ग्राम गाड़ापाली के माता चौरा चौक गाड़ापाली में, बलौदा विकासखंड के ग्राम छीतापाली के रंगमंच गांधी चौक के पास में, 19 जून को बलौदा विकासखंड के सतीगुढ़ी, नवागांव के लिए नवधा चौक नवागांव में और अकलतरा विकासखंड के ग्राम कटघरी, बाना के लिए ग्राम पंचायत भवन कटघरी में, 20 जून को बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पोड़ीकला के ग्राम पंचायत भवन में, विकासखंड नवागढ़ के ग्राम करमंदी के ग्राम पंचायत भवन में और बलौदा विकासखंड के ग्राम कुदरी के ग्राम पंचायत भवन में, 24 जून को बलौदा विकासखंड के ग्राम देवरी, कण्डरा के लिए ग्राम पंचायत भवन देवरी में और अकलतरा विकासखंड के ग्राम सराइपाली के सामुदायिक भवन पहरीपारा सराइपाली में, 25 जून को बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम नवागॉव के सामुदायिक भवन में, 26 जून को बलौदा विकासखंड के ग्राम रैनपुर के नवधा रंगमंच में, अकलतरा विकासखंड के ग्राम महमदपुर के ग्राम पंचायत भवन में और 27 जून को बलौदा विकासखंड के ग्राम केराकछार के ग्राम पंचायत भवन में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### जिले के 21 ग्राम चयनित

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि धरती आबा अभियान के तहत जिले के 21 ग्राम चयनित किए है। शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड (पीएम-जेएवाई), जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम-किसान, जनधन खाता, बीमा कवरेज (पीएमजेजेबीवाई/पीएमएसबीवाई), सामाजिक सुरक्षा (वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन), रोजगार और आजीविका योजनाए (एमजीएनआरईजीए, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋ्रण) महिला एवं बाल कल्याण (पीएमएमव्हीवाय, आईसीडीएस के योजनाओं का लाभ, टीकाकरण) जैसी विभिन्न योजनाओं के लाभ प्रदान किए जाएंगे।


## मध्य वियतनाम में वुटिप तूफान से छह लोगों की मौत

**हनोई,** 15 जून (एजेंसियां)। वियतनाम में वुटिप तूफान के कारण हुई मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है और एक अन्य लापता है। आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने रविवार को कहा देश के मध्यवर्ती भाग के क्विक्वांग बिन्ह और क्वांग त्रि प्रांतों में छह लोगों की मौत की खबर है, जबकि क्वांग बिन्ह में बाढ़ के पानी में बह जाने के बाद एक व्यक्ति लापता है। तूफान के कारण 47 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस क्षेत्र के 58,000 हेक्टेयर खेतों में पानी भर गया जिसमें धान और अन्य फसलें लगी हुई थीं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, जनवरी से मई तक प्राकृतिक आपदाओं के कारण देश भर में 40 लोग मारे गए या लापता हो गए हैं।

इराक ने अमेरिका को याद दिलाई जिम्मेदारी, कहा

# इजरायल को हवाई स्पेस का उल्लंघन करने से रोके

■ इराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्तुत की आधिकारिक शिकायत



**बगदाद,** 15 जून (एजेंसियां)। इराक ने अमेरिका से इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर हमले करने से रोकने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इराकी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के प्रवक्ता सबा अल-नुमान ने शनिवार को कहा कि इराकी सरकार ने अमेरिका से इस तरह के उल्लंघन को रोकने के लिए द्विपक्षीय समझौतों और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने का आह्वान किया है।

बयान में कहा गया कि इराकी सरकार ने इराकी हवाई क्षेत्र के किसी भी उल्लंघन या ईरान या किसी अन्य पड़ोसी देश के खिलाफ इजरायल द्वारा सैन्य हमलों के लिए इसके उपयोग की अपनी दृढ़ और स्पष्ट अस्वीकृति दोहराई।

इराक ने संकट को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक समाधानों की उम्मीद में अधिकतम संयम दिखाया है। प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत इराक को किसी भी पक्ष द्वारा अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता के उल्लंघन का जवाब देने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करने का अधिकार है।


शुक्रवार को इराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आधिकारिक शिकायत प्रस्तुत की, जिसमें सैन्य अभियान चलाने के लिए अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के लिए इजरायल की निंदा की गई।

इराकी समाचार एजेंसी ने एक सरकारी सूत्र के हवाले से बताया कि इराक ने अमेरिका से अनुरोध किया है कि वह रणनीतिक रूपरेखा समझौते के अनुसार इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोकने में अपनी भूमिका निभाए। सूत्र ने इराक की संप्रभुता और हवाई क्षेत्र की अखंडता के सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि आईएसआईएस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गठबंधन का नेतृत्व करने वाले देश के रूप में अमेरिका की जिम्मेदारी है कि वह इराकी संप्रभुता से समझौता करने या उसकी सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी उल्लंघन को रोके।

■ इराक ने संकट को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक समाधानों की उम्मीद में अधिकतम संयम दिखाया है : सबा अल-नुमान

इजरायल ने शुक्रवार को तड़के ईरानी क्षेत्र पर कई हमले किए, जिसमें परमाणु और मिसाइल प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया, जिसमें वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए। ईरान के संयुक्त राष्ट्र दूत द्वारा पहले घोषित आंकड़ों के अनुसार हमलों की लहर जारी है और इसके परिणामस्वरूप कम से कम 78 लोगों की मौत हो गई तथा 320 अन्य घायल हो गए।

## अगर हम पर हमला हुआ, तो अमेरिकी सेना पूरी ताकत के साथ टूट पड़ेगी : ट्रंप



■ अमेरिका ने ईरान में हालिया हमलों में कोई हाथ होने से किया इनकार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच रविवार को ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका का हालिया हमलों में कोई हाथ नहीं है। इसके साथ ही ट्रंप ने चेतावनी दी कि अमेरिकी हितों के खिलाफ किसी भी उकसावे का करारा जवाब दिया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर ट्रंप ने लिखा कि ईरान पर हुए हमले से अमेरिका का कोई लेना-देना नहीं है। अगर ईरान का हम पर किसी भी तरह से हमला किया जाता है, तो अमेरिकी सशस्त्र बल पूरी ताकत से आप पर हमला करेंगे। हालांकि, हम आसानी से ईरान और इजरायल के बीच समझौता करवा सकते हैं और इस खूनी संघर्ष को समाप्त कर सकते हैं। ईरान और इजरायल के बीच आपसी हमलों की एक सीरीज के बाद मिडल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। रविवार को, इजरायली सेना ने ईरानी सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला करने की पुष्टि की है, जिसमें ईरानी रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय और एसपीएनडी, एक प्रमुख न्यूक्लियर रिसर्च फैसिलिटी शामिल है।

इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के अनुसार, इस ऑपरेशन में उस जगह को भी निशाना बनाया गया, जहां ईरान ने कथित तौर पर अपने न्यूक्लियर परिसंपत्तियों को छिपाया था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने इजराइल के एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर और जेट फ्यूल प्रोडक्शन फैसिलिटी पर जवाबी हमले की जिम्मेदारी ली है। यरुशलम और तेल अवीव सहित प्रमुख इजरायली शहरों में हवाई हमले के सायरन बजने की सूचना मिली है। सायरन की यह आवाजें ईरानी हमलों की गंभीरता को बयां करती हैं।

## सुडोकू 6945

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | 8 | 1 | | | | 3 |
| | | | 4 | | | 5 | 1 | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | 4 | | 9 | | | 6 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | | | | | 6 | | |
| | 8 | 9 | | | 1 | | | |
| 5 | | | | 3 | 9 | 4 | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6945

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. हिमाकत, हानिकर या अनुचित, साहस,धृष्टता
३. कानूनी,विधिसम्मत
५. अवहेलना, अवसान
६. खुशामद बसंद (उर्दू)
७. देखना
९. एक तीक्ष्ण गंध वाला खनिज जिससे बारूद आदि बनाया जाता है
१०. वह यज्ञ जिसमें मनुष्यों की बलि दी जाती है
१२. बढ़िया,श्रेष्ठ
१३. वगैरह
१४. फैलाना
१६. पर्यन्त
१८. वरयात्रा
२०. निषेध
२१. रुचि के अनुकूल
२३. श्रीकृष्ण, शिव

**ऊपर से नीचे:-**

१. अपशब्द, गाली
२. आक्रमणकारी
३. विज्ञान संबंधी, विज्ञान का ज्ञाता
४. झरना
५. एक पौधा, जिसकी जड़ दवा के काम आती है
८. नाना का पिता
१०. पुत्री का पुत्र
११. भेड़ या बकरी का बच्चा
१२. ऊगा हुआ
१३. ठेका, पट्टा, एकाधिकार
१४. मशविरा
१५. जिसमें खून न हो
१७. दाग, धब्बा
१८. एक प्रकार का खाद्यान्न
१९. वृक्ष, पेड़
२२. ध्वनि, शब्द

### वर्ग पहेली-6944

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ह | स्त | २ मि | ला | ३ प | ■ | ४ बे | गु | ५ ना | ह |
| त | ■ | थ्या | ■ | ६ रि | हा | ई | ■ | खु | ■ |
| ७ प्र | स | व | ■ | ण | ■ | ८ मा | ल | दा | ९ र |
| भ | ■ | च | ■ | १० ग | र्ज | न | ■ | ■ | क्त |
| ■ | ११ ज | न | १२ ही | न | ■ | ■ | १३ शै | श | व |
| ■ | ल | ■ | न | ■ | १४ शि | थि | ल | ■ | र्द्ध |
| १५ स | ज | १६ ग | ता | ■ | क | ■ | १७ जा | १८ त | क |
| रे | ■ | त | ■ | १९ आ | वा | २० ज | ■ | र्ज | ■ |
| २१ आ | वा | रा | ■ | क्षे | ■ | २२ ग | जा | न | २३ न |
| म | ■ | २४ ज | हां | प | ना | ह | ■ | ■ | बी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 16 जून , 2025 आषाढ़ कृष्ण पक्ष 5**

### राशिफल

मेष - आज का दिन आप के लिए लाभदायी है। व्यापार में भी अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना अधिक है। आय की वृद्धि होगी। आनंद-प्रमोद और मनोरंजक कार्यक्रम में आप दिनभर व्यस्त रह सकते हैं।

वृषभ - आज आप व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाओं से व्यवसाय में आपको लाभ होगा। हालांकि सफलता में विलंब हो सकता है। दोपहर के बाद व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण बनेगा।

मिथुन - नेगेटिव विचारों को मन से दूर रखें। खान-पान में ध्यान रखें। वाहन चलाते समय आज बहुत सावधानी रखें। आकस्मिक धन खर्च हो सकता है। किसी कारण से बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

कर्क - स्वादिष्ट और उत्तम भोजन की प्राप्ति होने से आज मन खुश रहेगा। नए वस्त्र खरीदने की योजना बना सकते हैं। आर्थिक मामलों में आपका दिन अच्छा रहेगा। दोपहर बाद किसी बात को लेकर डिसीजन नहीं ले पाएंगे।

सिंह - आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। व्यापार में धन की योजना पूरी कर पाएंगे। उचित कारणों पर धन खर्च होगा। विदेश के कामों से लाभ होने की संभावना है। आय की वृद्धि होने से धन की कमी नहीं रहेगी।

कन्या - आज का आप का दिन सुख-शांति से गुजरेगा। आभूषणों की खरीदारी करेंगे। कला और संगीत में भी आज रुचि रहेगी। व्यापार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा दिन है। धन के मामलों में सरलता रहेगी।

तुला - आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक ताज़गी और मानसिक प्रसन्नता का अभाव रहेगा। परिवार में उग्र वातावरण रह सकता है। सामाजिक जीवन में मानहानि का प्रसंग बन सकता है। वाणी पर कंट्रोल रखें।

वृश्चिक - आज संपत्ति के कामों में बहुत ध्यान रखना होगा। व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल है। भाई-बंधुओं का व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा। विरोधी परास्त होंगे।

धनु - आज स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आज का दिन आध्यात्मिक प्रवृत्ति के लिए बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। दोपहर के बाद स्थिति अनुकूल रहेगी।

मकर - आज धार्मिक कामों में आपकी रुचि रहेगी। व्यापार के लिए वातावरण अनुकूल रहेगा। आप के हर काम सरलता से पूरे कर सकेंगे। जीवन में भी आनंद बढ़ जाएगा।

कुंभ - धार्मिक और सामाजिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। सम्बंधियों और मित्रों के साथ विवाद हो सकता है। वाहन चलाने या नया कोई इलाज शुरू करने में आपको सावधानी रखना होगी।

मीन - व्यापार के लिए आज का दिन लाभप्रद रहेगा। नया कोई रिश्ता भी बन सकता है। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। प्रवास-पर्यटन होगा। मित्रों से उपहार मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यूएई ने की पश्चिमी एशिया में तनाव पर फ्रांस व इटली के नेताओं से चर्चा



**अबू धाबी,** 15 जून (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने पश्चिमी एशिया में हाल के घटनाक्रमों, खासकर ईरान पर इजरायली हमलों के बाद स्थिति पर चर्चा करने के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ अलग-अलग टेलीफोन पर बातचीत की।

एमिरेट्स न्यूज़ एजेंसी ने शनिवार को बताया कि बातचीत के दौरान नेताओं ने बढ़ते तनाव पर चर्चा की और अधिकतम संयम बरतने पर जोर दिया। उन्होंने तनाव को और बढ़ने से रोकने और विवादों को कूटनीतिक तरीकों से सुलझाने की आवश्यकता बतायी ताकि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनी रहे। बातचीत में यूएई के फ्रांस और इटली के साथ रणनीतिक संबंधों को भी रेखांकित किया गया और आपसी हितों के लिए सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई गई।

## कंबोडिया ने संरा न्यायालय से थाईलैंड के साथ सीमा विवादों के लिए समाधान का किया अनुरोध



**नोम पेन्ह,** 15 जून (एजेंसियां)। कंबोडिया ने संयुक्त राष्ट्र (संरा) न्यायालय से थाईलैंड के साथ सीमा विवादों के लिए समाधान का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा कि कंबोडिया ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) को एक आधिकारिक पत्र प्रस्तुत कर थाईलैंड के साथ चार विवादित सीमा क्षेत्रों के लिए न्यायालय से समाधान का अनुरोध किया।

श्री मानेट ने कहा कि कंबोडिया को पड़ोसी देशों के साथ अपनी सीमा रेखा निर्धारित करने में केवल न्याय, निष्पक्षता और स्पष्टता की आवश्यकता है ताकि भविष्य की पीढ़ियों को एक-दूसरे के साथ अंतहीन मुद्दे न हों। यह कदम 28 मई को दोनों देशों के सैनिकों के बीच कुछ देर के लिए हुई गोलीबारी के बाद उठाया गया। इस गोलीबारी में कंबोडिया के एक सैनिक की मौत हो गई।

## ऑस्ट्रेलिया से आने वाले चीन के यात्रियों को न्यूजीलैंड में वीजा छूट की सुविधा



**वेलिंगटन,** 15 जून (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड सरकार ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया से यात्रा करने वाले चीन के नागरिकों के लिए वीज़ा छूट नीति की घोषणा की। इमिग्रेशन न्यूज़ीलैंड के अनुसार नवंबर 2025 से ऑस्ट्रेलिया में वैध वीजा रखने वाले चीन के पासपोर्ट धारकों को वीज़ा के बजाय न्यूज़ीलैंड इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल अथॉरिटी (एनजेडईटीए) के जरिये तीन महीने तक न्यूजीलैंड आने की अनुमति दी जाएगी। यह छूट केवल ऑस्ट्रेलिया में रुकने वाले चीन के नागरिकों के लिए है, आवागमन करने वाले यात्रियों पर लागू नहीं होगी। आवेदकों को अभी भी एनजेडईटीए के लिए मानदंड पूरा करना होगा। आज वीज़ा छूट की घोषणा 12 महीने के लिए एक परीक्षण नीति है जिसका उद्देश्य चीनी पर्यटकों के लिए न्यूजीलैंड को अधिक आकर्षक बनाना है।

## शुल्क विवाद: यूरोपीय संघ अमेरिका से उत्तम व्यापार के लिए प्रतिबद्ध

**ब्रुसेल्स,** 15 जून (एजेंसियां)। यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर हुई बातचीत में कहा कि ईयू नौ जुलाई से पहले उनके साथ एक 'उत्तम' व्यापार समझौता करने के लिए प्रतिबद्ध है।

■ अमेरिका की ओर से स्टील व एल्युमिनियम आयात पर शुल्क 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लागू

ईयू अध्यक्ष ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रपति श्री ट्रम्प के साथ उनकी बातचीत अच्छी रही। इस बीच अमेरिका की ओर से स्टील और एल्युमिनियम आयात पर शुल्क 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लागू हो गया है, जिससे व्यापार विवाद तेज हो गया और यूरोपीय उत्पादकों ने इस फैसले से भारी नुकसान की चेतावनी दी है।

यूरोपीय व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक ने भी 26 मई को तब टिप्पणी की जब राष्ट्रपति श्री ट्रम्प ने यूरोपीय संघ से बातचीत को बेनतीजा बताया था और एक जून से सभी यूरोपीय संघ आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी।

## ट्रम्प प्रशासन ने आप्रवासियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाई : रिपोर्ट



■ आव्रजन एजेंटों को खेतों, रेस्तरां व होटलों में गिरफ्तारी बंद करने का दिया निर्देश

**न्यूयॉर्क,** 15 जून (एजेंसियां)। अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन ने आव्रजन एजेंटों को खेतों, रेस्तरां और होटलों में गिरफ्तारी बंद करने का निर्देश दिया है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह नीतिगत बदलाव इस चिंता के बीच किया गया है कि हालिया आव्रजन कार्रवाई से इन उद्योगों को नुकसान हो सकता है। शनिवार को नाम न बताने की शर्त पर सूत्रों के हवाले से कहा गया कि ये उद्योग बड़े पैमाने पर अप्रवासियों के श्रम पर निर्भर हैं, जिनमें से कई अवैध रूप से अमेरिका में हैं।

यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करने एवं निर्वासित करने के लिए पूरे देश के कार्यस्थलों पर छापेमारी तेज कर दी है।

आईसीई एजेंटों द्वारा प्रवासियों को खेतों और कार वॉश में हिरासत में लेने की घटनाएं पिछले सप्ताह सुर्खियों में रही हैं। प्रवासियों पर कार्रवाई के बाद लॉस एंजेलिस और न्यूयॉर्क सहित कई अमेरिकी शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। प्रदर्शनों में हिंसा ने ट्रम्प प्रशासन को लॉस एंजेलिस क्षेत्र में नेशनल गार्ड के सदस्यों और सक्रिय-ड्यूटी मरीन भेजने के लिए मजबूर किया है, जबकि कैलिफ़ोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और अन्य स्थानीय अधिकारियों ने इसका विरोध किया है। फिलहाल, वाशिंगटन आईसीई एजेंटों की सुरक्षा करने और विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए सैन्य सदस्यों का उपयोग जारी रख सकता है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने गुरुवार शाम फैसला सुनाया था कि ट्रम्प प्रशासन ने कैलिफोर्निया के नेशनल गार्ड को अवैध रूप से संघीय बना दिया है।

### सुडोकू 6945 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 3 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 | 1 |

## आज का इतिहास

1606-जहाँगीर के शासनकाल में गुरु अर्जुन देव को लाहौर (पाकिस्तान) में भयंकर यातना देकर मार डाला गया।

1858-प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोरार की लड़ाई लड़ी गई।

1903-फोर्ट मोटर कंपनी चालू हुई।

1911-न्यूयार्क में आईबीएम कंपनी की स?थापना। पहले इसका नाम कंप्यूटिंग टैब्यूलेटिंग रिकार्डिंग कंपनी था।

1920-हिन्दी फ़िल्मों के पार्श्वगायक और संगीतकार हेमन्त कुमार का जन्म।

1925-महान स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास का निधन।

1944-भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रफुल्ल चंद्र राय का निधन। उन्हें %रसायन विज्ञान का जनक% माना जाता है।

1950-हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती का जन्म।

1963-रूस की 26 वर्षीय अंतरिक्ष यात्री लेफ्टिनेंट वैलेनटीना तेरेशकोवा ने वोस्तोक 6 के जरिए अंतरिक्ष की उड़ान भरी। वह अंतरिक्ष की अथाह गहराइयों की ओर रवाना हुई विश्व की पहली महिला थीं।

1976-भारत के एक प्रसिद्ध चिकित्सा वैज्ञानिक रोहित श्रीवास्तव का जन्म।

1983-छत्तीसगढ़ के %गुरु घासीदास विश्वविद्यालय% की स्थापना हुई।

2001-अमेरिकी राष्ट्रपति बुश की पांच दिवसीय यूरोप यात्रा रूस में समाप्त, पुतिन ने अमेरिकी प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम का विरोध किया।

2006-नेपाल में माओवादी अंतरिम सरकार में शामिल होने पर सहमत।

2007-सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में लगातार सबसे लम्बे समय तक रहने वाली महिला बनीं। एड्स पर जागरूकता फैलाने के लिए शिल्पा को सिल्वर स्टार अवार्ड से नवाजा गया।

**सराहनीय** भूटान का एक महत्वाकांक्षी सफर रहा तंबाकू पर पूर्ण प्रतिबंध का निर्णय

# भूटान बना दुनिया का पहला तंबाकू-मुक्त देश

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। आज से ठीक 15 साल पहले भूटान ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 15 जून 2010 को खुद को विश्व का पहला ऐसा देश घोषित किया, जिसने तंबाकू पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया। हालांकि, भूटान ने 2004 में ही तंबाकू की बिक्री पर आंशिक प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन 2010 में पारित हुए नए 'तंबाकू नियंत्रण अधिनियम' ने इसे एक नए स्तर पर पहुंचा दिया, जिसमें तंबाकू की खेती, उत्पादन, वितरण और बिक्री पर व्यापक रोक शामिल है।

भूटान का यह निर्णय अचानक नहीं था, बल्कि यह एक दशक से अधिक समय से चल रहे प्रयासों का परिणाम था। भूटान की नेशनल असेंबली ने 17 दिसंबर 2004 को देश भर में किसी भी प्रकार की तंबाकू बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया था, जिससे यह इस तरह का कदम उठाने वाला दुनिया का पहला राष्ट्र बन गया।

इसके बाद, फरवरी 2005 तक सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान भी प्रतिबंधित कर दिया गया। भूटान का तंबाकू पर पूर्ण प्रतिबंध का यह सफर एक महत्वाकांक्षी, लेकिन चुनौतीपूर्ण पहल रही है, जो दुनिया के अन्य देशों के लिए एक केस स्टडी के रूप में काम करती है। जहां भूटान ने स्वास्थ्य और धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों को प्राथमिकता दी है, वहीं इस नीति के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों को संतुलित करना भी एक सतत चुनौती रही है। भूटान में तंबाकू पर प्रतिबंध सिर्फ सार्वजनिक स्वास्थ्य की चिंता से प्रेरित नहीं था, बल्कि इसकी गहरी जड़ें बौद्ध धर्म में भी थीं, जहां तंबाकू को पाप माना गया है। इस प्रकार, यह प्रतिबंध स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ धार्मिक-सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का भी प्रतीक था। साल 2004 में विश्व स्वास्थ्य संगठन के संयुक्त राष्ट्र का धूम्रपान नियंत्रण फ्रेमवर्क कन्वेंशन को भूटान द्वारा पुष्टि करने से इस नीति को और भी मजबूती मिली, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इसकी प्रासंगिकता स्थापित हुई।



■ एक दशक से अधिक समय से चल रहे प्रयासों का परिणाम रहा भूटान का निर्णय

दिसंबर 2004 में बिक्री प्रतिबंध के बाद, 2005 से 2010 तक भूटान ने धीरे-धीरे अपने नियमों को और अधिक मजबूत किया। इस कानून में न केवल तंबाकू की खेती, उत्पादन, वितरण और बिक्री पर रोक लगाई गई, बल्कि सरकार द्वारा तंबाकू छोड़ने की सुविधा प्रदान करने का प्रावधान भी शामिल किया गया, जो इस पहल की व्यापकता को दर्शाता है। हालांकि, इस सख्त प्रतिबंध के कुछ अनपेक्षित परिणाम भी सामने आए। तस्करी में तेजी से वृद्धि हुई, विशेष रूप से भारत से तंबाकू की मांग का एक काला बाजार विकसित हो गया। साल 2010 में सरकार ने सख्त जुर्माना और दंड का प्रावधान किया।

## दुनिया को जानें

# एक्सिओम-4 मिशन 19 जून को होगा लांच

**नई दिल्ली,** 14 जून (एजेंसियां)। एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग पर ताजा अपडेट आया है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी है कि 19 जून को एक्सिओम-4 मिशन लॉन्च होगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्च तारीख अब 19 जून 2025 के लिए फिर से निर्धारित की गई है। साथ ही स्पेस एक्स टीम ने पुष्टि की है कि लॉन्च को पहले स्थगित करने वाले सभी मुद्दों पर पूरी तरह से काम किया गया है।

भारत के लिए एक्सिओम-4 मिशन काफी अहम है, क्योंकि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के रूप में पहला भारतीय अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाएगा। 39 वर्षीय शुभांशु शुक्ला को जून 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन मिला। उन्हें 2000 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव हासिल है। वे सुखोई-30 एमके 1, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर और एएन-32 जैसे फाइटर जेट्स को उड़ा चुके हैं।

# खेल जगत

**21 साल की उम्र में मैंने अक्षत से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी नहीं देखा : अय्यर**

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश लीग टी-20 में इंदौर पिंक पैंथर्स के कप्तान वेंकटेश अय्यर ने युवा खिलाड़ी अक्षत रघुवंशी की जमकर तारीफ की। अक्षत ने लीग के पांचवें मैच में जबलपुर रॉयल लायंस पर छह रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अक्षत ने 46 गेंदों पर सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 76 रनों की शानदार पारी खेली। उसके बाद कप्तान ने उनकी काफी तारीफ की। 76 रनों की शानदार पारी की बदौलत इंदौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 183 रन बनाए। बल्लेबाज अर्पित गौड़ के जल्दी आउट होने के बाद अक्षत ने पारी को संभाला और कमजोर गेंदों पर खूब रन बनाए। इंदौर पिंक पैंथर्स के कप्तान वेंकटेश अय्यर ने कहा कि आज का असली आकर्षण अक्षत की बल्लेबाजी थी। जिस तरह से उसने मैदान के चारों ओर शॉट खेले, 21 साल की उम्र में मैंने उससे अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी नहीं देखा।



## भारतीय टीम के लिए किसी भी टीम को चुनौती देने का शानदार मौका: वेंकटपति



**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर वेंकटपति राजू ने कहा कि 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज युवा भारतीय टीम के लिए अपनी स्थिति मजबूत करने और फिर आत्मविश्वास के साथ दुनिया की किसी भी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का एक मूल्यवान मौका है।

रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के टेस्ट से बाहर होने के साथ, इसका मतलब है कि अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी इकाई इंग्लैंड में एक कठिन चुनौती के लिए तैयार है, जो उनके 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की भी शुरुआत करती है। मौजूदा टीम के संदर्भ में, केवल केएल राहुल, ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड में टेस्ट शतक लगाए हैं।

लोग हमेशा यही कहते हैं - कि आपको हमेशा अपने घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहिए। लेकिन फिर अगर आप देखें, तो इस बार बहुत सारे उलटफेर हुए हैं-जैसे, भारत का न्यूजीलैंड से हारना। किसी को उम्मीद नहीं थी कि भारत में ऐसा होगा। इसलिए, इस तरह, कभी भी कुछ भी बदल सकता है। यह एक बहुत ही युवा भारतीय टीम है जिसमें अच्छा संतुलन है। अगर आप इंग्लैंड की टीम को देखें, तो उनका गेंदबाजी आक्रमण भी अपेक्षाकृत बहुत नया है। जेम्स एंडरसन के रिटायर होने और फिर कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने के बाद आपके पास अनुभवी तेज गेंदबाज नहीं हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि भारतीय टीम में कुछ अनुभवी बल्लेबाज हैं जो उस गेंदबाजी को संभाल सकते हैं और यह बहुत ही बराबरी का मुकाबला होने वाला है। राजू ने रविवार को सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क द्वारा आयोजित एक विशेष बातचीत में आईएएनएस को बताया कि अभी तक, इंग्लैंड कभी भी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल में नहीं पहुंचा है और वे और भी गेम जीतने के लिए तैयार हैं। पांच टेस्ट मैच काफी लंबा समय है, लेकिन यह इस युवा भारतीय टीम को एक ऐसी टीम के रूप में स्थापित होने का बहुत अच्छा अवसर देता है, जहां वे दुनिया की किसी भी टीम को चुनौती दे सकते हैं और फिर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले संस्करण में जगह बनाने की कोशिश कर सकते हैं। यशस्वी जायसवाल, बी साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल अपने पहले इंग्लैंड दौरे पर आ रहे हैं, जबकि करुण नायर जैसे खिलाड़ी टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं और कप्तान शुभमन गिल को विदेशी परिस्थितियों में खुद को एक भरोसेमंद बल्लेबाज के रूप में साबित करना बाकी है।

■ यशस्वी जायसवाल, बी साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल अपने पहले इंग्लैंड दौरे पर आ रहे है

### कुलदीप भारत के लिए आश्चर्यजनक मैच विजेता हो सकते हैं : वेंकटपति



**नई दिल्ली।** हालांकि कुलदीप यादव सात साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं, लेकिन यह थोड़ा आश्चर्य की बात है कि उन्होंने अब तक केवल 13 टेस्ट मैच ही खेले हैं। खराब फॉर्म, करियर के लिए खतरा बनी घुटने की चोट और अन्य स्पिनरों के साथ खेलने के कारण कुलदीप ने वास्तव में भारतीय टेस्ट टीम में खुद को स्थापित नहीं किया है। पिछली बार जब कुलदीप ने इंग्लैंड में टेस्ट मैच खेला था, तो 2018 में लॉर्ड्स में हरी पिच और बारिश से प्रभावित परिस्थितियों में उनका प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। उन्होंने नौ ओवरों में 44 रन दिए और दो विकेट लिए, जिससे भारत में उनका चयन दांव पर लग गया। अब रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद, भारत को अपनी स्पिन गेंदबाजी इकाई में उस धार की जरूरत है और सभी की निगाहें इस बात पर होंगी कि 20 जून को लीड्स में इंग्लैंड में शुरू होने वाली सीरीज में कुलदीप इस पर खरे उतर पाते हैं या नहीं। भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर वेंकटपति राजू को निश्चित रूप से लगता है कि कुलदीप इंग्लैंड में आश्चर्यजनक मैच विजेता हो सकते हैं। कुलदीप जैसे किसी खिलाड़ी को पहचान पाना किसी नए बल्लेबाज के लिए बहुत मुश्किल है।

## क्रिकेट हमारे और देश के लोगों के लिए बहुत मायने रखता है : कॉनराड

■ दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल की नॉकआउट हार का सिलसिला खत्म किया



**लंदन,** 15 जून (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका द्वारा 2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के एक दिन बाद, मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि इस खेल को विजेता टीम के सभी सदस्यों के साथ-साथ इंद्रधनुषी राष्ट्र के लोगों द्वारा भी बहुत महत्व दिया जाता है। लॉर्ड्स में, दक्षिण अफ्रीका ने गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी गदा जीती और 27 साल की नॉकआउट हार का सिलसिला खत्म किया। सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम ने शानदार 136 रन बनाए और चौथे दिन लंच तक दक्षिण अफ्रीका को 83.4 ओवर में 282 रनों का पीछा करके जीत दिलाई। गौरतलब है कि दो महीने पहले कॉनराड ने अपने पिता सेडिक को खो दिया था, जो खुद एक प्रथम श्रेणी क्रिकेटर थे। रविवार को क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) के एक बयान में कॉनराड ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं पिता की भूमिका निभाता हूं, क्योंकि इनमें से ज्यादातर लोग मेरी उम्र के बच्चों के करीब हैं। वे मुझे जवान रखते हैं, क्योंकि वे मुझे सिरदर्द देते हैं। डेन पैटरसन जैसे लोग... वे ही कारण हैं कि अब मेरे बाल नहीं हैं। अगर वह बहुत लंबे समय तक चुप रहता है, तो आप जानते हैं कि वह कुछ अच्छा नहीं करने वाला है।

### मजबूत भारतीय दल बीजिंग 2025 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के लिए रवाना

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। 16 सदस्यीय भारतीय पैरा पावरलिफ्टिंग दल 17-25 जून को चीन के बीजिंग में होने वाले प्रतिष्ठित बीजिंग 2025 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम को पैरा-स्पोर्टिंग समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों और शुभचिंतकों की उपस्थिति में नई दिल्ली स्थित नेशनल स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया (एनएससीआई) में आयोजित एक समारोह में भव्य विदाई दी गई। आईआरएस, पीआर अतिरिक्त महानिदेशालय के रंजीत कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित होकर एथलीटों को शुभकामनाएं दीं। पैरा पावरलिफ्टरों की असीम शक्ति और लचीलेपन से अभिभूत होकर उन्होंने कहा कि मैं इन एथलीटों की ताकत और दृढ़ संकल्प से वास्तव में अभिभूत हूं। यह एक विनम्र और प्रेरक अनुभव था। मैं उन्हें न केवल इस टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर एशियाई पैरालंपिक समिति की दक्षिण-पूर्व एशिया सदस्य डॉ. दीपा मलिक और भारतीय पैरालंपिक समिति के महासचिव जयवंत हम्नावर भी मौजूद थे।

## भारत को ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा

**एफआईएच प्रो लीग**



**एंटवर्प,** 15 जून (एजेंसियां)। मनप्रीत सिंह का 400वां मील का पत्थर अंतरराष्ट्रीय मैच वैसा नहीं रहा जैसा उन्होंने उम्मीद की थी, रविवार को यहां चल रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष) में भारत को ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की जीत में टिम ब्रैंड (4%), ब्लेक गोवर्स (5%) और कूपर बर्न्स (18%) के गोल शामिल थे, जबकि भारत के लिए संजय (3%) और दिलप्रीत सिंह (36%) ने गोल किए। संजय के शानदार प्रदर्शन के बाद, तीसरे मिनट में ही पहला गोल आया, जिन्होंने पीसी से रिबाउंड लेकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया, लेकिन भारत ने बढ़त खो दी और ऑस्ट्रेलिया ने अगले ही मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। टिम ब्रैंड ने सनसनीखेज गोल किया और कुछ ही सेकंड बाद ऑस्ट्रेलिया ने ब्लेक गोवर्स के जरिए दूसरा गोल करके भारत को चौंका दिया। भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण को रोकने के लिए कुछ खास नहीं कर सके। यह टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में अब तक के किसी भी खेल में सबसे तेज 10 मिनट में से एक था, जिसमें दोनों टीमों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया और एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।

### ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला टीम को हराया



**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम को रविवार को ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए एकमात्र गोल वैष्णवी विट्ठल फाल्के (3%) ने किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए एमी लॉटन (37%) और लेक्सी पिकरिंग (60%) ने गोल किए। भारत ने शुरुआत में बढ़त हासिल की, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने चौथे क्वार्टर के अंतिम मिनट में गोल करके वापसी की और जीत सुनिश्चित की। भारत ने खेल की शानदार शुरुआत की और पहले ही मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, जिससे ऑस्ट्रेलियाई बैकलाइन पर दबाव बढ़ गया। भारत ने अपनी लय जारी रखी और तीसरे मिनट में ही पहला गोल करके मैच पर कब्जा कर लिया।

### 400 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले दूसरे भारतीय हॉकी खिलाड़ी बने मनप्रीत सिंह

**एंटवर्प।** भारत के मिडफील्डर मनप्रीत सिंह रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हॉकी प्रो लीग 2024/25 मैच के लिए मैदान पर उतरे। इस मुकाबले के साथ ही मनप्रीत 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले दूसरे भारतीय हॉकी खिलाड़ी बन गए। इसी के साथ मनप्रीत सिंह ने उन दिग्गजों की लिस्ट में अपना नाम शामिल करवा लिया, जिन्होंने वर्ल्ड स्टेज पर अपनी अटूट निरंतरता और दिल से खेल दिखाया है। सर्वाधिक इंटरनेशनल हॉकी मैच खेलने वाले भारतीयों में 33 वर्षीय मिडफील्डर से आगे सिर्फ दिलीप टिर्की (412 मैच) हैं।

## डब्ल्यूटीसी: भले ही फाइनल नहीं खेल सकी टीम इंडिया, मगर जमकर हुई पैसों की बरसात



■ भारतीय टीम इस बार तीसरे स्थान पर रही

■ इंग्लैंड की टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 में पांचवां स्थान अपने नाम कर सकी

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त देकर दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब अपने नाम कर लिया है। भले ही टीम इंडिया डब्ल्यूटीसी 2023-2025 का फाइनल नहीं खेल सकी, लेकिन इसके बावजूद उस पर पैसों की बरसात हो चुकी है। डब्ल्यूटीसी 2023-2025 के लिए कुल प्राइज मनी 5.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर रखी गई थी। इस बार का खिताब अपने नाम करने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम को प्राइज मनी के तौर पर 3.6 मिलियन डॉलर मिले हैं। वहीं, रनर-अप ऑस्ट्रेलियाई टीम को 2.16 मिलियन डॉलर मिले। भारतीय टीम इस बार तीसरे स्थान पर रही। टीम इंडिया को 1.44 मिलियन डॉलर की इनामी राशि मिली, जबकि चौथे पायदान पर मौजूद न्यूजीलैंड को 1.20 मिलियन डॉलर प्राइज मनी के तौर पर मिले। इंग्लैंड की टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 में पांचवां स्थान अपने नाम कर सकी। इसी के साथ उसे 9,60,000 डॉलर, जबकि छठे स्थान पर मौजूद श्रीलंकाई टीम को 8,40,000 अमेरिकी डॉलर बतौर प्राइज मनी मिले हैं। सातवें पायदान पर मौजूद बांग्लादेश को 7,20,000 डॉलर, आठवें स्थान पर रहने वाली वेस्टइंडीज की टीम को 6 लाख डॉलर मिले। पाकिस्तान की टीम नौवें स्थान पर रही। ऐसे में उसे 4,80,000 अमेरिकी डॉलर मिले हैं। डब्ल्यूटीसी 2023-2025 में भारत ने 19 टेस्ट खेले, जिसमें नौ जीते। इसके अलावा टीम इंडिया ने आठ मुकाबले गंवाए, जबकि दो ड्रॉ रहे थे।

## सार संक्षेप

### राडुकानू ने बर्लिन ओपन से नाम लिया वापस

**लंदन।** ब्रिटेन की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानू ने पीठ की समस्या के कारण सोमवार से शुरु हो रहे बर्लिन ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। 22 वर्षीय खिलाड़ी फ्रेंच ओपन से पहले पिछले महीने स्ट्रासबर्ग में प्रतिस्पर्धा करने के बाद से पीठ की समस्या से जूझ रही हैं। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन ने शुक्रवार को क्वींस में झेंग किनवेन से क्वार्टर फाइनल में हारने के दौरान ऑफ-कोर्ट मेडिकल टाइमआउट लिया। राडुकानू ने कहा कि यह पिछले कुछ हफ्तों से चल रहा है, और मुझे पहले भी पीठ की समस्या हो चुकी है। यह मेरी कमजोरी है। मुझे पता है कि मुझे इसका अच्छे से ख्याल रखना होगा। इसे ठीक करने के लिए मुझे आराम की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूटीए 5 स्पर्धा के लिए वाइल्डकार्ड की पेशकश किए जाने के बाद राडुकानू ने नॉटिंघम के बजाय बर्लिन में खेलने का विकल्प चुना था।

### द. अफ्रीका की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को हराया

**केव हिल।** सुने लूस (76), नोंडुमिसो शंघासे (55) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद एन. म्लाबा (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 4 रनों से हराया दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। वेस्टइंडीज की टीम ने शनिवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। 16वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने लॉरा वुलफार्ट (28) को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। 19वें ओवर में ऐफी फ्लेकर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद नोंडुमिसो शंघासे और सुने लूस की जोड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 85 रनों की साझेदारी हुई।

### प्रणति ने एशियाई जिमनास्टिक्स में वॉल्ट में जीता कांस्य पदक

**जेचियन (दक्षिण कोरिया)।** भारत की प्रणति नायक ने शनिवार को एशियाई कलात्मक जिमनास्टिक्स चैंपियनशिप 225 में महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर इतिहास रच दिया। इस तरह उन्होंने महाद्वीपीय मीट के इतिहास में सबसे सफल भारतीय जिमनास्ट के रूप में अपनी पहचान और मजबूत कर ली है। जेचियन जिमनैजियम में प्रतिस्पर्धा कर रही 3 वर्षीय ओलंपियन ने 13.466 का संयुक्त स्कोर बनाया और चीन की झांग यिहान और वियतनाम की गुयेन थी क्विन न्हू के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। प्रारंभिक दौर में 13.83 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहने के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली नायक ने पदक दौर में अपने पहले वॉल्ट में 13.666 के स्कोर के साथ जोरदार शुरुआत की। हालांकि, 12.866 के दूसरे प्रयास में वह थोड़े निराशाजनक रहीं और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## सीन एबॉट हुए आस्ट्रेलिया टीम में शामिल

■ एबॉट को अक्सर उन बदकिस्मत खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, जिन्हें अभी तक टेस्ट कैप नहीं मिली है



**मेलबर्न,** 15 जून (एजेंसियां)। ब्रेंडन डोगेट कूल्हे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की आगामी टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं, उनकी जगह सीन एबॉट को टीम में शामिल किया गया है। हालांकि डोगेट की चोट को 'मामूली' बताया गया है, लेकिन वह कैरेबियन में टीम में शामिल होने के बजाय ऑस्ट्रेलिया लौट आएंगे। वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए यात्रा करने वाले रिजर्व थे और वेस्टइंडीज सीरीज के लिए दौरे पर जाने वाली टीम का हिस्सा बनने वाले थे। डोगेट ने 2024-25 सीजन को शानदार तरीके से समाप्त किया, उन्होंने साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए शेफील्ड शील्ड फाइनल में 140 रन देकर 11 विकेट लिए। गर्मियों में उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय टीम में वापस ला दिया था, और उन्हें इस दौरे पर टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिलना माना जा रहा था। एबॉट, जिन्होंने अभी तक टेस्ट स्तर पर पदार्पण नहीं किया है, इससे पहले श्रीलंका दौरे और भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का हिस्सा थे। उन्हें अक्सर उन बदकिस्मत खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, जिन्हें अभी तक टेस्ट कैप नहीं मिली है।

### कोंस्टास को वापस ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में देखना चाहते हैं : टेलर



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच 25 जून से तीन मुकाबलों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान मार्क टेलर ने आगामी सीरीज के लिए युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास को टीम में वापस बुलाने की गुजारिश की है। टेलर ने रविवार को 'नाइन' के 'वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स शो' पर कहा कि डेविड वॉर्नर लगभग दो साल पहले रिटायर हो चुके हैं। हमें सच में उनका कोई विकल्प नहीं मिला है। हालांकि, ईमानदारी से कहूं तो उन्होंने (सेलेक्शन कमेटी) सच में इतनी मेहनत भी नहीं की है। ट्रैविस हेड को (श्रीलंका में) बैटिंग ऑर्डर में ऊपर लाया गया, कोंस्टास को बाहर रखा गया, जिन्होंने मेलबर्न में 60 रन की शानदार पारी खेलकर डेब्यू किया था। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि वेस्टइंडीज में पहुंचने से पहले हमें कोंस्टास को वापस टीम में लाना होगा। मुझे लगता है कि वह ज्यादा पारंपरिक अंदाज में खेलेंगे। उन्हें एक मौका दिया जाना चाहिए। फैक्ट यह है कि स्टीव स्मिथ उस सीरीज में नहीं खेलेंगे, जिससे सेलेक्टर्स के लिए थोड़ी आसानी होगी। सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में 28.25 की औसत के साथ 113 रन बनाए थे। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 'बॉक्सिंग डे मैच' में डेब्यू करते हुए उन्होंने 65 गेंदों पर 60 रन की पारी खेलकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया था। लेकिन श्रीलंका दौरे पर ट्रैविस हेड को ओपनिंग करने के लिए चुनने के बाद कोंस्टास को मौका नहीं मिला और उन्हें वापस घर भेज दिया गया।

### छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के समापन समारोह में शामिल होंगे राजीव शुक्ला

**रायपुर,** 15 जून (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के समापन समारोह में रविवार को शिरकत करेंगे। राजीव शुक्ला को इसके लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड ने निमंत्रण दिया है। मीडिया से बात करते हुए राजीव शुक्ला ने बताया कि वह छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के समापन समारोह में जाएंगे। राज्य क्रिकेट बोर्ड की तरफ से प्रभतेज सिंह भाटिया, जो बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष भी हैं, ने मुझे निमंत्रण भेजा है। राज्य में क्रिकेट की गतिविधि लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में रायपुर में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के 1-1 मैच खेले जाएंगे। छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग की शुरुआत 6 जून को हुई थी। फाइनल मुकाबला रायपुर में 15 जून को शाम 7:30 से खेला जाएगा। राजीव शुक्ला से दिल्ली में कुछ दिन पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुलाकात की थी और राज्य में क्रिकेट के विकास पर चर्चा की थी छत्तीसगढ़ की मुख्य समस्या नक्सलवाद की रही है। इस पर शुक्ला ने कहा कि नक्सलवाद एक ऐसी समस्या है जिससे सभी सरकारें एक साथ मिलकर लड़ रही हैं।

## एमएलसी 2025 : वाशिंगटन फ्रीडम ने सिएटल ऑर्कस के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की



■ सलामी बल्लेबाज मिशेल ओवेन और रचिन रविंद्र ने शानदार शुरुआत दिलाई

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। मेजर क्रिकेट लीग-2025 (एमएलसी) के चौथे मैच में वाशिंगटन फ्रीडम ने सिएटल ऑर्कस के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की। यह इस सीजन वाशिंगटन फ्रीडम की पहली जीत रही। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सिएटल ऑर्कस ने 20 ओवरों के खेल तक नौ विकेट खोकर 145 रन बनाए। काइल मेयर्स ने डेविड वॉर्नर के साथ पहले विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। वॉर्नर 17 गेंदों में 31 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मेयर्स ने इतनी ही गेंदों में 27 रन की पारी खेली। इनके अलावा कप्तान हेनरिक क्लासेन ने 17 रन का योगदान दिया। विपक्षी टीम की ओर से इयान हॉलैंड ने 19 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट झटके, जबकि जैक एडवर्ड्स को दो सफलताएं हाथ लगीं। इसके जवाब में वाशिंगटन फ्रीडम ने महज 13.3 ओवरों में ही जीत दर्ज कर ली। टीम को सलामी बल्लेबाज मिशेल ओवेन और रचिन रविंद्र ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच सिर्फ तीन ओवरों में ही 49 रन की साझेदारी हो गई। ओवन 25 के स्कोर पर पवेलियन लौटे, जिसके बाद रचिन ने एंड्रीस गूस (16) के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़े। रचिन रविंद्र 18 गेंदों में चार छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। उनके पवेलियन लौटने तक टीम 7.2 ओवरों में तीन विकेट गंवाकर 92 रन बना चुकी थी। जीत की पटरी पर नजर आ रही वाशिंगटन फ्रीडम की पारी को यहां से कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने संभाला। उन्होंने 20 गेंदों में नाबाद 38 रन की पारी खेलते हुए टीम को 6.3 ओवर शेष रहते ही जीत दिला दी। सिएटल की ओर से वकार सलामखेल ने सबसे ज्यादा दो विकेट अपने नाम किए।

### पांचवीं क्लास से ही बॉक्सिंग शुरू कर चुके थे निशांत देव

**करनाल,** 15 जून (एजेंसियां)। प्रोफेशनल बॉक्सिंग की दुनिया में कदम रख चुके भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने रविवार को सुपर वेल्टरवेट वर्ग में मैक्सिको के जोस्यू सिल्वा को शिकस्त दी। बेटे की इस जीत से माता-पिता काफी खुश हैं। प्रोफेशनल बॉक्सिंग एक खतरनाक गेम है, जिसमें खिलाड़ी के लहूलुहान होने के बाद भी मुकाबला नहीं रुकता, जब तक बॉक्सर गिर ना जाए। निशांत की मां प्रियंका देव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनके बेटे ने बहुत अच्छा खेला है। बेटे को जीतता देखकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। यह ऐसा खेल है जब खेलेंगे तो चोट लगती रही रहेगी। लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। मां ने अपने बेटे के संघर्ष को याद करते हुए बताया कि निशांत जब पांचवीं क्लास में था, तभी से बॉक्सिंग के लिए स्टेडियम में जाने लगा। वह स्कूल में पढ़ाई भी करता और इसके बाद शाम में स्टेडियम जाता।

### भारत नवंबर 2025 में दृष्टिहीन महिलाओं के टी-20 क्रिकेट विश्व कप की करेगा मेजबानी



■ विश्व कप में छह देशों की टीमें भाग लेंगी

**बेंगलुरु,** 15 जून (एजेंसियां)। भारतीय दृष्टिहीन क्रिकेट संघ (सीएबीआई) की 15वीं वार्षिक आम सभा शनिवार को एचएसआर लेआउट, बेंगलुरु स्थित अत्याधुनिक समर्थनम आर्ट सेंटर में आयोजित की गई। इसमें 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि एक दिन के लिए एकत्रित हुए। इस दौरान भारत में दृष्टिहीन क्रिकेट के भविष्य पर चर्चा की गई। इस वर्ष की वार्षिक आम बैठक का मुख्य विषय आगामी दृष्टिहीन महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप था, जो पहली बार आयोजित होगा। विश्व कप 5 से 25 नवंबर 2025 तक भारत में खेला जाएगा। विश्व कप में छह देशों की टीमें भाग लेंगी। दृष्टिहीन महिला क्रिकेटरों को उनकी प्रतिभा दिखाने के लिए विश्व कप एक बड़ा मंच प्रदान करेगा। वार्षिक आम बैठक में लॉजिस्टिक्स से जुड़ी तैयारियों, आउटरीच रणनीतियों, प्रायोजन जुटाने और राष्ट्रीय टीम चयन प्रक्रियाओं पर गहन विचार-विमर्श हुआ। सदस्यों ने भारत भर में दृष्टिहीन क्रिकेट में महिलाओं की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्यक्रम विकसित करने के व्यापक रोडमैप पर भी चर्चा की।

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 2.27 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.01 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.51 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.18 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.17 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.27 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.16 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.99 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.92 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.84 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,359 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,07,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## पवन ऊर्जा क्षमता बढ़कर 51.5 गीगावाट हुई : जोशी

■ **भारत की सौर ऊर्जा क्षमता ने पिछले 11 वर्षों में लगाई बड़ी छलांग**

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रविवार को कहा कि भारत की पवन ऊर्जा क्षमता में पिछले साल के 46.42 गीगावाट के मुकाबले 10.5 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 51.5 गीगावाट हो गई है।

ग्लोबल विंड डे के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा कि 51.5 गीगावाट क्षमता के साथ, हम इनोवेशन, ग्रीन टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबल प्रोग्रेस द्वारा संचालित एक आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। जोशी ने कहा कि इस ग्लोबल विंड डे पर, आइए भारत की स्वच्छ ऊर्जा वृद्धि को गति देने वाली पवन ऊर्जा की शक्ति का जश्न मनाएं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी वृद्धि देखी गई है। मंत्री के अनुसार, सौर ऊर्जा से लेकर पवन ऊर्जा तक, हमारा देश एक उज्जवल और अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मई में कुल अक्षय ऊर्जा क्षमता पिछले साल के इसी महीने के 193.58 गीगावाट से बढ़कर 226.74 गीगावाट हो गई, जो सालाना आधार पर



**सौर ऊर्जा से लेकर पवन ऊर्जा तक भारत एक उज्जवल व अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है : प्रह्लाद जोशी**

क्षमता में 17.13 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। कुल अक्षय ऊर्जा क्षमता में से सौर ऊर्जा क्षमता मई 2024 में 84.28 गीगावाट से 31.49 प्रतिशत बढ़कर 110.83 गीगावाट हो गई। भारत की सौर ऊर्जा क्षमता ने पिछले 11 वर्षों में एक बड़ी छलांग लगाई है, यह 2014 में मात्र 2.82 गीगावाट थी। सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता की स्थापना में विस्तार को सौर सेल और वेफर्स के मजबूत घरेलू उत्पादन द्वारा सपोर्ट किया गया है, यह 2014 में लगभग न के बराबर था। भारत ने अब 25 गीगावाट के सौर सेल और 2 गीगावाट के वेफर उत्पादन के साथ एक मजबूत आधार तैयार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में देश के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए 2030 तक अक्षय ऊर्जा क्षमता के लिए 500 गीगावाट तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है।

## अडाणी ग्रीन एनर्जी ने एनएसई के ईएसजी रेटिंग में हासिल की शीर्ष रैंक



**मुंबई।** अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) को एनएसई सस्टेनेबिलिटी एंड एनालिटिक्स द्वारा पावर सेक्टर के लिए ईएसजी में पहली रैंक मिली है। एनएसई सस्टेनेबिलिटी एंड एनालिटिक्स, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की एक सहयोगी कंपनी है। इसके अतिरिक्त एजीईएल नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों में ईएसजी रेटिंग में शीर्ष 5 कंपनियों में से एक है। सूचीबद्ध कंपनियों के लिए ईएसजी रेटिंग को हाल ही में एनएसई द्वारा लांच किया गया था। एनएसई की रेटिंग के अनुसार, एजीईएल का पर्यावरण, सामाजिक और शासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन है। कंपनी की पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं, जो सामाजिक रूप से जिम्मेदार प्रैक्टिस और प्रभावी शासन द्वारा समर्थित हैं। यह एक परिपक्व सस्टेनेबल एप्रोच को दिखाता है। एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड के अनुसार, एजीईएल को 74 का प्रभावशाली ईएसजी स्कोर मिला, जो पावर सेक्टर में सबसे अधिक है। यह सस्टेनेबल प्रैक्टिस के प्रति एजीईएल की प्रतिबद्धता और पर्यावरण, सामाजिक और शासन मानकों को बनाए रखने के इसके निरंतर प्रयासों को दिखाता है। गौतम अडाणी ने वित्त वर्ष 25 की वार्षिक रिपोर्ट में एजीईएल के शासन और स्थिरता के प्रति समर्पण को बताया है, जिसमें कहा गया है, हमारा शासन वैश्विक स्तर के मानकों का है और हमारा अनुपालन ढांचे मजबूत और गैर-हस्तांतरणीय हैं। कंपनी ने 73 का उच्च सामाजिक स्कोर भी अर्जित किया, जो दिखाता है कि कंपनी कर्मचारियों, ग्राहक सुरक्षा और सामुदायिक कल्याण पहलों के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा उपायों पर भी अपना ध्यान केंद्रित करती है।

## वित्त मंत्री ने लद्दाख में महिला उद्यमियों के साथ की मुलाकात

**झलेह,** 15 जून (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लद्दाख क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और स्थानीय उद्यमियों द्वारा स्थानीय हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की एक प्रदर्शनी का दौरा किया। उन्होंने कारीगरों, महिलाओं के नेतृत्व वाले एसएचजी और स्थानीय उद्यमियों के साथ बातचीत की, जिन्होंने अपने स्टॉल पर पारंपरिक शिल्प और हथकरघा वस्त्र का प्रदर्शन किया। वित्त मंत्री ने कारीगरों की उद्यमशीलता की भावना और रचनात्मकता की सराहना की, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने में सरकार की भूमिका के बारे में बताया। यह पहल महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए केंद्र की समावेशी विकास नीति का हिस्सा है। वित्त मंत्री लद्दाख के चार दिवसीय दौरे पर हैं। वह क्षेत्र में वित्तीय समावेशन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में क्रेडिट की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए एक क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। वित्त मंत्री लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल (एलएएचडीसी) के पार्षदों और लद्दाख प्रशासन के साथ बातचीत करेंगी। वह अपने दौरे के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगी। मोदी सरकार ने प्रमुख डीएवाई-एनआरएलएम गरीबी उन्मूलन योजना के तहत वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 90.76 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में 10.04 करोड़ से अधिक महिलाओं को संगठित करने में सफलता प्राप्त की है।



## सोना इस हफ्ते 1,900 रुपए से अधिक हुआ महंगा

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 1,900 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी का भाव 800 रुपए से अधिक बढ़ गया है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 99,058 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 97,145 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 1,913 रुपए की बढ़त को दर्शाता है।

22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 90,737 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 88,985 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की



■ **चांदी 1.06 लाख रुपए के पार**

कीमत 72,859 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 74,294 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 882 रुपए बढ़कर 1,06,167 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,05,285 रुपए प्रति किलो थी। चांदी अपने उच्चतम स्तर के करीब बनी हुई है। 10 जून को चांदी ने 1,07,000 रुपए प्रति किलो का ऑल-टाइम हाई बनाया था।

## 229 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के राह पर भारत : सोनोवाल

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इस तेज प्रगति का श्रेय पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और भ्रष्टाचार मुक्त शासन को दिया और कहा कि देश विकास में अजेय उछाल का अनुभव कर रहा है।

एनडीए सरकार की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर डिब्रूगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सोनोवाल ने कहा कि भारत पॉलिसी पैरालिसिस और वंशवादी कुशासन के युग से आगे निकल चुका है और अब देश वेलफेयर-आधारित विकास,



युवाओं द्वारा इनोवेशन और रिकॉर्ड-तोड़ इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आए हैं, यह संख्या कई यूरोपीय देशों की जनसंख्या से भी अधिक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का चौथी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनना बस अभी शुरुआत मात्र है। 2029 तक भारत तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि हम विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के लिए एक मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं।

**देश वेलफेयर-आधारित विकास, युवाओं द्वारा इनोवेशन व इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार से आगे बढ़ रहा है : सर्बानंद सोनोवाल**

सोनोवाल ने भारत के तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम पर भी प्रकाश डाला, जो 2014 में 30,000 स्टार्टअप से बढ़कर आज 1 लाख से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि 1.7 करोड़ से अधिक युवा अब देश के स्टार्टअप मूवमेंट का हिस्सा हैं। यह नया भारत है, जो सपने देखने वाले युवाओं और काम करने वालों से भरा हुआ है। पूर्वोत्तर के विकास के बारे में बात करते हुए सोनोवाल ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में इस क्षेत्र में काफी बदलाव आया है।

### सार संक्षेप

### लैरी एलिसन बने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति

**नई दिल्ली।** ओरेकल कॉरपोरेशन के सह-संस्थापक और चेयरमैन लैरी एलिसन अब मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़कर दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। 13 जून को ओरेकल की ओर से उम्मीद से मजबूत आय रिपोर्ट करने के बाद कंपनी के शेयर की कीमत 7 प्रतिशत का मजबूत उछाल देखने को मिला था, जिससे एलिसन की संपत्ति 259 अरब डॉलर के करीब पहुंच गई है। फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, एलिसन की कुल संपत्ति बढ़कर 258.8 बिलियन डॉलर हो गई, जिससे वह दुनिया के अमीरों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, मस्क 41.8 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। अप्रैल 225 में जारी फोर्ब्स की एनुअल बिलेनियर इंडेक्स में एलिसन 192 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर थे।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 696.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 6 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 696.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 691.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 6 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 587.7 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 1.6 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 85.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 1.2 करोड़ डॉलर चढ़कर 18.7 अरब डॉलर हो गया।

### गर्मी के बावजूद एसी की सेल्स ग्रोथ रही फीकी

**नई दिल्ली।** उत्तर और पूर्वी भारत में जून की तपती गर्मी ने रूम एयर-कंडीशनर की बिक्री में तेजी ला दी है। भीषण गर्मी के चलते लोग धड़ल्ले से एसी खरीद रहे हैं। हालांकि, देश के कई हिस्सों में बीच-बीच में हुई बारिश ने एसी कंपनियों के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। इस साल की गर्मी, जो एसी बिक्री का पीक सीजन मानी जाती है, कंपनियों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी नहीं उतरी। पहले 25-3 फीसदी की बिक्री बढ़ोतरी का अनुमान था, लेकिन अब कंपनियां इसे 1-15 फीसदी तक सीमित मान रही हैं। फरवरी और मार्च में गर्मी जल्दी शुरू होने से एसी की बिक्री अच्छी रही। कंपनियों ने इस दौरान जमकर माल स्टॉक भी किया। ब्लू स्टार के मैनेजिंग डायरेक्टर बी. थियागराजन ने कहा कि हमने 25-3 फीसदी ग्रोथ का प्लान बनाया था, लेकिन यह गर्मी निराश करने वाली रही।

## वैश्विक तनाव का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई,** 15 जून (एजेंसियां)। इजरायल और ईरान तनाव को लेकर निवेशकों के सुरक्षित गंतव्य का रुख करने से स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी फ़ेडरल रिज़र्व के नीतिगत निर्णय और मध्य-पश्चिम के भू-राजनीतिक तनाव का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1070.39 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81118.60 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का

■ **सेंसेक्स 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81118.60 अंक रहा**
■ **निफ्टी 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24718.60 अंक पर बंद**

निफ्टी 284.45 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24718.60 अंक पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में कम बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 415.23 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर 45681.28 अंक और स्मॉलकैप 69.97 अंक यानी 0.13 प्रतिशत कमजोर रहकर 53370.29 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार, इस हफ्ते भारतीय शेयर




बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और आखिर में बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

शुरुआत में बाजार में तेजी रही क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर बातचीत में सुधार की उम्मीद थी। लेकिन, इजरायल ने ईरान की परमाणु संयंत्रों पर हमला कर दिया, जिससे दुनिया भर में तनाव बढ़ गया और बाजार की हालत बिगड़ गई। इस वजह से निवेशकों ने सोना और अमेरिकी बॉन्ड जैसी सुरक्षित चीजों में पैसा लगाना शुरू कर दिया। वहीं, कच्चे तेल की कीमतें भी बढ़कर 76 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गईं, क्योंकि आपूर्ति में रुकावट की आशंका फिर से पैदा हो गई है।

स्थानीय स्तर पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई 75 महीने के निचले स्तर पर आ गई है, जो अच्छी खबर है। लेकिन, अगर पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता है, तो तेल की महंगाई फिर से देश में महंगाई बढ़ा सकती है। सेक्टर की बात करें तो ऑटो, रियल एस्टेट और बैंकिंग जैसे सेक्टरों में मुनाफा कमाया गया जबकि आईटी और फार्मा कंपनियों को रुपए की कमजोरी से फायदा हुआ।

अब निवेशकों की नजर अमेरिका के फेडरल रिजर्व की 17-18 जून को होने वाली अगली बैठक पर है। माना जा रहा है कि इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन फेड आगे क्या कदम उठाएगा, उस पर सभी की नजर रहेगी। ऊंची कीमतों और अंतरराष्ट्रीय तनाव के चलते निवेशकों को फिलहाल सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार, और रियल्टी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिनों की तेजी मंगलवार को थम गई। सेंसेक्स 53.49 अंक गिरकर 82,391.72 अंक रह गया वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 25104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर तेल एवं गैस, टेक, आईटी, ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में हुई लिवाली के बल पर बुधवार को सेंसेक्स 123.42 अंक बढ़कर 82515.14 अंक पर और निफ्टी 37.15 अंक उठकर 25141.40 अंक पर रहा।

इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 823.16 अंक का गोता लगाकर 81,691.98 अंक और निफ्टी 253.20 अंक लुढ़ककर 24888.20 अंक पर आ गया।


## भारतीय स्टार्टअप्स ने इस हफ्ते जुटाया 184.75 मिलियन डॉलर का फंड

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। भारतीय स्टार्टअप्स लगातार निवेशकों को आकर्षित करने में कामयाब हो रहे हैं और इस हफ्ते 20 स्टार्टअप्स ने 184.75 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है। इन स्टार्टअप्स में पांच ने विकास-चरण और 14 ने प्रारंभिक-चरण में फंड जुटाया है, जबकि एक स्टार्टअप ने अपने फंडिंग की जानकारी सार्वजनिक नहीं करने का फैसला किया। इस सप्ताह फंडिंग की कैटेगरी में सीड फंडिंग का बोलबाला रहा। अन्य राउंड में सीरीज ए, प्री-सीड, प्री-सीरीज ए और यहां तक कि सीरीज जी जैसे लेट-स्टेज फंडिंग राउंड भी शामिल थे। इस हफ्ते सबसे ज्यादा बेंगलुरु के नौ स्टार्टअप्स ने फंडिंग जुटाई। उसके बाद दिल्ली-एनसीआर के पांच स्टार्टअप्स फंडिंग जुटाने में कामयाब रहे। इसके अलावा मुंबई, कोलकाता और चेन्नई के भी स्टार्टअप ने निवेश हासिल किया। सेक्टर के हिसाब से, फिनटेक स्टार्टअप्स छह फंडिंग डील्स के साथ शीर्ष पर रहे। डीपटेक और ओटीटी सेक्टर में दो-दो डील्स हुई, जबकि एयरोस्पेस, फूडटेक, ई-कॉमर्स और स्पोर्ट्सटेक जैसे अन्य सेक्टर में भी सकारात्मक ट्रेंड देखने को मिला। इस हफ्ते सबसे ज्यादा फंडिंग कुणाल शाह के नेतृत्व वाली फिनटेक यूनिकॉर्न क्रेड ने हासिल की, जिसने लेथ इन्वेस्टमेंट, आरटीपी ग्लोबल, सोफिना वेंचर्स और क्यूईडी इनोवेशन लैब्स सहित निवेशकों से 72 मिलियन डॉलर जुटाए। वहीं, एमएसएमई पर केंद्रित एक फिनटेक प्लेटफॉर्म फ्लेक्सीलोन्स ने भी अपने सीरीज सी राउंड में 44 मिलियन डॉलर जुटाए।




## खाद्य तेल सस्ते, अधिकांश दालें महंगी व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल 1620 रुपए प्रति क्विंटल तक सस्ते हो गए जबकि मांग निकालने से अधिकांश दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 18 रिंगिट चढ़कर 3927 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.2 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 48.35 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान सरसों तेल में 182 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य सभी खाद्य तेलों के भाव गिर गए। मूंगफली तेल 330 रुपए, सूरजमुखी तेल 512 रुपए, सोया रिफाइंड 365 रुपए, पाम ऑयल 1629 रुपए और वनस्पति तेल 1318 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 16666 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17582 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 15604 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 13773 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 12666 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 14433 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अधिकांश दालों के भाव गिर गए। मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 100 और उड़द दाल 100 दाल रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चना, दाल चना और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रही।

## आय वृद्धि में लार्जकैप ने स्मॉलकैप व मिडकैप कंपनियों से किया बेहतर प्रदर्शन : रिपोर्ट

**मुंबई,** 15 जून (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में लार्जकैप कंपनियों की आय वृद्धि दर स्मॉलकैप और मिडकैप कंपनियों की अपेक्षा बेहतर रही है। एक ब्रोकरेज फर्म की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 270 कंपनियों के विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई इक्विरस सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में बताया गया कि वैश्विक उतार-चढ़ाव के माहौल में लार्जकैप कंपनियों का प्रदर्शन मजबूत रहा है और आय एवं मुनाफा दोनों उम्मीद से अच्छे रहे हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि इक्विरस द्वारा ट्रैक किए गए कंपनियों के समूह का ईबीआईटीडीए और आय, विश्लेषकों के अनुमान से क्रमशः 4 प्रतिशत और 5 प्रतिशत अधिक रही। रिपोर्ट के अनुसार कंपनियों के ईबीआईटीडीए में 6 प्रतिशत और आय में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि आय वृद्धि उम्मीदों के अनुरूप रही, जो पिछले वर्ष की




इसी तिमाही की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक थी। इक्विरस सिक्योरिटीज के मुताबिक, लार्जकैप कंपनियों की आय वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, इस अवधि में मिडकैप कंपनियों की आय में 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और स्मॉलकैप कंपनियों की आय में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

रिपोर्ट में बताया गया कि अगर ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) को हटा दिया जाए तो वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में

■ **वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में रिटेल, फार्मा, कैपिटल गुड्स व कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का रहा अच्छा प्रदर्शन**

बाकी सेक्टर की कंपनियों के ईबीआईटीडीए और आय में क्रमशः 5 और 3 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

वहीं, अगर बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) को हटा दिया जाए तो वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में बाकी कंपनियों में ईबीआईटीडीए और आय में क्रमशः 7 और 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में रिटेल, फार्मा, कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का प्रदर्शन अच्छा रहा। हालांकि, एफएमसीजी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, आईटी और ऑटो सेक्टर्स की वृद्धि दर चौथी तिमाही में कमजोर रही है।

# तोखन साहू और अरुण साव ने 39 करोड़ से अधिक के कार्यों का किया भूमिपूजन

## उप मुख्यमंत्री साव ने अतिरिक्त 10 करोड़ रुपए देने की घोषणा की, बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए मिली बड़ी सौगात






**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने आज सरकंडा खेल परिसर में आयोजित समारोह में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 39 करोड़ 04 लाख रुपए से अधिक लागत के 20 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इन कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि अतिरिक्त देने की भी घोषणा की। इनमें इन प्रमुख रूप से कोनी मंगला में 24 करोड़ 27 लाख की लागत से लोधीपारा सरकंडा कोनी मार्ग के अरपा नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य और पौंसरा में पांच करोड़ 18 लाख की लागत से सेलर पौंसरा मार्ग में खारुन नदी पर उच्च स्तरीय पुल, सामुदायिक भवन सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल है। समारोह की अध्यक्षता स्थानीय विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने की।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर एक गारंटी को पूरा करने के लिए वचनबद्ध है। हमारी सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में लोगों की बेहतरी के लिए लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे लोगों का जीवन स्तर तेजी से सुधर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब के मकान का सपना साकार किया है। किसानों को सम्मान दिया। आयुष्मान कार्ड के जरिए लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिली है। ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

- **डबल इंजन की सरकार में लोगों का हो रहा सर्वांगीण विकास-केंद्रीय राज्यमंत्री**
- **सभी वर्ग का हो रहा विकास, यही है विष्णु का सुशासन-उप मुयमंत्री**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर काम साय साय गति से पूर्ण हो रहे हैं। यह विष्णु का ही सुशासन है कि जनता को लगातार विकास कार्यों की सौगात दी जा रही है। सबका विकास हो रहा है यही तो विष्णु का सुशासन है। महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार रुपए हर महीना दे रहे हैं। महिलाएं सोची भी नहीं थी की राशि मिलेगी, लेकिन उनका सपना हमारी सरकार ने पूरा किया। एक तरफ जहां मोदी जी मुफ्त में चावल लोगों को दे रहे हैं वहीं विष्णु देव साय की सरकार महिलाओं को नगद सहायता कर रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी सेना ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यो ने रफ्तार पकड़ी है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया और विष्णु देव साय की सरकार इसे विकसित स्वरूप में गढ़ने का काम कर रही है। राज्य में गांव गरीबों किसानों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र तेज गति से विकास कर रहा है। यह ऐतिहासिक अवसर है जब करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिली है।

विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन के संकल्प की प्रतिपूर्ति कैसी होती है यह राज्य में हुए विकास कार्यों को देखकर पता चलता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग का समान विकास हो रहा है। बेलतरा विधान सभा क्षेत्र में भी विकास की धारा बह रही है। यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी। हमारी सरकार की कथनी और करनी एक है। मोदी की गारंटी के रूप में हमने जो वादा किया था उसे पूरा किया है। उन्होंने सहयोग के लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, नगर निगम के सभापति विनोद सोनी, जनपद पंचायत बिल्हा के अध्यक्ष राम कुमार कौशिक, कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, श्री दीपक सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सौरभ सक्सेना और मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा ने किया।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

### कलेक्टर ने कंचनपुर में किया प्रथम शिविर का शुभारंभ

### योजनाओं से वंचित आदिवासियों को मौके पर ही मिला फायदा

**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत पखवाड़े भर चलने वाले शिविर का सिलसिला आज से शुरू हो गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कोटा विकासखंड के आदिवासी बहुल ग्राम कंचनपुर में इसका शुभारंभ किया। उन्होंने केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित इस तरह के शिविर आयोजन के उद्देश्य बताए। उन्होंने कहा कि आदिवासी लोगों में जागरूकता और क्षेत्र में संचालित हर तरह की योजनाओं में सैचुरेशन हासिल करना उद्देश्य है। सैचुरेशन का आशय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए एक भी हितग्राही बचे नहीं होने चाहिए। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कलेक्टर ने शिविर में लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। अधिकारियों को परिणाम मूलक कार्य करने के निर्देश दिए। विभिन्न कामों को लेकर पहुंचे हितग्राहियों से चर्चा कर उन्हें योजनाओं की जानकारी दी। शाला प्रवेश अभियान में 16 जून से अपने बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह किया।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान (छ्ठ-छ्वत्र) का शुभारंभ 02 अक्टूबर 2024 को किया गया है। इस अभियान की संकल्पना जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अभिसरण मॉडल पर 17 भागीदार मंत्रालयों के 25 योजनाओं मिलाकर लागू किया गया है। जिसमें आवास, पक्की सड़के, समग्र शिक्षा, जल जीवन मिशन, मोबाईल मेडिकल यूनिट, पीएम जन आरोग्य योजना, आंगनबाड़ी केन्द्र, अविद्युतिकृत घरों में विद्युतिकरण, सोलर लाईट, एलपीजी कनेक्शन, पोषण वाटिका, कौशल विकास, डिजिटल एक्टिविटी, मछली पालन, पशुपालन, होम स्टे, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम, एफ.आर.ए. मैनेजमेंट,




के साथ साथ आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र, के.सी.सी. एवं अन्य हितग्राही मुल्क योजनाओं को शामिल किया गया है। इन सभी योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा गया। इस अवसर पर। सरपंच श्रीमती प्रेमलता अरविंद, जनपद सदस्य श्रीमती केलावती ध्रुव, एसडीएम नितिन तिवारी, सहायक आयुक्त आकांक्षा तिवारी, तहसीलदार शिल्पा भगत, पशुचिकित्सा विभाग के उप संचालक डॉ रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में आसपास के गांवों से आए लोग उपस्थित थे।

# अग्रवाल सभा की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया अहम निर्णय

**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। अग्रवाल सभा की प्रथम कार्यकारिणी बैठक रविवार अग्रसेन भवन जूनी लाइन में आयोजित की गई, बैठक में सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण पूजा अर्चना की गई,

कार्यकारिणी बैठक में सर्वप्रथम अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल 1 ने सभी समिति वरिष्ठ मार्गदर्शन संरक्षक को बधाई देते हुए आगामी अग्रसेन जयंती मनाने हेतु सभी समिति, अग्रसेन जयंती समिति सभी से सहयोग के साथ बिलासपुर अग्रवाल समाज गरिमापूर्ण कार्यक्रम सामाजिकता का परिचायक ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया।




22 सितंबर अग्रसेन जयंती के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल जी को आमंत्रित किया गया है, अन्य विशिष्ट अतिथियों के नामो पर बैठक में सामाजिक सुझाव भी लिए गए,

सचिव सुनील सोंथलीया ने समस्त उप समिति की नवीन कार्यकारिणी एवं अध्यक्षों को नियुक्ति के उपरांत अपने उप समिति के द्वारा संचालित कार्य एवं उनके आगामी कार्यों पर जानकारी अग्रवाल समाज के कार्यकारिणी बैठक में सभी के समक्ष रखना निवेदन किया,

सर्वप्रथम अग्रोहा भवन छात्रावास इमलीपारा क समिति अध्यक्ष सुनील सुल्तानिया के द्वारा, शिक्षण समिति स्कूल संचालन महेश गुप्ता के द्वारा, अग्रवाल सेवा समिति भारतीय नगर मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार संचालन के विषय पर सीए आनंद अग्रवाल के द्वारा महिला समिति के कार्य एवं आगामी जयंती पर उनके कार्यक्रम के विषय में श्रीमती रंजना अग्रवाल के द्वारा, जयंती समारोह के अध्यक्ष चतुर्भुज अग्रवाल जी के द्वारा अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के द्वारा आगामी कार्यक्रमों के संचालन के बारे में जानकारी साथ ही मोहल्ला बैठक की तैयारी के विषय में, अग्रसेन जनकल्याण ट्रस्ट रायपुर रोड में अग्रवाल समाज का सामाजिक भवन बन रहा है उसके पूर्ण होने की जानकारी सीए सुरेंद्र अग्रवाल जी के द्वारा सभी समितियां ने भावी योजना एवं विस्तार अग्रवाल सभा को जानकारी देकर बताया, समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक मंगतराम अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल जी किशन बुधिया, रामावतार अग्रवाल, भी अपने सुझाव अग्रवाल सभा में रखें, कार्यकारिणी की बैठक का संचालन सुनील सोंथालिया आभार प्रदर्शन सीए ओम मोदी के द्वारा किया गया, बैठक की जानकारी मीडिया प्रभारी मनीष अग्रवाल ने दिया, बैठक में मुख्य रूप से शिवकुमार अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल, मंगतराम अग्रवाल, हरीश केडिया, राम अवतार अग्रवाल, किशन बुधिया परसराम अग्रवाल, जगदीश केडिया, अक्षय अग्रवाल, सीए सुरेश गोयल सीए सुरेंद्र अग्रवाल, अनिल अग्रवाल अंकुर अग्रवाल, सुनील सुल्तानिया, महेश गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, दीपक मोदी संदीप अग्रवाल, उमेश मुरारका, राजकुमार अग्रवाल, मुकेश महल वाला भोलाराम मित्तल, बृजमोहन अग्रवाल, विनोद मित्तल, नित्यानंद अग्रवाल, सतीश शाह, बिहारी जालान, अजय अग्रवाल, राजू सुल्तानिया, विमल केडिया, सुरेश सिंघल, राजेश अग्रवाल, जय प्रकाश मित्तल, सुनील जाजोदिया, लक्ष्मीकांत बजाज, डॉक्टर गिरधारी अग्रवाल, अभिषेक सोंथालिया, अमित लोहिया, विवेक मित्तल, चंचल अग्रवाल, सीए आनंद अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, हेमंत मोदी, विकास गोयल, विपिन जिंदल, विवेक अग्रवाल, सीए अंशुमन जाजोदिया, वैभव मोदी, नितिन बेरीवाल, मोहित अग्रवाल, राजकुमार केडिया, कन्हैया मुरारका, पीयूष गोयल, दीपक गोयल, विकास केजरीवाल, श्रीमती रंजना अग्रवाल, श्रीमती वंदना जाजोदिया, श्रीमती सीमा अग्रवाल, श्रीमती रेखा गोयल, श्रीमती तान्या जाजोदिया, श्रीमती निशा मोदी, श्रीमती खुशबू बुधिंया सहित अग्रवाल समाज के बंधु उपस्थित हुए।

# कलेक्टर ने किया आदिवासी बहुल्य ग्रामों का सघन दौरा

## पीएम जनमन योजना के हितग्राही चंदन बैगा के आवास का किया अवलोकन

### बिहान दीदियों के साथ गोठान में किया पौधारोपण

### बिछी खोंधरा जलाशय का किया निरीक्षण



**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कोटा विकासखंड के कई सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल गांवों का सघन दौरा किया। उन्होंने इस दौरान पीएम जनमन योजना के हितग्राही बैगा आदिवासी परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने उनके नए बने पीएम जनमन आवास का मुआयना भी किया। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल भी इस अवसर पर साथ थे। कलेक्टर ने आज रिंगवार, पीपरपारा, बाँसाझाल, कंचनपुर, आदि ग्रामों का दौरा किया। उन्होंने बाँसाझाल में चंदन बैगा, चंद्रभान और झंगलू बैगा के घर पहुंचे। हाल ही में उन्होंने नए बने पीएम जनमन आवास में गृह प्रवेश किया है। चंदन बैगा ने कलेक्टर को बताया कि इसके पहले मिट्टी की झोपड़ीनुमा मकान में रहते थे। हम तीनों भाइयों के लिए अलग अलग मकान मोदी सरकार ने दिए हैं। उन्हें सरकार की अन्य योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है। कलेक्टर ने उनसे आत्मीय चर्चा की और बच्चों को कल 16 जून से खुल रहे स्कूल में भेजने का आग्रह किया। पीपरपारा में भी उन्होंने अनिता अगरिया के नए पीएम आवास का अवलोकन किया। श्री अग्रवाल ने पीपरपारा की बिहान महिला समूहों को भेंट दी। उनकी गतिविधि की जानकारी ली। फिलहाल महिलाएं गांव में कचरा प्रबंधन के काम में लगी हुई है। उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए जिला पंचायत सीईओ को अन्य कोई कारोबार से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने इस गांव में जल संरक्षण के लिए स्थल निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग की बिछी खोंधरा जलाशय भी देखा। जलाशय में बूंद भर भी पानी नहीं है। उन्होंने इसमें पानी भरे रहे, ऐसे कोई उपाय के बारे में ग्रामीणों से चर्चा किया। कलेक्टर ने इसके आगे कंचनपुर के गोठान में बिहान दीदियों के साथ वृक्षारोपण किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गोठान में लगभग 2 हजार पौधे लगाने की तैयारी कर ली गई है। कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने आम के पौधे लगाए। और पूरे परिसर को देखरेख के लिए बिहान दीदियों को सौंप दिए। भविष्य में इन पेड़ों से मिलने वाले लाभ के हकदार भी ये महिलाएं होंगी। एसडीएम नितिन तिवारी, उप संचालक वेटेरिनरी डॉक्टर रघुवंशी, तहसीलदार भगत, एपीओ प्रवीण लथारे सहित बिहान की दीदियां और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में 45 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन

### डीआरएम खोईवाल व सेक्रो अध्यक्षा भगवती खोईवाल ने किया फुटबॉल स्मारक का अनावरण एवं प्रशिक्षक व प्रशिक्षणार्थियों का सम्मान

**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट, बिलासपुर द्वारा आयोजित 45 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का रंगारंग समापन समारोह संस्थान के ऑडिटोरियम में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस शिविर में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कुल 16 विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें 550 से अधिक बच्चों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।




समारोह के मुख्य अतिथि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो), बिलासपुर मंडल की अध्यक्षा श्रीमती भगवती खोईवाल उपस्थित रहीं। साथ ही वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. अंशुमान मिश्रा, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता गिरिजाशंकर, श्रीमती मोनिका देवांगन एवं श्रीमती संध्या सोनी विशिष्ट अतिथियों के रूप में मंचासीन रहे।

समापन समारोह के पूर्व संस्थान परिसर में स्थापित फुटबॉल स्मारक का अनावरण मंडल रेल प्रबंधक श्री खोईवाल द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में फुटबॉल प्रेमियों की उपस्थिति इस आयोजन की भव्यता का प्रतीक रही।

शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय रहे। उल्लेखनीय प्रस्तुतियों में कुमारी एम. अवंतिका राव का सेक्सो वादन, सतीश कुमार धीमर का बाँसुरी वादन, नवीन बोहरा एवं टीम का भक्तिगीत, अर्पिता दत्ता का शिदिमिक योगा प्रदर्शन, जया मानिकपुरी के निर्देशन में प्रस्तुत अर्धशास्त्रीय नृत्य, एवं रूपेश समुद्रे के निर्देशन में वेस्टर्न डांस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर श्री खोईवाल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा विभिन्न विधाओं के प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मानित प्रशिक्षकों में श्रीमती अर्पिता सरकार (स्पोकन इंग्लिश), श्रीमती रेणुका बघेल (अबाकस), कुमारी प्रिया धीमर (ड्राइंग व पेंटिंग), घनश्याम (मार्शल आर्ट), सुधीर फ्रांसिस व अभिषेक हलदर (शतरंज), लोकेश सोनकर (टेबल टेनिस), आनंद कुमार व विकास यादव (व्हॉलीबॉल), कुमारी प्रिया शर्मा, शांति खाखा, विद्या वेनिला, सोनू यादव (बास्केटबॉल), एण्डमंड सतूर, पार्था डे, संतोष कुमार, सांनद वस्त्रकार, मुकेश कुमार, रंजन सिंघा, ई. कोंडल राव व संदीप कुमार (फुटबॉल), श्रीमती जया मानिकपुरी (क्लासिकल डांस), रूपेश समुद्रे (वेस्टर्न डांस), सेवक सिंह परमार (गिटार), एम. अवंतिका राव (केसियो), नवीन बोदरा (कराओके सिंगिंग), व अर्पिता दत्ता (एडवांस योगा) सम्मिलित हैं।

प्रशिक्षणार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु श्री राजमल खोईवाल द्वारा 25,000/- की पुरस्कार राशि की घोषणा की गई, वहीं सेक्रो अध्यक्षा श्रीमती भगवती खोईवाल ने भी 25,000/- की उपहार राशि प्रदान की।

कार्यक्रम की सफलता में संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष रंजन कुमार रूखियार के मार्गदर्शन, सचिव सी. नवीन कुमार के नेतृत्व तथा कार्यकारिणी सदस्यों संजय कुमार तिवारी, हेमंत सिंह परिहार, बी. अनिल कुमार, दीपक सुब्बा, अमरनाथ सिंह, डी. मुरलीधर, दीपक राजा गुरूंग, श्रीकांत पाढ़ी, सम्मुख राव व श्रीराम यादव की भूमिका उल्लेखनीय रही। अंत में सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन व अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर समारोह का समापन हुआ।

# चांपा स्टेशन में एंबुश टिकट चेकिंग अभियान

### 192 मामलों में 73,270 जुर्माने की वसूली

**बिलासपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत चांपा रेलवे स्टेशन में आज एक विशेष टिकट जांच अभियान (एंबुश चेकिंग) का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवा) कौशिक मित्रा द्वारा किया गया।



अभियान के दौरान कुल 192 मामलों में अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे कुल 73,270/- की जुर्माना राशि वसूल की गई। यह कार्रवाई यात्रियों में टिकटिंग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और रेलवे राजस्व हानि की रोकथाम हेतु की गई।

इस अभियान में कुल 15 वाणिज्यिक स्टाफ के साथ-साथ 2 आरपीएफ तथा 2 आरपीएसएफ जवानों की सक्रिय भागीदारी रही। टीम ने प्रभावी समन्वय और सतर्कता के साथ प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में जांच कार्य को अंजाम दिया।

रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा से पूर्व उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। बिना टिकट यात्रा एक सामाजिक बुराई है, जो न केवल कानून के उल्लंघन का कारण बनती है बल्कि इससे रेलवे को राजस्व की हानि भी होती है।

ऐसे विशेष अभियान समय-समय पर भविष्य में भी जारी रहेंगे, जिससे यात्रियों में टिकटिंग के प्रति अनुशासन बना रहे एवं रेलवे सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो।

**NECC**

| 16.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 505 | 83 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 520 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771